Shri Madhu Limaye : There can not be two opinions about it that the appointment of judges should be on the basis of merit only and the sanctity and impartiality of the Courts should be upheld. All efforts should be made in this direction. But I want to draw the attetion of the hon. Minister to a judgement given by Calcutta High Court, in which the Raja of Ramgarh was a party. The judgement reads, "The posting of a Minister vis-a-vis the State re-umbles the position of a trustee.....It is clear from the record that he used his power and authority in the withdrawal to further his own interest in the appeal... In our opinion, the application for the withdrwal was in substance, an application by the Raja Bahadur, one of the respondents in the interest of himself and other contesting respondents."

This judgement of the Calcutta High Court had been upheld by the Suprem Court by eight judges. Article 144 says, "All authorities Civil and judicial should act in the aid of the Supreme Court "

Now the Raja of Ramgarh is going to be the Chief Minister of Bihar. So I want to know how the sanctity of High Court will be upheld.

अध्यक्ष महोदय : बहुत अच्छा ।

Shri Madhu Limaye : The hon. Minister is not replying to my question. I have quoted Article 144 which says, "All authorities Civil and judicial shall act in aid of the Supreme Court". The Chief Minister of Bihar and the Central Home Minister are also authorities.

श्री शिवाजी राव शं० देशमुख : इसमें कोई सन्देह नहीं कि हमारे प्रजातन्त्र के लिये एक स्वतंत्र न्यायपालिका का होना परमावश्यक है । परन्तु न्यायपालिका की स्वतन्त्रता को बनाये

रखने के लिये राजनीतिक प्रशासन ने 'मुझे न छोड़िये' का जो रवैया अपनाया है, वह सही नहीं है। वर्तमान गृह कार्य मंत्री के जब वह महाराष्ट्र के मुख्य मंत्री थे काफी आलोचना का सामना करना पड़ा था। क्योंकि बम्बई उच्च न्यायालय में मराठावाड़ से एक भी न्यायाधीश नहीं था तथा इस मामले में उन्हें अपनी असमर्थता प्रकट करनी पड़ी थी। क्या इस तथ्य से कि बम्बई उच्च न्यायालय में सौ वर्षों तक एक भी मराठा न्यायाधीश नहीं था इस बात का संकेत नहीं मिलता कि न्यायाधीशों की नियुक्ति के वर्तमान तरीको जिसमें नियुक्ति केवल योग्यता के आधार पर होती है जारी रखा जाये अथवा इसके स्थान पर अमरीकी पद्धति अपनाई जाये ? अमरीका के उच्चतम न्यायालय ने एक निर्णय दिया था जो कि अमरीकी समाज की तत्कालीन विचारधारा के अनुकूल नहीं था तो उस समय अमरीका के राष्ट्रपति ने कहा था कि वे उच्चतम न्यायालय का विस्तार करेंगे तथा और न्यायाधीशों की नियुक्ति करेंगे, जो कि वर्तमान परिस्थितियों तथा सामाजिक आवश्यकताओं को समझ सकें।

श्री यशवन्त राव चव्हाण : इस प्रश्न का मैं क्या उतर दे सकता हूं ?

श्री लोबो प्रभु : प्रजातन्त्र के अवतार मौंटिस्कूयू ने कहा था कि कार्यपालिका, विधायिनी तथा न्यायपालिका को एक दूसरे से स्वतन्त्र होना चाहिये। परन्तु सविधान के अनुसार हमारी वर्तमान सरकार का जो स्वरुप है उसमें विधायिनी और कार्यपालिका एक दूसरे से जुड़ी हुई है। गृह मत्री ने जिस प्रक्रिया का उल्लेख किया है उसके अन्तर्गत न्यायपालिका भी कार्यपालिका से जुड़ी हुई है तथा यह तथ्य न केवल विधि आयोग अपितु उन सब व्यक्तियों को मालूम है जिन्होंने इस मामले का अध्ययन किया है कि यह प्रक्रिया विफल रही है। मैं स्वयं गृह सचिव था तथा मुझे ज्ञात है कि कुछ नियुक्तियां किस प्रकार की जाती हैं। अतः मैं माननीय मत्री से जानना चाहता हूं कि क्या वह संविधान में संशोधन करने पर विचार करेंगे ? दूसरे यदि वह संविधान में संशोधन नहीं करना चाहते, तो क्या न्यायाधीशों की नियुक्ति के बारे में कोई मानदण्ड निर्धारित करेंगे ताकि जनता के मन में जो यह सन्देह पैदा हो रहा है कि न्यायाधीशों की नियुक्तियां योग्यता के आधार के अतिरिक्त अन्य आधार पर की जाती है, उसे दूर किया जा सके। क्योंकि न्यायपालिका इस प्रजातन्त्र की एक मात्र रक्षक है और इसके विफल होने पर प्रजातन्त्र विफल हो जायेगा ?

श्री यशवन्त राव चव्हाण : माननीय सदस्य के प्रश्न का मैं पहले ही उनर दे चुका हूं। सविधान में सशोधन करने का सरकार का कोई विचार नहीं है। मैं समझता हूँ कि न्यायाधीशों की नियुक्ति में सरकार का भी कुछ हाथ होना चाहिये। यह कहना गलत है कि न्यायाधीशों की नियुक्ति में सरकार का कोई हाथ नहीं होना चाहिये। मैं इस मत से सहमत नहीं हूं।

Shri Sheo Narain : Mr. Speaker, there are definite rules for the selection of Judges. The Governor recommends in consultation with the Chief Minister and thereafter appointment is made by the President. These are three concerned authorities according to our Constitution. Do you think that the appointment of judges should be made in consultation with peons, kuronis and kumahars and whesover he may be ? Public Service Commission is considered as the highest authority in our country, but it is lower than the judiciary. We have given highest place to the judges. I want to know from the hon. Minister whether by bringing a new formula, he is ready to amend the Constitution ?

श्री यशवन्त राव चव्हाण : ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है ।

Shri Ram Charan : Mr. Speaker, the executive has been corrupted, the Administration has been corrupted and it is only judiciary, where one can get justice. But during the last few years the Judges have been appointed for giving political asylum. Certain persons are appointed as judges ighoring the fact, that they do not have even one day's experience of High Court in their credit. Therefore, I want to know from the hon. Minister whether he would modify the Law Commission in such a way as while appointing the judges of High Court the qualification and the experience of the persons likely to be appointed should be well considered ?

श्री यशवन्त राव चव्हाण : माननीय सदस्य ने स्वयं ही यह स्वीकार किया है कि हमारी वर्तमान न्यायापालिका में सत्यनिष्ठा है, इससे जो शिकायत वह कर रहें हैं वह समाप्त हो जाती है । अत: न्यायाधीशों की नियुक्ति के वर्तमान ढंग को बदलने की आवश्यकता नहीं है ।

श्री चिन्तामणि पाणिग्रही : क्या मन्त्री महोदय को इस की सूचना मिल गई है कि सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में 'केन्डू लीवर आर्डर' के सम्बन्ध में वर्तमान उड़ीसा सरकार के विरुद्ध गम्भीर आलोचना की थी ? राज्य के राजकोष में एक करोड़ रुपये के राजस्व की हानि हुई थी ।

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न न्यायाधीशों की नियुक्ति से सम्बन्धित है । आप प्रश्न पूछना चाहते है अथवा श्री मधुलिमये के प्रश्न का उत्तर देना चाहते हैं ? आप यह अलग से कर सकते हैं ।

Shri Madu Limaye : Who would like to became a judge when such a atmosphere prevails ?

श्री चिन्तामणि पाणिग्रही : आप ही ने प्रथा चलाई है, आपने अपने मुख्य मन्त्री पद से त्याग पत्र दे दिया । उस आलोचना के सुनने के बाद भी उड़ीसा सरकार का क्या एक दिन को भी बने रहना उचित होगा ?

श्री श्रीचंद गोयल : माननीय मन्त्री महोदय ने श्री त्यागी के प्रश्न के उत्तर में स्वीकार किया था कि गृह-कार्य मन्त्री द्वारा नियुक्त किये गये विधि आयोग ने न्यायाधीशों की नियुक्ति के विवरण में टिप्पणी की है कि उनकी नियुक्ति में गुण व गुणों के अतिरिक्त चीजों को ध्यान में रक्खा गया है । मैं भी मन्त्री महोदय को यह सूचित करना चाहता हूं कि बहुतसी बारों के चोटी के एड़वोकेटों की उपेक्षा कर दी जाती है तथा अन्यों को नियुक्त कर दिया जाता है । कौन व्यक्ति चोटी के एड़वोकेट हैं, यह जानने के लिए क्या उनकी 5 या 10 वर्ष की आय कर विवरणों को कसौटी मानने पर विचार किया जायेगा जिसमें कि गलत व्यक्तियों को न चुन लिया जाये । गुणावगुण विचारों का विषय है । अत: मेरा सुझाव है कि न्यायाधीश नियुक्त किये जाने वाले व्यक्तियों की पारस्पिक योग्यता को परखने के लिए कोई कसौटी अवश्य होनी चाहिये ।

श्री यशवन्त राव चव्हाण : माननीय सदस्य ने आय-कर विवरणियों का प्रश्न उठाया है। किन्तु मेरा व्यक्तिगत अनुभव है कि चोटी के एडवोकेट उच्च न्यायालय के न्यायाधीश बनने में इच्छुक नहीं होते। व्यवसायी की व्यक्तिगत आय ही केवल नहीं देखी जा सकती। सम्भवतः इस कार्य के लिए केवल इसी कसोटी को स्वीकार नहीं किया जा सकता। न्यायिक प्रकृति तथा वस्तुनिष्ठता आदि कुछ ओर भी बातें हैं जिनको देखना पड़ता है। यह सम्भव है कि एक व्यक्ति अच्छा वकील हो किन्तु आवश्यक नहीं कि वह अच्छा न्यायाधीश भी हो। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अपनी सिफारिश देते समय इन सभी बातों को ध्यान में रखते हैं। गृह-कार्य मन्त्री रहने से मेरा यह अनुभव है कि उच्चन्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की सिफारिशों से हमारा मतभेद बहुत ही कम हुआ है।

Shri Randhir Singh : Mr. Speaker, Sir, what troubles me much is that there one-thousands rather lakhs of case kept pending in the different High Courts of the country and as compared to these pending cases the number of judges appointed in these High Courts is considerably inadequate. When a case is filed in the Courts it comes for hearing not before than six or seven or even ten years. Therefore, I would like to request the hon. Minister that in view of arrears would be consider to increase the number of ju ges in the High Courts ?

The problem of pending cases is closely connected with the question of the appointment of judges. The strength fixed by them is too low. Since the litigantis are generally villagers it becomes a matter of grave inconvenience to them. I am not talking in a humorous manner but it is a serious problem for me. Therefore, I want to khow from the hon. Minister that realising the difficulties of the villagers is there any scheme under consideration of the Government to increase the number of judges ?

श्री यशवंत राव चव्हाण : उच्चन्यालयों में बकाया मामलों की समस्या बहुत पुरानी है। मुख्य न्यायाधीशों की समय समय पर होने वाली कान्फ्रेंस में यह विचार किया गया है कि वे इस मामले में बहुत से उपाय कर रहे हैं तथा उनमें यह भी सम्मिलित है कि जहां आवश्यक और सम्भव हो, न्यायाधीशों की संख्या में वृद्धि की जाये। किन्तु उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की वृद्धि से ही यह समस्या हल नहीं होगी।

Shri Raghuvir Singh Shastri : The nain object of the question is that there should be no political consideration involved in the appointment of judges, so far as the Government is concerned, it is an admitted fact, he is a non-political figure but we are bound to say that Chief Minister is a political figure and the panel which will be submitted by him cannot be said one which is not vitiated with the partiality and the political considerations.

श्री यशवंत राव चव्हाण : मैंने इस का उत्तर दे दिया है।

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न संख्या 337 दिनाक 18 के लिए स्थानान्तरण कर दिया गया है। अगला प्रश्न 388।

गुजरात में राष्ट्रीय राजपथों का विकास

388. श्री नरेन्द्र सिंह महोड़ा : क्या नौवहन तथा परिवहन मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात में तथा समूचे भारत में राष्ट्रीय राजपथों के विकास पर प्रति वर्ष कितनी राशि व्यय की जाती है ;

(ख) क्या यह सच है कि समूचे भारत में व्यय होने वाली कुल राशि का केवल 1 से ढाई प्रतिशत गुजरात में व्यय किया जाता है ; और

(ग) यदि हां, तो उसके क्या कारण है ?

संसद कार्य विभाग तथा नौवहन तथा परिवहन मंत्रालय में उप मन्त्री (श्री इकबाल सिंह) : (क) से (ग): नीचे दी गई सारणी में सारे भारत के राष्ट्रीय मुख्य मार्गों तथा गुजरात राज्य में पड़ने वाले राष्ट्रीय मुख्य मार्गों पर के व्यय के बारे में अपेक्षित सूचना दी जा रही है—

वर्ष	सारे भारत में राष्ट्रीय मुख्य मार्गों पर खर्च की गई राशि (रुपये लाखों में)	गुजरात राज्य में पड़ने वाले राष्ट्रीय मुख्य मार्गों पर खर्च की गई राशि (रुपये लाखों में)	कुल व्यय का प्रतिशत
1960–61	1001.43	81.49	8.14
1961–62	971.83	78.46	8.07
1962–63	1743.85	131.87	7.56
1963–64	3508.09	97.44	2.78
1964–65	3215.41	69.00	2 15
1965–66	2918.90	114.99	3.94
1966–67	2109.82	83.20	3.94
1967–68	1506.81	51.74	3.43

उक्त सारणी से ज्ञात होगा कि गुजरात राज्य में पड़ने वाले राष्ट्रीय मुख्यमार्गों का व्यय सारे देश में किये गये व्यय के 0.5 से 2.5 प्रतिशत नहीं है परन्तु वास्तव में वह उसका 2.15 से 8.14 प्रतिशत है ।

श्री नरेन्द्र सिंह महीड़ा : विवरण से ज्ञात होता है कि गुजरात राज्य में पड़ने वाले मार्गों पर किये गये व्यय की प्रतिशतता वर्ष 1960–61 में 8.14 से घटकर वर्ष 1967–68 में 3.43 रह गई । क्या मैं जान सकता हूं कि नागपुर योजना की सिफारिशों के अनुसार गुजरात राज्य ने राष्ट्रीय राजपथों को त्वरित गति से बना रहा है ?

श्री इकबाल सिंह : यह सही है कि विवरण के अनुसार तो आंकड़े 8 प्रतिशत से घट कर 3 प्रतिशत तक रह गए हैं। जहां तक राज्यों को अनुदान का सम्बन्ध है,, एक से उनकी मरम्मत

और देखरेख होती है। दूसरे प्रकार के अनुदान से सड़कें चौड़ी की जाती है। यह अनुदान सड़कों की दशा को देख कर दिया जाता है। यह प्रत्येक वर्ष घटता बढ़ता रहता है, एक वर्ष बढ़ जाता है तो दूसरे वर्ष घट जात है। यह आवश्यकता के अनुसार दिया जाता है। नागपुर योजना मुख्यः तया मकान बनाने के लिये, देहाती सड़कों और दूसरी चीजों के लिए है। इसका सम्बन्ध राज्यों से अधिक है जहां तक राष्ट्रीय राजपथों के प्रश्न का सम्बन्ध है हम इस पर ध्यान दे रहे हैं।

श्री नरेन्द्र सिंह महीड़ा : इतनी अधिक धन राशि के खर्च होने के बावजूद मैं यह जानना चाहता हूं कि गुजरात राज्य में सड़कों की बुरी दशा के लिए कौन उत्तरदायी है। राज्य सरकार अथवा केन्द्रीय सरकार ? बम्बई बड़ौदा और अहमदाबाद के बीच की सड़कों जहां यातायात बहुत चलता है, बुरी दशा है।

श्री इकबाल सिंह : जो कुछ मैं कह सकता हूं वह यह है कि हम उल्लिखित स्थिति के अनुसार ही अनुदान देते हैं। जहां तक राष्ट्रीय राजपथों का सम्बन्ध है हम उनकी देखभाल करने वाली राज्य सरकारों को अनुदान देते हैं।

श्री रा० की० अमीन : क्या मैं जान सकता हूं कि क्या गुजरात राज्य ने गुजरात में राष्ट्रीय समुद्र तटीय राजपथ के निर्माण की योजना की है ? नागपुर योजना के अनुसार गुजरात राज्य में इस कमी को देखते हुए तथा इस नई 1961–1981 बीस वर्षीय योजना के अन्तर्गत गुजरात राज्य अपने उल्लिखित लक्ष्य से नीचे है तथा देश के इस क्षेत्र के आर्थिक विकास के महत्व को देखते हुए आप गुजरात में इस राष्ट्रीय समुद्र तटीय राजपथ का निर्माण करने अथवा नहीं करने का निर्णय कब तक कर लेंगे ?

श्री इकबाल सिंह : जहां तक गुजरात राज्य द्वारा प्रस्तावित समुद्र तटीय राजपथ का सम्बन्ध हैं इस 585 मील लम्बे मार्ग में से 222 मील लम्बा मार्ग का निर्माण नये संरेखण के आधार पर होगा। इसके कुछ भाग पर कार्य आरम्भ हो गया है, परन्तु यह राष्ट्रीय राजपथ के बजाए राज्य राजपथ कहायेगा।

Shri Tulsidas Jadhav : Central Government is not giving adequate grants to the State Governments for development work on national highways. Take, for instance, Maharashtra here road truck traffic has considerably increased, nearly by 20 percent ; and Maharashtra Government has so many times requested Central Government to provide them with more funds but the required amount of grant is not given to them to develop National Highways. I want to know what is the reasons of this difference towards them ?

Shri Iqbal Singh : So far as Maharashtra Government is concerned their all recommendations and demands, in this regard are examined and then necessary and adequate grant is given to them.

केरल के लिये सहायक विमान सेवाओं का आरम्भ करना

\+

*339. **श्री प० गोपालन :**
श्री अनिरुद्धन :
श्री विश्वनाथ मेनन :

क्या पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को केरल में सहायक विमान सेवाओं के संचालन की सम्भावनाओं के बारे में जानकारी है ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार केरल में ऐसी विमान सेवायें चालू करने का है ; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मंत्रालय में उप मंत्री (डा० सरोजिनी महिषी): (क) से (ग): फिलहाल, इण्डियन एयर लाइन्स केरल राज्य में कोचीन और त्रिवेन्द्रम को विमान सेवा परिचालित कर रही है। कालीकट में एक हवाई अड्डे के निर्माण के बारे में सक्रिय रुप से विचार किया जा रहा है।

श्री प० गोपालन : मैं जानना चाहता हूं कि क्या किसी गैर सरकारी एजेंसी ने केरल में सहायक विमान सेवाओं के संचालन करने के लिए सरकार के पास कोई प्रस्ताव भेजा है; यदि हां, तो उन प्रस्तावों के मुख्य ब्यौरे क्या हैं और उन पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मंत्री (डा० कर्ण सिंह) : आदरणीय सदस्य किस प्रस्ताव के सम्बन्ध में कह रहे हैं ? मेरे पास ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं आया है।

श्री प० गोपालन : मुझे समाचार पत्रों से कुछ ज्ञात हुआ है।

डा० कर्ण सिंह : मुझे ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं मिला है। यदि ऐसा प्रस्ताव आया तो मैं उस पर पूरे ध्यानपूर्वक विचार करूंगा।

श्री प० गोपालन : केरल में छोटे और बड़े अनेक नगर हैं, फिर भी केवल कोचीन और त्रिवेन्द्रम को ही विमान सेवा से जोड़ा हुआ है। केरल में विमान सेवा के संचालन के विकास की गुंजाइश है। केरल के उत्तरी जिले कन्नानोर में अभी भी हवाई पट्टिका है जिसका निर्माण द्वितीय महायुद्ध के दौरान किया गया था, परन्तु आजकल इसका प्रयोग नहीं हो रहा है। कालीकट में भी एक दूसरी हवाई पट्टिका है। मैं जानना चाहता हूं कि क्या सरकार इन हवाई पट्टिकाओं का विकास करेगी और इन मार्गों पर सहायक विमान सेवाओं के संचालन के प्रश्न पर विचार करेगी ?

डा० कर्ण सिंह : केरल में केवल कालीकट ही ऐसा स्थान है जिसके विषय में सुसंगत भाग है और जिस पर इस समय विचार हो रहा है। वास्तव में इस पर बहुत ऊंची प्राथमिकता दी गई है।

श्री ए० श्रीधरन : कालीकट के बारे में कुछ भी नहीं किया गया है। केरल सरकार ने सभाशोधन के लिए निवेदन करा है परन्तु अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

डा० कर्ण सिंह : यदि माननीय सदस्य मुझे सहयोग देंगे तो मैं सारी सूचना उन्हें दूंगा। कालीकट के विषय में प्रस्ताव विचाराधीन है और चौथी योजना के अन्तर्गत हमने इसे मुख्य

प्राथमिकता दी है । जैसे ही चौथी योजना को अन्तिम रूप दिया जायेगा हम कालीकट में इस भूमि का अधिग्रहण करने के लिए कार्य प्रारम्भ कर देंगे ।

श्री प० गोपालन : कन्नानोर के बारे में आपको क्या कहना है ?

डा० कर्ण सिंह : माननीय सदस्य द्वारा उल्लिखित छोटे स्थानों को मिलाने अथवा एक फीडर एयर लाइन के लिये कोई प्रस्ताव नहीं है, किन्तु केरल सरकार या कोई अन्य गैर सरकारी पक्ष ऐसा कोई प्रस्ताव लाता है तो मैं उस पर बहुत ध्यान पूर्वक विचार करूंगा ।

श्री विश्वनाथ मेनन : कोचीन हवाई अड्डा बहुत छोटा है और वहां कोई बड़ा विमान नही उतर सकता है । कोचीन के निकट एडाकट्टावापुल के स्थान पर एक बड़ा असैनिक हवाई अड्डा बनाने का प्रस्ताव था । उस प्रस्ताव का क्या हुआ ?

डा० कर्ण सिंह : जहां तक मुझे याद है, कोचीन हवाई अड्डा नौ सेना के अन्तर्गत है । अतः इसका विस्तार नौसेना की सलाह से ही करना होगा ।

श्री विश्वनाथ मेनन : मेरा प्रश्न था : एडा कट्टावापाल में एक नया हवाई अड्डा बनाने के प्रस्ताव का क्या हुआ ।

डा० कर्ण सिंह : चूंकि कोचीन में पहले से ही एक हवाई अड्डा है जो कि काम कर रहा है, सीमित संशोधनों को ध्यान में रखते हुए उसको छोड़ कर नया हवाई अड्डा बनाना हमने सम्भव नहीं समझा ।

अल्प सूचना प्रश्न
SHORT NOTICE QUESTION

गृह-कार्य मंत्री का बिहार का दौरा

+

अ. सू. प्र. 3. श्री हेम बरूआ :
श्री ए० श्रीधरन :
श्री क० लकप्पा :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उन्होंने 19 फरवरी, 1969 को बिहार का दौरा किया था ;

(ख) उक्त दौरा सरकारी तौर पर किया गया था अथवा गैर-सरकारी तौर पर ; और

(ग) क्या यह भी सच है कि उन्होंने इस प्रयोजन के लिये भारतीय वायु सेना के एक विमान का उपयोग किया था ?

गृह-कार्य मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) जी हां ।

(ख) गैर-सरकारी ।

(ग) जी हां, सरकार को नियमों के अनुसार शुल्क का भुगतान करके ।

श्री हेम बरूआ : चूंकि श्री चव्हाण ने, बिहार में कांग्रेस दल को अपना नेता चुनने में सलाह देने के लिये गैर-सरकारी रूप से बिहार का दौरा किया था और चूंकि उन्होंने भारतीय वायु सेना के विमान का प्रयोग किया, मैं यह जानना चाहता हूं कि इस विमान का किराया किसने दिया । कांग्रेस दल ने अथवा सरकार ने ?

दूसरे, यदि राजनीतिक प्रयोजनों के लिये अन्य राजनीतिक दलों के सदस्य ऐसी सुविधाएं चाहें, तो क्या उन्हें भी ये सुविधाएं उपलब्ध कराई जायेंगी ?

श्री विद्याचरण शुक्ल : जैसा कि मैंने मुख्य उत्तर में बताया शुल्क का भुगतान गृह-कार्य मन्त्री द्वारा व्यक्तिगत रूप से किया गया था न कि सरकार द्वारा ।

जहां तक अन्य राजनीतिक दलों द्वारा भारतीय वायु सेना के विमानों के प्रयोग के प्रश्न का सम्बन्ध है, इसके बारे में निश्चित नियम हैं और उन नियमों के अनुसार ही ये विमान प्रतिष्ठित व्यक्तियों के लिये उपलब्ध कराये जाते हैं ।

श्री रंगा : वे नियम क्या हैं ? दूसरों के लिये भी 'हां' क्यों नहीं कहते ?

श्री हेम बरुआ : वे प्रतिष्ठित व्यक्ति कौन हैं केवल भगवान ही जानता है । क्या यह सच नहीं है कि श्री चव्हाण हवाई अड्डे पर उतरने के पश्चात राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई मोटर गाड़ी में शहर तक गये और जब उन्होंने श्री हरीहर सिंह को कांग्रेस विधान मण्डल दल के नेता के रूप में चुन लिया तो बिहार के राज्यपाल के पास, जो उन्हीं के दलों से हैं वह उस गाड़ी में गये और यह सलाह दी कि कांग्रेस दल और श्री हरीहर सिंह को सरकार बनाने के लिये कुछ और समय दें ?

श्री विद्याचरण शुक्ल : मैं सभा में एक विशिष्ट वक्तव्य दे सकता हूं कि यदि गृह-कार्य मंत्री या कोई भी मंत्री निजी दौरे पर जाते हैं, तो परिवहन से सम्बन्धित सारा खर्चा उनको स्वयं देना पड़ता है न कि सरकार को । यदि मोटर गाड़ी राज्य सरकार द्वारा भी उपलब्ध कराई गई थी, तब भी उसका खर्चा राज्य सरकार को दिया जा सकता है । वह सरकारी अतिथि नहीं थे ।

श्री सुरेन्द्रनाथ द्विवेदी : क्या भुगतान किया गया है ?

श्री विद्याचरण शुक्ल : यह जानकारी मेरे पास इस समय नहीं है। यदि इस प्रश्न की सूचना दी जाये, तो मैं यह जानकारी दे सकता हूँ । मैं इस जानकारी को सभा से छिपाना नहीं चाहता ।

श्री सुरेन्द्रनाथ द्विवेदी : यदि गृह-कार्य मंत्री यहां उपस्थित होते, तो वह हमें बता सकते थे कि क्या उनको मोटर गाड़ी राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई थी। जब प्रश्न उनसे सम्बन्धित है, तो वह सभा में उपस्थित क्यों नहीं हैं ?

श्री श्रीधरन : भारत संसार में शायद सब से बड़ा लोकतन्त्र है और जब सरकारें बनाये जाने जैसे राजनीतिक प्रश्न अन्तग्रस्त होते हैं, तो उन्हें बड़ी सावधानी से कार्य करना चाहिये। माननीय मन्त्री के उत्तर से दो बातें स्पष्ट हैं। एक तो यह कि सभी मंत्री विभिन्न रूप में काम करते हैं। जब वे इधर आते हैं तो वह गृह-कार्य मंत्री हैं और जब उधर जाते हैं, तो वह कांग्रेस के नेता हैं। दूसरी बात यह कि यही एक देश हैं जहां वायु सेना के विमान टैक्सियों के रूप में प्रयोग में लाये जाते हैं।

श्री चव्हाण 19 फरवरी को बिहार गये थे जब संसद का सत्र चल रहा था । गृह-कार्य मंत्री, जिनका सम्बन्ध एक बहुत ही महत्वपूर्ण विभाग से है, कांग्रेस दल के बिगड़े भाग्य को संवारने और राजा रामगढ़ और श्री हरिहर सिंह जैसे व्यक्तियों को सत्ता में लाने के लिये बिहार गये। इससे स्पष्ट रूप से सिद्ध होता है कि गृह मंत्री ने लोकतन्त्र के आधारभूत सिद्धान्त का उल्लंघन करके अपने कर्तव्य का पालन नहीं किया है। इसको ध्यान में रखते हुए क्या सरकार श्री चव्हाण से त्यागपत्र देने के लिये कहेगी ?

Shri Kanwar Lal Gupta : May I know whether uniform rules exist for the chartering of I. A. F. or Inidnn Air Lines planes by various political parties, if not, the nature of differences and whether Government will remove the anamoly ? May I a'so know the amount paid by Shri Chavan ?

Shri Vidya Charan Shukla : The rules of the Defence Ministry are not based on political consideration. These are purported for the Ministers of Central Cabinet. There is no political discrimination in it. These provisions have been made for the facility of the members of Central Cabinet, It has also been enunciated in it as to when they will be used official and non-official purposes. As far as the question of charges is concerned, I have this tnformation from the Air Hadquarters that a bill for Rs. 4378 was sent the payment for which had been made.

Shri Kanwar Lal Gupta : He went there in the capacity of the member of a Political party. I want to know whether the rules will be modified for the leaders of other political parties who want to go. If not then whether it is not partiality and misuse of powers ?

अध्यक्ष महोदय : वे यह जानना चाहते हैं कि क्या आप नियमों को सभा पटल पर रखेंगे ।

श्री विद्या चरण शुक्ल : जी हां। मुझे कोई आपत्ति नहीं है।

श्री प्र० के० देव : मैं इसका कड़ा विरोध करता हूं कि जबकि सरकारी विमान दल के कार्यों के लिए प्रयोग में लाये जाते हैं, विशेषकर बिहार में अल्पसंख्यक सरकार को कायम रखने के लिए, तो ये सुविधाएं संसद के मृतक सदस्यों को प्राप्त नहीं हैं, जब राज्य सभा के सदस्य दिवंगत श्री के० सी० बगेल का शव रायपुर ले जाना था तब यह सुविधा नहीं दी गई, मैं जानना चाहता हूं कि क्या बहुत महत्वपूर्ण व्यक्ति और अन्य लोगों के मध्य कोई अन्तर बनाया गया है, जिनको कि विशेष सुविधा दी जा रही है ?

श्री विद्या चरण शुक्ल : जैसा कि मैंने कहा कि कुछ नियम है और जब नियम समा पटल पर रखे जायेंगे तो माननीय सदस्यों को मालूम हो जायेगा कि ये नियमों के अन्तर्गत नहीं आते हैं।

श्री कंवर लाल गुप्त : आप नियमों को क्यों नहीं बदलते हैं ?

श्री रंगा : क्या वे समझते हैं कि अब समय आ गया है कि देश में बदली हुई परिस्थितियों को देखते हुए इन नियमों में समुचित संशोधन किया जाना चाहिये ?

श्री विद्या चरण शुक्ल : यह कार्यवाही करने के लिए एक सुझाव है। यदि कोई विशेष सुझाव मिलता है तो हम निश्चित ही उस पर विचार करेंगे।

Shri Tulshidas Jadhav : A day before yesterday an hon. member of Rajya Sabha passed away and no arrangments were made for him. Seeing this and the question regarding the Ministers, which are raised frequently. Whether the Government will make any arrangement to carry this Member of parliament and V. I. PS. or not ?

Shri Vidya Charan Shukla : Mr. Speaker, this is a question to be considered by you and the Chairman of Rajya Sabha and whether suggstion will be given' action will be taken them.

अध्यक्ष महोदय : गत वर्ष साम्यवादी दल के एक माननीय सदस्य का मृत शरीर बनारस ले जाया गया था।

Shri Madhu Limaye: After passing away, We are taking about carrying the alive persons and not of dead bodies.

अध्यक्ष महोदय : उन्होंने एक मृतक सदस्य के बारे में पूछा है।

Shri Yogendra Sharma : The plane facilities are given to the Members of opposition parties only after their death, whether these facilities are given to the members of ruling party in their life time.

Shri S. M. Joshi : I want to know when these rules were framed. Whether these were framed after the Congress came into power or prior to that?

Shri Vidya Charan Shukla : These were framed after independence.

Shri Atal Bihari Vajpayee : May I know whether the Hon. State Minister will admit that these rules have become old and are discriminatory in natural and give prefer-

ence to ruling party in comparison to other parties. I want to give an example. We had chartered a plane during mid-term election. That plane could not be landed at the aerodrome in Agra because that aerodrome belonged to Military and no other planes can land at Military aerodrome. The planes belonging to Minister can land there. May I know whether imposing restrictions in the days of elections do not show that the Goverument want to observe discrimination with oppostion parties? Will the Hon. Minister reconsider it?

Shri Vidya Charan Shukla : I have already stated that there is no political discrimination with the opposition parties in the existing rules. These are framed exclusively for the use for the members of the Cabinet. These are rules regarding the use of planes for non-official purposes and there is no discrimination in it. I do not agree with what hon. Members had said.

श्री हेम बरुआ : ये नियम मंत्रियों पर तब लागू होते हैं जब उनका सरकारी काम होता है। परन्तु जब मंत्रियों को गैर सरकारी काम होता है तो ये नियम कैसे लागू होंते है ?

श्री विद्या चरण शुक्ल : इन नियमों के अन्तर्गत यह भी आता है.... (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : वे नियमों की एक प्रति सभा पटल पर रखने को तैयार हैं।

Shri Madhu Limaye : An hour should be given for having discussion on them.

Shri Rabi Ray : May I know whether it is not true that Shri Chavan went there and made Shri Harihar Singh the Chief Minister against whome a Privilege Motion is pending and even the Congress members of the legislative assembly are also involved in it ?

अध्यक्ष महोदय : अब मामला जोर पकड़ता जा रहा है।

Shri Manibhai J. Patel : May I know whether the minister of those States, where the opposition are ruling, do they use planes and go from one place to another ? Whether such objection are raised there ? May I know whether the criticism are taking place against rules framed for the Centre because the opposition are not in power ?

Shri S. M. Banerjee : I want to remined you that it is a Indian Air Force and not Congress Air Force. The Congress has used their planes. These people can fly while they are alive and prepare to take us when we are dead. This is our complaint against them.

We had asked that the ministers should resign during election days but they had not done so. Any-how it makes no difference. We have no complaints. The planes are not used only during elections. They are also used for party purposes after the election. Our friend Mr, Vajpayee had stated that their plane was no allowed to land on the airport of Agra. Their plane remained in the Sky. It is not known how they landed. Are you prepared to agree to this that no party should use planes during election in this way and this should also not be used for party proposes after the election. I am sorry that the person concerned who boarded the plan is not here and only the wittness who saw the plan flying is replying it.

Shri Shashi Bhushan : Mdy I know whether it is not a fact that in States like Madhya Pradesh where the opposition parties are in power the official plane carry Shrimati Shindhiya to Delhi and she comes her not for other purposes but to serve wine to the correspondents ? I also want to know whether it is a fact that Shrimati Shindhiya went to Kripalanijee for rendering help in the Helicopter taken from Birla during election's days ? I want to know whether she had consulted you ?

अध्यक्ष महोदय : अब कोई प्रश्न का उत्तर नहीं देना है । प्रश्न सूचना जानने के लिए पूछना चाहिए परन्तु माननीय सदस्य सूचना दे रहे हैं ।

श्री एस० कन्डप्पन : माननीय गृह मंत्री श्री यशवन्तराव चव्हाण, जिन्होंने अपने कार्य के लिए एक विमान किराये पर लिया था और 4,000 रुपये से अधिक का बिल भुगतान कर रहे है, निश्चय ही बहुत अमीर व्यक्ति हैं । स्पष्ट ही, वे वहां दल के कार्यों के लिए गए थे ।

यहां एक गम्भीर मामला है जिसे मैं उठाना चाहता हूं । मुझे बिल की चिन्ता नहीं है जिसका कि वे भुगतान कर रहे है अथवा जो यह बहुत महत्वपूर्ण व्यक्ति का सा व्यवहार पा रहे हैं । अगर नियमों में संशोधन की आवश्यकता होगी तो हम यह नियमों के उपलब्ध हो जाने के बाद ही हाथ में लेंगे । जिस बात की मुझे चिन्ता है वह दलबदल और कठ पुतली सरकारों से है जो कि बनाए जा रहे हैं । 1967 के बाद सरकार ने यह बहाना बनाया मानो कि वे विभिन्न दलों के लोकतान्त्रिक अधिकारों का आदर कर रहे हैं । लेकिन वे दिल्ली में बैठे हुए राज्य सरकारों का मार्ग निर्देशन कर रहे हैं । परन्तु यहां लोकतन्त्र शिष्टता का उल्लंघन है जबकि माननीय गृह मंत्री राज्य की राजधानी में विमान द्वारा जाकर अपना चातुर्य दिखाने और अपना मुख्य मंत्री को वहां बिठाने के लिए गए, क्या यह उचित है, मैं चाहता हूं कि सरकार इसका स्पष्ट उत्तर दे । यह प्रजातन्त्र और इस देश में इसके जीवित रखने का प्रश्न है ।

श्री विद्या चरण शुक्ल : जहां तक विमान का सम्बन्ध है, अगर नियमों का पालन किया गया है और बिल का भुगतान कर दिया गया है तो इसमें केन्द्रीय मंत्री का भारतीय वायु सेना के विमान में जाने में कोई गल्ती नहीं है और नियमों में इस प्रकार के प्रयोग करने के बारे में दिया हुआ है ।

श्री एस० कन्डप्पन : मुख्य मंत्री का चुनाव विधान सभा और राज्यपाल का चिन्ता का विषय है । माननीय गृह मंत्री का वहां जाने का क्या तात्पर्य था ?

श्री विद्या चरण शुक्ल : यह गौर सरकारी कार्य था ।

प्रश्नों के लिखित उत्तर
WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

लक्कदीव प्रशासन के लिए अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति

*331. **श्री प० मु० सईद :** क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विभिन्न वर्गों के उन अधिकारियों की संख्या कितनी है जो पिछले तीन वर्षों में वर्ष-वार लक्कदीव प्रशासन में प्रतिनियुक्ति पर कार्य कर रहे थे ;

(ख) प्रत्येक वर्ग में कितना-कितना प्रतिनियुक्ति भत्ता मिलता है ;

(ग) उन अधिकारियों को पिछले तीन वर्षों में, वर्ष-वार तथा वर्ग-वार, कितना प्रतिनियुक्ति भत्ता दिया गया ;

(घ) क्या यह सच है कि यदि स्थानीय शिक्षित व्यक्तियों को अवसर दिया जाता तो यह राशि बच सकती थी ; और

(ङ) यदि हां, तो लक्कदीव प्रशासन में प्रतिनियुक्त व्यक्तियों की संख्या कम करने के लिए क्या कार्यवाही की गई हैं ?

गृह कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) से (ग) : एक विवरण सभा-पटल पर रखा जाता है । **[पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी० 243/69]**

(घ) और (ङ) : प्रथम तथा द्वितीय श्रेणी के पदों पर भर्ती संघ लोक सेवा आयोग द्वारा अथवा संघ लोक सेवा आयोग की सहमति से बनाये गये भर्ती नियमों के अनुसार की जाती है । अब कुछ पदों को केन्द्रीय अथवा अखिल भारतीय संवर्गों में सम्मिलित कर लिया गया है । अन्य तृतीय श्रेणी के पदों पर अधिकारियों की सेवाएं प्रतिनियुक्ति द्वारा प्राप्त की जाती हैं यदि स्थानीय उपयुक्त उम्मीदवार उपलब्ध नहीं हों । यह क्षेत्र के विकास और कल्याण के हित में है ताकि उनकी परियोजनाओं का काम उपयुक्त उम्मीदवारों की कमी के कारण न रुके ।

विशाखापटनम में लोह अयस्क संयत्र

*332. **श्री गाडिलिगन गौड़** : क्या **नौवहन तथा परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या चौथी पंचवर्षीय योजना में विशाखापटनम में लोह अयस्क के उतारने तथा चढ़ाने के संयंत्र का विकास करने का कोई कार्यक्रम है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) इस प्रयोजन के लिये कितनी धन राशि निश्चित की गई है ?

संसद कार्य तथा नौवहन तथा परिवहन मंत्री (श्री रघु रमैया) (क) और (ख) : इस समय विशाखापत्तनम् पत्तन के पास 45 लाख टन वार्षिक क्षमता का लोक की घरा उठाई करने वाला एक संयंत्र है । 57 लाख रुपये की अनुमानित लागत पर संयंत्र की वार्षिक क्षमता बढ़ाकर 60 लाख टन करने के लिए कुछ सुधार किया जा रहा है । इन कार्यों के अक्तूबर 1969 तक पूरा होने की आशा है । यह भी प्रस्ताव है कि चौथी पंच वर्षीय योजना काल में विशाखापत्तनम पर एक बाहरी हारबर विकसित किया जाय । यह हारबर आधुनिक लौह की घरा उठाई की और अधिक क्षमता वाली सुविधाओं से लैस गहरे डुबाव वाले लौह बाहकों के आवागमन के योग्य होगा ।

(ग) चूंकि चौथी पंचवर्षीय योजना काल में पत्तनों के विकास के प्रस्ताव योजना आयोग के परामर्श में अभी विचाराधीन है, अतः इस समय यह कहना संभव न होगा कि इस प्रयोजन के लिए कितनी धन राशि आवंटित की जाएगी ।

I. A. C. Losses

*340. **Shri Suraj Bhan :**
Shri Ranjit Singh :
Shri Narain Swarup Sharma :
Shri Jagannath Rao Joshi :
Shri Atal Bihari Vajpayee :

Will the Minister of **Tonrism and Civil Aviation** be pleased to state :

(a) the number of those planes of the Indian Airlines which are not yielding profit;

b) the losses incurred during the last three years on this account ; and

(c) the steps taken to avoid the losses and the result thereof ?

The Minister of Tourism and Civil Aviation (Dr. Karan Singh) (a) : The fleet of the Indian Airlines which are not yielding profit consist of Viscounts, Fokkers, HS-748, Skymasters and Dakotas which are maintaining essential services on various routes for the public out of the profits yielded by other types of aircraft on other routes.

(b) A statement is placed on the Table. [Placed in Library. See No. LT-244 69]

(c) The Skymasters have been grounded and Dakotas are being phased out. The Viscounts will also be replaced in the early Seventies. The economics of operation of Indian Airlines are expected to improve in due course, with the acquisition of new and profit yielding aircraft. Some routes, though not yielding profit, will still have to be maintained.

मद्रास में हिन्दी सिखाने के लिये जनता विद्यालय योजना

*341. **श्री रा० बरुआ :**
श्री नि रं० लास्कर :

क्या शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मद्रास राज्य में हिन्दी सीखने के इच्छुक लोगों को हिन्दी पढ़ाने के लिये प्रस्तावित जनता विद्यालय योजना के बारे में कोई निर्णय कर लिया गया है ;

(ख) यदि हां, तो यह योजना कब तक आरम्भ हो जायेगी ; और

(ग) दक्षिण भारत में इन अध्यापन संस्थाओं की स्थापना के सम्बन्ध में कितनी प्रगति हुई है ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भक्त दर्शन) (क): भारत सरकार ने उन व्यक्तियों को हिन्दी सिखाने के लिए जो स्वेच्छा से हिन्दी सीखना चाहे, तमिलनाडु में एक अध्यापक वाले 200 हिन्दी विद्यालय चलाने के लिए मद्रास की दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा को वित्तीय सहायता स्वीकृत की है ।

(ख) इन हिन्दी विद्यालयों में से कुछ को सभा द्वारा 2 अक्तूबर, 1968 अर्थात् महात्मा गांधी के जन्म दिन से चलाना शुरु किया है ।

(ग) अब तक, लगभग 110 हिन्दी विद्यालय शुरु किये जा चुके हैं ।

हल्दिया पत्तन का विकास

*342. **डा० रानेन सेन :**
श्री जि० मो० विस्वास :
श्री इन्द्रजीत गुप्त :
श्री कं हाल्दर :
श्री सीताराम केसरी :

क्या नौवहन तथा परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) हल्दिया का कलकत्ता के उपपत्तन के रूप में विकास करने के बारे में अब तक कितनी प्रगति हुई है,

(ख) इस कार्य पर अब तक कितना धन व्यय किया गया है, और

(ग) इसका निर्माण कार्य कब तक पूरा हो जायेगा ?

संसद कार्य तथा नौवहन तथा परिवहन मंत्री (श्री रघुरामैया) (क) : हल्दिया परियोजना के अंतर्गत एक तेल जेट्टी और एक अवरुद्ध डाक पद्धति जिसमें छह घाट और अन्य सहायक सुविधायें शामिल हैं का निर्माण आता है । तेल घाट पहले ही पूरा हो गया है और अगस्त, 1968 से चालू कर दिया गया है । सिविल निर्माण कार्य और डाक क्षेत्र का निकर्षण जारी है । कोयला और लोहा लादने वाले संयंत्र शंटिंग इजनों और लाक प्रवेश के लिये सरकवां केशन फाटक के लिये आदेश दिये गये हैं ।

(ख) जनवरी, 1969 के अंत तक इस परियोजना पर 15.75 करोड़ रुपये की राशि खर्च की गई है ।

(ग) हल्दिया परियोजना से संबंद्ध निर्माण कार्य निश्चित कार्यक्रम के अनुसार हो रहा है और उसके 1971 के शुरू में पूरा होने की संभावना है ।

भारतीय राष्ट्रीय अनुसंधान विकास निगम

*343. **डा० सुशीला नैयर :**
श्री क० लकप्पा :

क्या शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत सरकार ने भारतीय राष्ट्रीय अनुसंधान विकास निगम के कार्यकरण का गत पांच वर्षों में कोई मूल्यांकन किया है ;

(ख) यदि हां, तो इस अवधि में क्या अनियमितायें पाई गई ; और

(ग) इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री (डा० वी० के० आर० वी० राव) : (क) : सरकार ने निगम के कार्य के बारे में कोई अलग से मूल्यांकन नहीं किया है। तथापि, निगम प्रत्येक वर्ष अपनी वार्षिक रिपोर्ट नियमित रूप से प्रस्तुत कर रहा है और रिपोर्ट को संसद के सम्मुख पेश किया जाता है।

(ख) और (ग): प्रश्न ही नहीं उठते।

बिहार में ग्रामीण सडकों के लिये एकक

***344. श्री कामेश्वर सिंह : क्या नौवहन तथा परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या ग्रामीण सड़क समिति ने सिफारिश की है कि राज्य राजपथ विभाग में ग्रामीण सड़कों के लिये एक प्रथक एकक बनाया जाये ;

(ख) क्या बिहार में ऐसा एकक बना लिया गया है ;

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में अब तक कितनी प्रगति हुई है ; और

(घ) यदि नहीं तो एकक की स्थापना में विलम्ब के क्या कारण हैं ?

संसद कार्य तथा नौवहन तथा परिवहन मंत्री (श्री रघुरामैया) (क) : जी नहीं। संपूर्ण ग्रामीण सड़कों की देख रेख के लिये समिति ने सिफारिश की है कि राज्य सरकारों द्वारा एक मुख्य इंजीनियर की अध्यक्षता में एक प्रथक इंजीनियरी विभाग खोला जाना चाहिये।

(ख) तमाम ग्रामीण निर्माण कार्यों जिनमें ग्रमीण सड़कें भी शामिल हैं, के लिये बिहार सरकार की पहले ही सामुदायिक विकास पंचायत विभाग के अधीन एक ग्रमीण इंजीनियरी संस्था है।

(ग) राज्य सहकार से सूचना एकत्रित की जा रही है और यथासमय सभा पटल पर रख दी जायेगी।

(घ) प्रश्न नहीं उठता है।

Cut on Education during the Fourth Plan

***345 Shri Prakash Vir Shastri :**
Shri Shiv Kumar Shastry :

Will the Minister of **Education and Youth Services** be pleased to state :

(a) whether any cut has been imposed in the amount proposed to be spent on education during the Fourth Five-Year Plan ;

(b) if so, whether it will have any effect on the education expansion programme ; and

(c) whether Government have prepared any scheme for that ?

The Minister of Education and Youth Services (Dr. V. K. R. V. Rao) (a) : The allocation for General and Technical Education in the Fourth Plan is Rs. 809 crores as against

Rs. 1300 crores proposed by the Central Planning Group on Education, or Rs. 1210 crores provided in the Draft Fourth Plan that was prepared earlier.

(b) Yes Sir. This constraint of resources will affect the programmes of educational expansion adversely, particularly at the primary stage.

(c) The Central Advisory Board of Education has recommended, among other measures, that local resources should be moblised to augment public funds allocated to Education. This recommendation has been brought to the notice of the State Governments who are considering it.

Floating of Lotteries in Delhi

*346. **Shri Ram Swarup Vidyarthi :**
Shri Bal Raj Madhok :
Shri Bharat Singh Chauhan :

Will the Minister of Home Affairs be pleased to state :

(a) whether the Delhi Administration had sought permission of the Central Government to start its lottery as has been done in Punjab and other States ;

(b) whether it is also a fact that Government have not accorded them permission for this ; and

(c) if so, the reasons therefor ?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla) (a) to (c) : The Delhi Administration have approached the Central Government for permission to organise lotteries in Delhi. Their request is being examined.

दक्षिण दिल्ली में विश्वविद्यालय संभाग की स्थापना

*347. **श्री म० ला० सोंधी :** **श्री र० कृ० सिंह :**
श्री विभूति मिश्र : **श्री दी० चं० शर्मा :**
श्री जि० ब० सिंह : **श्री वेणी शंकर शर्मा :**
श्री शारदा नन्द : **श्री हरदयाल देवगुण :**

क्या **शिक्षा तथा युवक सेवा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उनका ध्यान विश्वविद्यालय के प्रमुख प्रोफेसरों द्वारा व्यक्त किये गये इन विचारों की ओर दिलाया गया है कि दक्षिण दिल्ली में विश्वविद्यालय का एक संभाग खोला जाना चाहिये ताकि दिल्ली विश्वविद्यालय में भीड़भाड़ कम हो सके ; और

(ख) यदि हां, तो इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री (डा० वी० के० आर० वी० राव) (क) : जी हां ।

(ख) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने, इस मामले की जांच करने के लिए, एक समिति नियुक्त की है । आयोग की सिफारिशें प्राप्त होने पर और आगे कार्रवाई की जाएगी ।

अध्यापकों के वेतन-मानों के बारे में कोठारी आयोग की सिफारिशों की क्रियान्विति

*348. **श्रीमती सावित्री श्याम :** **श्रीमती तारा सप्रे :**
श्री श्रीचन्द गोयल : **डा० महादेव प्रसाद :**
श्री श्रद्धाकर सूपकार :

क्या **शिक्षा तथा युवक सेवा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उन राज्यों के क्या नाम हैं जिन्होंने विभिन्न श्रेणियों के अपने अध्यापकों के वेतन मानों के बारे में कोठारी आयोग की सिफारिशों को क्रियान्वित कर दिया है ;

(ख) आयोग की सिफारिशों को समान रूप से क्रियान्वित करने के बारे में सरकार ने क्या कार्यवाही की है ; और

(ग) क्या इन सिफारिशों को क्रियान्वित करने के लिये विश्वविद्यालय अनुदान आयोग कोई सहायता देता है ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री (डा० वी०के०आर०वी० राव)(क) और (ख): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है। [पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी० 245/69]

(ग) विश्वविद्यालय और कालेज के अध्यापकों के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा सिफारिश किये गए वेतन-मानों को लागू करने के फलस्वरूप होने वाले अतिरिक्त खर्च का 80 प्रतिशत, भारत सरकार 1 अप्रैल, 1966 से पांच वर्षों तक राज्य सरकारों को दे रही है।

सौराष्ट्र सेना का गठन

*349. **श्री रा० की० अमीन :**
श्री विश्वनाथ पाण्डेय :

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सौराष्ट्र के विद्यार्थियों द्वारा एक सौराष्ट्र सेना का गठन करने का प्रस्ताव है ;

(ख) यदि हां, तो इस प्रस्ताव के क्या कारण हैं ; और

(ग) इस प्रस्ताव के बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

गृह कार्य मंत्री (श्री यशवन्तराव चव्हाण) (क) और (ख) : राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार कुछ विद्यार्थी नेताओं ने 1 दिसम्बर, 1968 को, सरकार के विद्यार्थियों के प्रति विशेषकर, तथा सौराष्ट्र के व्यक्तियों के प्रति सामान्य रूप से कथित अनुचित रवैये के विरुद्ध विरोध करने के इरादे से सौराष्ट्र सेना की स्थापना करने का निर्णय किया। अभी तक सेना की कोई गतिविधि राज्य सरकार के ध्यान में नहीं आई है।

(ग) राज्य सरकार स्थिति पर निगरानी कर रही है।

Opening of Hindi Schools in Madras

350. **Shri Yashpal Singh** : Will the Minister of **Education and Youth Services** be pleased to state :

(a) the differences that arose in the implementation of the scheme to open 200 Schools in the Madras State for those who wanted to learn Hindi on their own accord ;

(b) the amount of grant proposed to be given by tha Ministry of Education to run these schools ; and

(c) the number of displaced teachers in Tamil Nadu who will get employment as a result thereof ?

The Minister of State in the Ministry of Education and Youth Services (Shri Bhakt Darshan) (a) to (c) : With the adoption of the two-language farmula by the Government of Tamil Nadu in their schools, the teaching of Hindi in those schools came to a stop. The Dakshin Bharat Hindi Prachar Sabha, thereafter, approached the Government of India to render financial assistance for opening of 360 Single Teacher Hindi Vidyalayas for teaching Hindi to those, who may wish to learn the language voluntarily and which inter alia will provide employment to the retrenched Hindi teachers of the State Government. The Government of India agreed to render financial assistance for the opening of 200 such Vidyalayas with the stipulation that only retrenched Hindi teachers should be employed in these Vidyalayas. There was some misunderstanding in some quarters, who felt that by opening such Vidyalayas, the Government of India were circumventing the Government of Tamil Nadu's decision not to teach Hindi in schools and forcing Hindi on them, It was explained personlly to the late Chief Minister of Madras, Shri C. N. Annadurai, and other Ministers of ther State Government by Prof. Sher Singh, the then Minister of State in the Ministey of Education, that the Central Governmnnt were not starting any full-fledged schools for the teaching of Hindi in Tamil Nadu but they were merely giving financial assistance to the Dakshin Bharat Hindi Prachar Sabha, which has been conducting free Hindi teaching classes and running Hindi Vidyalayas in Tamil Nadu and other States of the South for the last several yeas, for extending its Hindi-teaching activities for the benefit of those, who wanted to learn Hindi voluntarily. It was also explained to the State Government that there was no intention on the part of the Central Government to introduce Hindi through the backdoor. The misunderstanding having been cleared, the late Chief Minister and the other Ministers of Tamil Nadu held that they had no objection to Hindi being taught voluntarily in the State through the agency of Voluntary Hindi Organisations.

A grant of Rs. 1,60,500,00 has been given to the Dakshin Bharat Hindi Prachar Sabha for the running of 200 Single Teacher Hindi Vidyalayas during 1963-69. 200 retrenched Hindi teachers of Tamil-Nadu are likely to be absorbed in these Vidyalayas.

माल भाड़े की दरों को बढ़ाना

*351. **श्री जनार्दनन** : क्या **नौवहन तथा परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पिछले वर्षों में वैस्टर्न शिपिंग लाइनर कान्फ्रेंस ने कई बार एक पक्षीय रूप से जहाजों के माल भाडे की दरें बढाई हैं;

(ख) क्या लाइनर कान्फ्रेंस द्वारा की गई इस कार्यवाही से, भारत समेत सभी विकासशील देशों के निर्यात पर विपरीत प्रभाव पड़ा है ; और

(ग) यदि हां, तो हमारे व्यापार के हितों की रक्षा करने के लिये अन्य विकासशील देशों के साथ मिल कर सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

संसद कार्य तथा नौवहन तथा परिवहन मंत्री (श्री रघुरामैया) (क) : जी हां ।

(ख) यह सच है कि जहाजी भाड़ा दरों में वृद्धि होने का प्रभाव हमारे निर्यात माल की प्रतियोगी हालत पर पड़ता है । यह भी सच है कि निर्यात व्यापार पर प्रभाव डालने वाले बहुत से कारणों में से सिर्फ जहाजी भाडा ही एक ऐसा है जिसका प्रभाव निर्यात व्यापार पर पड़ता है और निर्यात में वृद्धि का गिरावट के किसी एक कारण को अलग से बताना बड़ा कठिन सा है ।

(ग) दूसरे विकासोन्मुखी देशों के साथ सहयोग के लिये नौवहन फ्रेट दरों कानफ्रेन्स प्रैक्टस के स्थापनों के क्षेत्र में हमारे पास दूसरी अनकटाड में पारित दिये गये प्रस्ताव हैं । जहां तक भारत का संबंध है नौवणिक बंबई कलकत्ता और मद्रास इन तीन क्षेत्रीय संघों में संगठित किये गये हैं और उनकी शिखर संस्था है जिसे अखिल भारतीय नौवणिक परिषद नयी दिल्ली कहते हैं । मान्यता देने के लिये अब इन संघों को और जहाजी भाड़े में बद्धि फ्रेट दरों को लागू कराने से पहले इन संघों से बातचीत कराने के लिये सम्मेलनों को मना बुझाकर राजी राजी करने का प्रयत्न किया जा रहा है ।

अल्पसंख्यकों को अधिक रोजगार की व्यवस्था

***352. श्री कंवर लाल गुप्त :**
श्री श्रीगोपाल साबू :
श्री बृज भूषण लाल :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उन्होंने सभी राज्य सरकारों को एक परिपत्र भेजा है कि अल्पसंख्यकों के लिए रोजगार की अधिक व्यवस्था की जानी चाहिए ;

(ख) यदि हां, तो "अल्पसंख्यक" शब्द का अर्थ क्या है ; और

(ग) क्या यह परिपत्र भारतीय संविधान के अनुकूल है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उप मंत्री (श्री के० एस० रामास्वामी) (क) : 19 मई, 1968 को हुए मुख्य मंत्रियों के सम्मेलन में सेवाओं में अल्पसंख्यक समुदायों के प्रतिनिधित्व के प्रश्न पर भी चर्चा हुई थी और आम तौर पर इस पर सहमति थी कि संवैधानिक उपबन्धों का पालन करते हुए सेवाओं में अल्पसंख्यक समुदायों के सदस्यों की भर्ती में वृद्धि करने के लिये सभी सम्भव प्रयत्न किये जाये तथा यह सुनिश्चित किया जाय कि कुछ समुदायों के विरुद्ध कोई पक्षपात नहीं किया जाय और अल्पसंख्यक समुदायों के सदस्यों के लिए उचित अवसर प्रदान किये जांय । सम्मेलन में विचार-विमर्श के रिकार्ड के सारांश में इस बात पर आम सहमति समाविष्ट थी, जिसे राज्य सरकारों को परिचालित किया गया था ।

(ख) उपरोक्त (क) में वर्णित विचार-विमर्श के सन्दर्भ में "अल्पसख्यक" शब्द की औपचारिक परिभाषा देना आवश्यक नहीं समझा गया ।

(ग) जैसा ऊपर (क) में बताया गया है, यह सुझाव संवैधानिक उपबन्धों के पालन की शर्तें के साथ दिया गया था और इसलिए इसका संविधान के उपबन्धों के अनुकूल न होना नहीं माना जा सकता ।

केरल में केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही

*353. **श्री अ० कु० गोपालन :**
श्री भगवान दास :
श्री पी० पी० एस्थोस :
श्री ई० के० नायनार :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 19 सितम्बर, 1968 की सांकेतिक हड़ताल के संबंध में केरल में केन्द्रीय सरकार के कुल कितने कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई थी ;

(ग) उस समय से अब तक उनमें से कितने कर्मचारियों को बहाल किया गया अथवा वापिस नौकरी में लिया गया ; और

(ग) क्या शेष कर्मचारियों को बहाल करने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने का सरकार का विचार है ?

गृह कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल): (क) और (ख) : सूचना एकत्रित की जा रही है तथा सदन के समा पटल पर रख दी जायगी ।

(ग) सरकार ने पहले ही आदेश जारी कर दिये हैं कि उन अस्थायी कर्मचारियों के मामले में, जिनका हड़ताल में भाग लेना ड्यूटी से अनुपस्थिति तक ही सीमित था, सेवा समाप्ति के नोटिस वापिस लिये जायेंगे । उन केन्द्रीय सरकारी कर्मचारियों को, जो 19 सितम्बर, 1968 को केवल ड्यूटी से अनुपस्थित थे और जिन पर अनिवार्य सेवाएं अनुरक्षण अध्यादेश, 1968 की धारा 4 के अन्तर्गत केवल ऐसी अनुपस्थिति के लिए, अभियोग चलाया गया था या उन्हें गिरफ्तार किया था, ड्यूटी पर फिर से आने की अनुमति दी जायगी और उनके विरुद्ध कोई अनुशासनात्मक कार्यवाही नहीं की जायेगी चाहे वे सिद्ध-दोष भी पाये गये हैं । इसी तरह के तथा सेवा से मुक्त किये गये अस्थायी कर्मचारियों को उचित तथ्यपूर्ण सत्यापन के बाद नौकरी में बहाल कर दिया जाएगा । उन सरकारी कर्मचारियों को, जो न्यायालय द्वारा बरी कर दिये गये हैं, ड्यूटी पर फिर से आने के लिए अनुमति दी जायेगी । यदि कोई ऐसे कर्मचारी है जिन्हें उपरोक्त निर्णयों के अनुसार अभी तक नौकरी में वापिस नहीं लिया गया तो उनके मामलों का पुनरीक्षण किया जायेगा ।

सफदरजंग हवाई अड्डा, नई दिल्ली का स्थानान्तरण

*354. **श्री क० प्र० सिंह देव :** क्या पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सफदरजंग नई दिल्ली हवाई अड्डे को नये स्थान पर ले जाने के संबंध में सरकार ने इस बीच कोई अन्तिम निर्णय कर लिया है ;

(ख) क्या नया स्थान चुन लिया गया है ; और

(ग) यदि हां, तो इस योजना का ब्यौरा क्या है ?

पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मंत्री (डा० कर्ण सिंह): (क) : विमान परिचालनों को सफदरजंग हवाई अड्डे से हटाकर किसी नये स्थान पर ले जाने के प्रस्ताव पर अभी विचार किया जा रहा है ।

(ख) और (ग) अनेक वैकल्पिक स्थानों का सर्वेक्षण किया गया है, परन्तु अभी तक कोई निर्णय नहीं किया गया है ।

मध्य प्रदेश में एक ट्रान्समिटर पकड़ा जाना

*355. **श्री जार्ज फरनेन्डीज** : क्या गृह-कार्य मंत्री मध्य प्रदेश में ट्रांसमिटर के पकड़े जाने के बारे में 20 दिसम्बर, 1968 के तारांकित प्रश्न संख्या 897 के उत्तर के संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इस बीच इस मामले में जांच पूरी कर ली गई है ;

(ख) यदि हां, तो क्या किन्ही व्यक्तियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही की गयी है ;

(ग) क्या यह पता लगा लिया गया है कि माल गिराने वाला विमान किस देश का था ; और

(घ) क्या सरकार देश में तोड़-फोड़ की घटनाओं को रोकने के लिये समुचित कार्यवाही कर रही है ?

गृह कार्य मंत्री (श्री यशवन्तराव चव्हाण) : (क) से (घ) : जांच अभी प्रगति पर है । सरकार सतर्क है और तोड़-फोड़ को रोकने के लिये सभी आवश्यक उपाय कर दिये गये हैं ।

अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के भारतीय प्रशासनिक सेवा और भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी

*356. **श्री सी० के० चक्रपाणि :**
श्री सत्यनारायण सिंह :
श्रीमती सुशीला गोपालन :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारत में राज्य-वार, अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के कितने व्यक्ति भारतीय प्रशासनिक सेवा और भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी हैं ; और

(ख) वर्ष 1965 से 1968 तक, राज्य-वार प्रतिवर्ष, कितने कितने अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के सदस्य भारतीय प्रशासनिक सेवा और भारतीय पुलिस सेवा में भर्ती किये गये ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल): (क) और (ख) : अपेक्षित सूचना बतलाने वाले विवरण सदन के सभा पटल पर रखे जाते हैं। **[पुस्तकालय में रखे गये। देखिये संख्या एल. टी. 246/69]**

अमरीकी पर्यटक

***357. श्री बाबू राव पटेल :** क्या **पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत वर्ष अमरीकी पर्यटकों द्वारा व्यय किये गये 4 बिलियन डालरों में भारत का भाग रुपयों के रूप में कितना था;

(ख) क्या यह सच है कि घटिया किस्म का भोजन, वीज़ा प्राप्त करने में लालफीताशाही से उत्पन्न कठिनाइयां, निजी सामान की चोरी, दलालों तथा भिखारियों से परेशानी, बड़े होटलों में अच्छे मैत्रीपूर्ण वातावरण का अभाव, निषेद्धि के आदेश, हस्तकला तथा हथकरघा उत्पादों के अत्यधिक मूल्य, प्राकृतिक दृश्यों तथा सामान्य सुविधाओं का अभाव, कुछ एक ऐसी बातें हैं, जिनके कारण न केवल एक विख्यात अमरीकी पत्रिका अपितु पेसिफिक एरिया ट्रैवल एसोसिएशन द्वारा भी पर्यटन के मामले में भारत को बहुत निचला दर्जा दिया गया है; और

(ग) यदि हां, तो इस स्थिति को सुधारने के लिये सरकार द्वारा क्या ठोस कार्यवाही की जा रही है ?

पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मंत्री (डा० कर्ण सिंह) : (क) यू० एस० के पर्यटकों द्वारा 1967 में भारत में किया गया व्यय अनुमानत: 6.275 करोड़ रुपये है। यू० एस० के पर्यटकों द्वारा 1968 में किये गये व्यय के आंकड़े अभी एकत्रित किये जाने हैं।

(ख) प्रश्न में उल्लिखित कुछ बातें पेसिफिक एरिया ट्रैवल एसोसिएशन द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट में भी दी गयी हैं।

(ग) पर्यटन विभाग ने पर्यटकों की देखभाल में जनता का भी सहयोग प्राप्त करने के लिये एक विस्तृत कार्यक्रम आरम्भ किया है। केवल जनता के पूर्ण सहयोग से ही इन त्रुटियों को दूर किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त अब प्रार्थना-पत्र प्राप्त होते ही यथासम्भव तत्काल ही विज़ा जारी कर दिये जाते हैं। पर्यटक कार्यालय अनुमोदित दुकानों की एक सूची रखते हैं। होटलों को उनके यहां दिये जाने वाले भोजनों की किस्म में सुधार करने का परामर्श दिया जा रहा है। विशेष पर्यटन पुलिस के प्रस्ताव को सिद्धान्त रूप में स्वीकार कर लिया गया है। हमारे यहां के रमणीक प्राकृतिक दृश्यों को दिखाने के लिये नये कार्यक्रम तैयार किये जा रहे हैं और हमारा 'विदेशियों के यहां की जनता के साथ सीधे सम्पर्क' का कार्यक्रम भी अधिक व्यापक बनाया जा रहा है। यहां यह बताना आवश्यक है कि केन्द्रीय चौथी योजना में पर्यटन

विषयक वित्त व्यवस्था में अत्यधिक कांट-छांट के कारण पर्यटन के आधारभूत उपादानों का उतनी तेजी से सुधार करना सम्भव नहीं हो सकेगा जैसे कि पहले आशा की गई थी।

भारत और रूस के बीच समुद्र द्वारा यात्रा

*358. **श्री ए० श्रीधरन :**
श्री हिम्मतसिंहका :
श्री सु० कु० तापड़िया :

क्या **नौवहन तथा परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत और रूस के बीच दोनों देशों द्वारा समुद्री यात्रायें बढ़ाने की व्यवस्था करने के लिये हाल में कोई करार हुआ है;

(ख) यदि हां, तो इस करार की शर्तें क्या हैं और वर्ष 1968 और 1967 की तुलना में वर्ष 1969 में इन यात्राओं में कितनी वृद्धि की जायेगी; और

(ग) इसके फलस्वरूप पिछले वर्ष की तुलना में आगामी वर्ष में भारतीय जहाजों के मालिकों की आय में कितनी वृद्धि होगी और वे कितनी विदेशी मुद्रा अर्जित करेंगे ?

संसद्-कार्य तथा नौवहन तथा परिवहन मंत्री (श्री रघुरामैया):(क)और (ख): जी हां। इस बात की सहमति हो गई है कि प्रत्येक दिशा में प्रत्येक देश द्वारा जिन समुद्री यात्राओं की व्यवस्था की जायेगी उनकी संख्या 1967 और 1968 की 32 यात्राओं की तुलना में बढ़ाकर 36 कर दी जायेगी। समझौते की कुछ अन्य महत्वपूर्ण बातों का सम्बन्ध इन विषयों से है– टैरिफ का वर्तमान निशुल्क अन्दर और बाहर आधार का जारी रहना, बड़ी लाइन के पूरा होने के बाद माल का काडला पत्तन होकर आना, नयी वस्तुओं का भाडा दरों का युक्तिकरण सोवियत पत्तनों पर माल के प्रघूमन की प्रक्रिया खानापूरी की प्रक्रिया और भारतीय जहाजी सेवाओं द्वारा अर्जित भाड़े का शीघ्रता से निपटारा।

(ग) 1969 में चार अतिरिक्त समुद्री यात्राओं के कारण भारतीय जहाजी कम्पनियों (नौ वाणिकों की नहीं) की आय में लगभग 80 लाख रुपये की वृद्धि होने की सम्भावना है। दोनों देशों के बीच हुये व्यापार और भुगतान समझौते के अनुसार भाड़े का भुगतान रुपयों में किया जाता है।

संयुक्त सलाहकार व्यवस्था की राष्ट्रीय परिषद् की बैठक

*359. **श्री स० मो० बनर्जी :** क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि संयुक्त सलाहकार व्यवस्था के संविधान के अनुसार इसका निर्वाचित अथवा नामनिर्दिष्ट सदस्य तीन वर्ष तक इसकी राष्ट्रीय परिषद का सदस्य रहता है, जब तक कि उसके विरुद्ध अविश्वास का मत पास न हो जाये; और

(ख) यदि हां, तो 27 दिसम्बर, 1968 को उक्त राष्ट्रीय परिषद की बैठक में कुछ सदस्यों को न बुलाये जाने के क्या कारण हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री के० एस० रामास्वामी) : (क) जी नहीं, श्रीमान् । केवल मान्यता प्राप्त संस्थाओं/संघों के नामनिर्दिष्ट सदस्य ही राष्ट्रीय परिषद के सदस्य के रूप में तीन वर्ष के कार्यकाल तक रह सकते हैं ।

(ख) चूंकि केन्द्रीय सरकारी कर्मचारियों की कुछ संस्थाओं, संघों ने 19–20 सितम्बर, 1968 को सांकेतिक हड़ताल में भाग लिया और फलस्वरूप उनकी मान्यता वापस ले ली गई थी । अतः राष्ट्रीय परिषद में उनके प्रतिनिधि परिषद के सदस्य नहीं रहे ।

Political arrests in West Bengal

*360. **Shri Onkar Singh** : Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state :

(a) the number of political arrests made in West Bengal, Punjab, Bihar and Uttar Pradesh since the proclamation of the President's rule there during 1968 and the number of Members of Parliament among them; and

(b) the number of political leaders out of those arrested against whom cases were filed and the number against whom cases are still pending ?

The Minister of Home Affairs (Shri Y. B. Chavan) : (a) and (b): Under the law, arrests are made for specific offences. Therefore the question of making arrests on political grounds does not arise. However, information regarding MPs and other political leaders arrested for specific violation of the law is being collected and will be furnished subsequently.

हिमाचल प्रदेश की आय और प्रशासनिक व्यय

2051. **श्री हेम राज** : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) हिमाचल प्रदेश की वर्ष 1963 से 1966 तक तथा वर्ष 1967–68 और 1968–69 में आय तथा प्रशासनिक व्यय कितना था;

(ख) केन्द्रीय सरकार की सेवाओं अर्थात सीमा सुरक्षा तथा सीमान्त जिलों पर कितना व्यय हुआ था; और

(ग) उपर्युक्त वर्षों में लाहौल तथा स्पिति तथा किनौर के अनुसूचित तथा सीमान्त जिलों पर होने वाले भारी व्यय में से कितने प्रतिशत व्यय केन्द्रीय सरकार ने वहन किया था ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) अपेक्षित सूचना नीचे दी गई है ।

वर्ष	राजस्व आय (रुपये लाखों में)	प्रशासनिक व्यय (वेतन, भत्ता तथा आकस्मिक व्यय)
1963–64	555.11	759.30
1964–65	752.46	1116.05
1965–66	825.69	1190.42

1966-67	1066.18	1610.50
1967-68	1355.96	2396.38
	(संशोधित प्राक्कलन)	
1968-69	1443.38	2602.33
	(बजट प्राक्कलन)	(बजटबद्ध)

(ख) सीमा सुरक्षा सेवा से सम्बन्धित व्यय की राशि निम्नलिखित है :—

	(रुपये लाखों में)
1963-64	18.76
1964-65	26.16
1965-66	11.70
1966-67	42.66
1967-68	74.28
1968-69	83.32 (बजटबद्ध)

सीमा सुरक्षा का सारा खर्च केन्द्र सरकार द्वारा वहन किया जाता है। सीमावर्ती जिलों के बारे में सूचना एकत्रित की जा रही है।

(ग) सूचना एकत्रित की जा रही है।

केन्द्रीय सड़क निधि से गुजरात को अनुदान

2052. **श्री नरेन्द्र सिंह महीडा :** क्या नौवहन तथा परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गुजरात सरकार ने वर्ष 1968-69 में केन्द्रीय सड़क निधि से वित्तपोषित की जाने वाली योजनायें भेजी थी;

(ख) यदि हां, तो उन योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) कितनी राशि की मांग की गई थी और अब तक कितनी राशि आवंटित की गई है; और

(घ) क्या केन्द्रीय सड़क निधि (सामान्य) से अनुदान मांगे गये थे ?

संसद्-कार्य विभाग तथा नौवहन तथा परिवहन मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री इकबाल सिंह) : (क) और (ख) : सड़क विकास की योजनाएं, जिनके लिए धन केन्द्रीय सड़क निधि से दिया जाता है, वर्ष प्रतिवर्ष के आधार पर आमंत्रित तथा अनुमोदित नहीं की जाती है। 1970-71 को समाप्त होने वाले पांच वर्षों के लिए ऐसी योजनाओं से सम्बद्ध प्रस्ताव जनवरी, 1967 में गुजरात सरकार सहित राज्य सरकारों से आमंत्रित किये गये थे। उस सरकार से प्राप्त प्रस्ताव अनुमोदित कर लिए गये हैं और उनका ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है। [पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी० 247/69]

(ग) और (घ): गुजरात सरकार ने 1968–69 के संशोधित अनुमानों में विनिधान निर्माण कार्यों के लिए 19.57 लाख रुपये की और सामान्य आरक्षण निर्माण कार्यों के लिए 5.42 लाख रुपये की व्यवस्था करने की मांग की है और इसके विपरीत विनिधान निर्माण कार्यों के लिए 18.00 लाख रुपये और सामान्य आरक्षण निर्माण कार्यों के लिए 5.00 लाख रुपये की व्यवस्था की जा रही है ।

गुजरात में पर्यटक केन्द्र

2053. श्री नरेन्द्र सिंह महीडा : क्या पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार ने इस वर्ष पर्यटकों के लिये परिवहन सुविधाएं बढ़ाने के लिये क्या कार्यवाही की है ताकि वे गुजरात में पर्यटक केन्द्रों में जा सकें;

(ख) प्राकृतिक सौन्दर्य और पर्यटक आकर्षण के स्थानों के विकास के लिये कितनी राशि नियत की गयी है; और

(ग) गुजरात में किन-किन स्थानों को पर्यटक केन्द्रों के रूप में चुना गया है ?

पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मंत्री (डा० कर्ण सिंह) : (क) इस वर्ष परिवहन सुविधाओं को बढ़ाने के कोई विशेष उपाय नहीं किये गये हैं, परन्तु भूतकाल में अनुमोदित कार परिचालकों के लिये स्टेट ट्रेडिंग कारपोरेशन की कारों का नियतन किया जाता रहा है ।

(ख) चालू वित्तीय वर्ष में केन्द्रीय सरकार ने राज्य सरकार के साथ मिलकर गुजरात में निम्नलिखित पर्यटन केन्द्रों का विकास कार्य प्रारम्भ किया है :—

		केन्द्रीय सरकार का अंश
		रुपये
(i)	लोथल में कैंटीन-व-रिटायरिंग रूम का निर्माण (पिछली योजना का अवशेष)	10,000
(ii)	लोथल में जल-व्यवस्था (पिछली योजना का अवशेष)	3,000
(iii)	साबरमती आश्रम में गैस्ट हाउस का निर्माण	50,000

(ग) दूसरी और तीसरी पंचवर्षीय योजनाओं तथा तीन वार्षिक योजनाओं में पर्यटक सुविधाओं के विकास के लिये निम्नलिखित पर्यटन केन्द्र चुने गये थे :—

लोथल, सस्सन गिर, नल सरोवर, और साबरमती ।

चौथी पंचवर्षीय योजना में अहमदाबाद काम्प्लेक्स में सुविधाएं प्रदान करने का एक अनन्तिम प्रस्ताव है, जिसमें साबरमती में 'ध्वनि और प्रकाश' दृश्य का आयोजन भी सम्मिलित है ।

भारत में शिक्षा

2054. श्री बाबू राव पटेल : क्या शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान भूतपूर्व केन्द्रीय शिक्षा मंत्री द्वारा 30 दिसम्बर, 1968 को 'भारत में शिक्षा की' स्थिति के बारे में इन्दौर में दिये गये इस वक्तव्य की ओर दिलाया गया है कि "गत 20 वर्षों में हमने जो कुछ किया है वह कुछ नहीं है और वह रेतीली भूमि पर एक बहुमंजिला भवन बनाने का प्रयत्न मात्र था;"

(ख) यदि हां, तो इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है; और

(ग) इस स्थिति को सुधारने के लिए सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री (डा० वी० के० आर० वी० राव) : (क) भूतपूर्व केन्द्रीय शिक्षा मंत्री द्वारा इन्दोर में 29 दिसम्बर, 1968 को (30 दिसम्बर, 1968 को नहीं) दिए गए भाषण को तोड़ मरोड़ कर पेश किया गया है। उनका वक्तव्य इस प्रकार था :—

"हम उच्च शिक्षा पर बहुत ज्यादा जोर दे रहे हैं और प्राथमिक शिक्षा की उपेक्षा कर रहे हैं, जिसको हमारे संविधान निर्माताओं ने बहुत ज्यादा महत्व दिया है—यह गलत नीति है जो रेत पर बहुमंजली भवन बनाने के समान है।"

(ख) और (ग): प्राथमिक शिक्षा के विकास की जिम्मेदारी मूलरूप से राज्य सरकारों की है। भारत सरकार ने इस कार्यक्रम को उच्च प्राथमिकता देने तथा अपनी-अपनी चौथी पंचवर्षीय आयोजना में इसके लिए पर्याप्त धनराशि निर्धारित करने के लिए राज्य सरकारों को सलाह दी है।

उच्च न्यायालय के सेवा निवृत्त न्यायाधीश

2055. श्री बाबूराव पटेल : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत पांच वर्षों के दौरान सेवा निवृत्त होने वाले उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के नाम तथा उनकी सेवा निवृत्ति की तिथियां क्या हैं और उनकी मासिक पेन्शनों का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त सूची में ऐसे व्यक्तियों के नाम क्या हैं जिन्हें समितियों अथवा आयोगों में नियुक्तियां दी गयी; इन समितियों तथा आयोगों की नियुक्ति तथा इनकी समाप्ति की तिथियां क्या हैं; उन्हें दिये गये कार्य का ब्यौरा तथा इन नियुक्तियों के सिलसिले में उनकी वेतन प्रतिपूर्ति और यात्रा भत्ते के रूप में प्रत्येक की कितनी-कितनी उपलब्धियां थीं;

(ग) क्या यह सच है कि सेवा निवृत्ति के बाद समिति अथवा आयोग पर नियुक्ति की आशा का उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के दिलों पर प्रभाव पड़ता है और सरकार द्वारा दायर किये गये मामलों में यह प्रभाव निश्चित रूप से परिलक्षित होता है; और

(घ) इन सेवा निवृत्त न्यायाधीशों को जिन्हें आराम की अत्यधिक आवश्यकता है क्योंकि पुनः सेवा में लगा दिया जाता है, जबकि उन्हें आयु और स्मरण शक्ति की कठिनाइयां होती हैं जैसे कि पाया गया है ?

गृह कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) अपेक्षित सूचना बताने वाला एक विवरण संलग्न है। [**पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी० 248/69**]

(ख) सूचना एकत्रित की जा रही है और सदन के सभा-पटल पर रख दी जायगी।

(ग) जी नहीं, श्रीमान्। ऐसा अनुमान करने के लिए कोई भी कारण नहीं है।

(घ) अवकाश प्राप्त न्यायाधीश साधारणतया न्यायिक अथवा अर्ध-न्यायिक प्रकार के कार्यों वाले पदों पर नियुक्त किये जाते हैं। ऐसे पदों पर नियुक्ति के लिए सेवारत न्यायाधीशों की सेवाएं प्राप्त करना सदा सम्भव नहीं होता। न्यायपालिका पर लोक-विश्वास तथा अवकाश प्राप्त न्यायाधीशों की उस योग्यता तथा निष्पक्षता को ध्यान में रखते हुए जिससे वे उनको सौंपे गये कार्यों को करते रहे हैं, यह स्पष्ट रूप से लोक-हित में है कि यह प्रथा समाप्त न की जाए।

सांताक्रुज हवाई अड्डे पर शुल्क रहित दुकान

2056. **श्री बाबूराव पटेल** : क्या **पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सांताक्रुज हवाई अड्डे पर हाल ही में खोली गयी शुल्क रहित बिक्री वाली दुकान के प्रदर्शन केसों में विदेशी विह्स्की और शराब को खुले तौर पर रखा गया है; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं जबकि महाराष्ट्र सरकार ने राज्य में मद्य निषेध के कारण किसी प्रकार के शराब के प्रदर्शन, विज्ञापन अथवा प्रचार को निषिद्ध किया हुआ है ?

पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मंत्री (डा० कर्ण सिंह) : (क) जी, हां।

(ख) शुल्क मुक्त दुकानों पर सामान केवल देश में से होकर जाने वाले, अन्तर्राष्ट्रीय यात्रा के यात्रियों को बेचा जा सकता है और यह बिक्री पासपोर्ट, उड़ान का ब्यौरा, इत्यादि प्रस्तुत करने पर विदेशी मुद्रा में की जाती है। ये बम्बई में खपत के लिए नहीं हैं। यह दुकान हवाई अड्डे के अन्तर्राष्ट्रीय ट्रांजिट लौंज में स्थित है जहां कि आम जनता प्रवेश नहीं कर सकती है और इसका उपयोग केवल अन्तर्राष्ट्रीय यात्राओं पर देश से बाहर जाने वाले तथा देश में से होकर जाने वाले यात्री ही कर सकते हैं। यह विश्व भर में प्रचलित प्रथा के अनुरूप है।

लुधियाना में गांधी जी की प्रतिमा को कुरुप करना

2057. **डा० कर्णी सिंह** : क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने लुधियाना में गांधीजी की प्रतिमा को कुरूप बनाने के बारे में कोई जांच की है;

(ख) क्या दोषियों का पता चल गया और यदि हां, तो उनके विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है; और

(ग) भविष्य में सार्वजनिक स्मारकों की सुरक्षा के लिये क्या कार्यवाही की जा रही है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) से (ग) : पंजाब सरकार ने सूचित किया है कि लुधियाना में महात्मा गांधी की प्रतिमा को किसी ने कुरूप नहीं किया है । अत: सरकार द्वारा कोई जांच करने का प्रश्न नहीं उठता ।

Express Highway in Madhya Pradesh

2058. Shri G. C. Dixit : Will the Minister of Shipping and Transport be pleased to state :

(a) whether the Madhya Pradesh Government have been given a loan by the Central Government for the construction of an express highway;

(b) if so, the amount allocated in 1967-68 and 1968-69 and the amount out of it which has been spent; and

(c) if no loan has bean given, the reasons therefor ?

The Deputy Minister in the Ministry of Parliamentary Affairs and Shipping and Transport (Shri Iqbal Singh) : (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

(c) No proposal for loan assistance for the construction of any express highway in the Madhya Pradesh State has been received from the State Government.

Foreign Tourists visiting Madhya Pradesh

2059. Shri G. C. Dixit : Will the Minister of Tourism and Civil Aviation be pleased to state :

(a) whether Government have made any assessment to find out the number of foreign tourists visiting the places of tourist intreest in Madhya Prades each year; and

(b) whether there has been some decrease in the number of tourists visiting Madhya Pradesh during the last two years ?

The Minister of Tourism and Civil Aviation (Dr. Karan Singh) : (a) No, Sir. The Department of Tourism does not maintain data of the number of foreign tourists visiting places of tourist interest in different States or each individual place.

(b) Does not arise.

मध्य प्रदेश की यात्रा करने वाले पर्यटकों के लिये यातायात पर व्यय

2060. **श्री गं० च० दीक्षित :** क्या पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में मध्य प्रदेश में पर्यटन महत्व के स्थानों की यात्रा करने के लिये पर्यटकों को यातायात सुविधायें देने पर कितना व्यय किया गया ?

पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मंत्री (डा० कर्ण सिंह) : केन्द्रीय सरकार द्वारा कोई व्यय नहीं किया गया है, क्योंकि पर्यटक अभिरुचि के स्थानों के लिए परिवहन सुविधाओं की व्यवस्था करना सम्बन्धित राज्य सरकार की जिम्मेदारी है ।

पुलिस भवन-निर्माण योजना के लिये ऋण

2061. **श्री गं० च० दीक्षित :** क्या गृह-कार्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 1965-66, 1966-67 तथा 1967-68 में पुलिस भवन-निर्माण योजना के लिये मध्य प्रदेश सरकार को ऋण दिया गया है;

(ख) यदि हां, तो उनका वर्षवार ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस योजना के अन्तर्गत मध्य प्रदेश में अब तक कितने मकान बनाये गये हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) जी हां, श्रीमान् ।

(ख) सूचना निम्नलिखित है :—

वर्ष	ऋण की राशि
1965-66	32.25 लाख रुपये
1966-67	32.00 लाख रुपये
1967-68	30.00 लाख रुपये

(ग) मध्य प्रदेश सरकार ने सूचित किया कि 1967-68 तक 18259 मकान बनाये गये ।

मध्य प्रदेश में पर्यटन

2062. **श्री गं० च० दीक्षित :** क्या पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार मध्य प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये क्या कार्यवाही करने पर विचार कर रही है;

(ख) क्या इसमें राज्य सरकार का सहयोग प्राप्त किया जायेगा; और

(ग) यदि हां, तो किस तरह से ?

पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मंत्री (डा० कर्ण सिंह) : (क) मध्य प्रदेश सरकार की पर्यटन स्कीमों के अतिरिक्त, केन्द्रीय सरकार का चतुर्थ पंचवर्षीय योजना के दौरान खजुराहो के समेकित विकास-कार्य को आरम्भ करने का प्रस्ताव है, जिसके लिए अनंतिम रूप से 5 लाख रुपये की वित्तीय व्यवस्था की गयी है।

(ख) और (ग) : स्कीम के ब्यौरे को राज्य सरकार के साथ परामर्श करके तैयार किया जायेगा।

अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के उम्मीदवारों की अखिल भारतीय सेवाओं में भर्ती

2063. श्री सोमचन्द सोलंकी : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राज्यों में भिन्न-भिन्न अखिल भारतीय सेवाओं में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के जितने प्रतिशत उम्मीदवार रखे जाने चाहिये, उतने नहीं रखे जाते हैं;

(ख) यदि हां, तो वर्ष 1968 में गुजरात राज्य में इन सेवाओं में विभाग-वार इन जातियों के कितने प्रतिशत उम्मीदवारों को प्रतिनिधित्व दिया गया; और

(ग) सरकार का इस मामले में क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) : अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के उम्मीदवारों के लिए अखिल भारतीय सेवाओं में भर्ती के लिए आरक्षण प्रतियोगिता-परीक्षाओं द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों के क्रमश: $12\frac{1}{2}$ प्रतिशत तथा 5 प्रतिशत की दर से किया जाता है; आरक्षण राज्यवार नहीं किया जाता है। भारतीय प्रशासनिक सेवा में उनके लिए आरक्षित रिक्तियां सन् 1962 से और भारतीय पुलिस सेवा में सन् 1963 से पूर्णत: भरी गई है। भारतीय वन सेवा में, जिसके लिए प्रतियोगिता परीक्षाओं के माध्यम से भर्ती सन् 1967 से आरम्भ हुई, आरक्षिक रिक्तियां अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के उम्मीदवारों द्वारा विधिवत भरी गई हैं।

(ख) 31 दिसम्बर, 1968 को गुजरात में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों का प्रतिनिधित्व इस प्रकार था :—

सेवा	अधिकारियों की संख्या	अनुसूचित जातियों की संख्या	अनुसूचित आदिम जातियों की संख्या
भा० प्र० से०	156	11	1
भा० पु० से०	71	4	2
भा० व० से०	31	कुछ नहीं।	कुछ नहीं।

(ग) चूंकि पहले वर्षों में भा० प्र० से० तथा भा० पु० से० में नियुक्त अधिकारी तथा प्रारम्भिक गठन की अवस्था में भा० व० से० में नियुक्त अधिकारी यथासमय सेवा निवृत्त होते हैं। अत: उ के परिणामस्वरूप आरक्षित रिक्तियां, जिनमें प्रतियोगिता परिक्षाओं द्वारा नियुक्तियां की जाएंगी, पूर्णत भरे जाने की सम्भावना है।

राष्ट्रीय खेलकूद संस्था का स्थानान्तरण

2064. **श्री एस० डी० सोमसुन्दरम्** : क्या शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि प्रशासक बोर्ड ने राष्ट्रीय खेलकूद संस्था का पटियाला से दिल्ली अथवा ग्वालियर में स्थानान्तरण करने का निर्णय किया था;

(ख) यदि हां, तो स्थानान्तरण में विलम्ब के क्या कारण हैं; और

(ग) इसका स्थानान्तरण कब तक कर दिया जायेगा ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भक्त दर्शन) : (क) से (ग) : भारत सरकार द्वारा नियुक्त दो सदस्यीय समिति ने संस्थान के प्रशिक्षण विभाग को ग्वालियर तथा शिक्षण विभाग को दिल्ली स्थानान्तरित करने की सिफारिश की है। संस्थान के गवर्नर्स बोर्ड ने इस सिफारिश को स्वीकार्य योग्य नहीं समझा। मामला सरकार के विचाराधीन है।

दक्षिणी राज्यों के लिये फुटबाल का शिक्षक

2065. **श्री एस० डी० सोमसुन्दरम्** : क्या शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दक्षिणी, राज्यों को राष्ट्रीय खेलकूद संस्था से फुटबाल का कोई शिक्षक नहीं भेजा जाता है; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भक्त दर्शन) : (क) और (ख) : जी नहीं। फील्ड विंग में काम कर रहे सात फुटबाल प्रशिक्षक हैं, जिनमें से दो दक्षिणी क्षेत्रों में हैं।

Reports and Publications etc. relating to Tourism & Civil Aviation Ministry

2066- **Shri Bharat Singh Chauhan** : Will the Minister of **Tourism and Civil Aviation** be pleased to state the names, dates of publication, language, price and the position regarding the availability of the reports (recommendations etc) submitted and published by all types of Commissions, Study Teams, Study Groups and Committee relating to his Ministry and subordinate institutions and organisations during the last three years ?

The Minister of Tourism and Civil Aviation (Dr. Karan Singh) : This Ministry came into being only two years ago in March, 1967. No special reports, apart from the Annual Report, have yet been published.

Indian students going Abroad

2067. **Shri Jagannath Rao Joshi** :
Shri Ram Gopal Shalwale :
Shri Suraj Bhan :
Shri Brij Bhushan Lal :
Shri Atal Behari Vajpayee :
Shri Ranjit Singh :

Will the Minister of **Education and Youth Services** be pleased to state :

(a) the total number of students who have gone abroad to get higher education during the last 3 years; and

(b) the number of those amongst them who adopted the foreign citizenship and settled there along with the names of the respective countries and the reasons therefor ?

The Minister of Education and Youth Services (Dr. V. K. R. V. Rao) : (a) 15,271

(b) The informations is incomplete, available only in part for the U. S. A. It is being collected and will be laid on the Table of the Sabha.

काश्मीर के बारे में मीरवायज का सुझाव

2068. श्रीमती इलापाल चौधरी : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान काश्मीर के नवें मीरवायज़, मौलवी मुहम्मद फारूक द्वारा, जो इस वर्ष जनवरी में दिल्ली में थे, काश्मीर के प्रश्न के हल के बारे में व्यक्त किये गये विचारों तथा पाकिस्तान का दौरा करने के उनके इरादे की ओर दिलाया गया है; और

(ख) यदि हां, तो इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

गृह-कार्य मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) सरकार ने प्रेस रिपोर्ट देखी है ।

(ख) जम्मू व कश्मीर पर सरकार की नीति संसद में तथा उसके बाहर दोनों जगह अतीत में स्पष्ट कर दी गई है और उस नीति में कोई परिवर्तन नहीं है ।

मौलवी फारूक से पाकिस्तान को जाने के लिए पारपत्र हेतु औपचारिक आवेदन-पत्र प्राप्त होने पर मामले पर विचार किया जाएगा ।

Inducing of sense of dignity of labour among students

2069. Shri Om Prakash Tyagi : Will the Minister of Education and Youth Services be pleased to state :

(a) the steps b eing taken by Government to induce a sense of dignity of labour in the students of the country;

(b) whether Government propose to provide work to the students during the School holidays in order to make them self-dependent;

(c) if so, the nature of the scheme; and

(d) if not, the rersons therefor ?

The Minister of Education and Youth Services (Dr. V. K. R. V. Rao) : (a) The Schemes of Labour and Social Service Camps and Campus Works Project so far operated by Government envisage rendering of manual labour by students on voluntary basis and there by inculcate a sense of dignity of manual labour among them. Government has formolated a new Scheme of Natianal Service Corps Programme which inter alia covers constructive activities and social service by university students.

(b) No, Sir.

(c) and (d): Does not arise.

उच्च सरकारी अधिकारियों के विरुद्ध आरोप

2070. श्री हरदयाल देवगुण :
श्री सीताराम केसरी :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने जालसाजी तथा धोखाधड़ी के उन मामलों की जांच की है जिनमें 22 दिसम्बर, 1968 के "हिन्दुस्तान टाइम्स" में छपे समाचार के अनुसार बड़े उच्च सरकारी अधिकारियों का हाथ है;

(ख) क्या कुछ जालसाजों द्वारा नामों, कोरे शीर्षनामों तथा अन्य सामग्री आदि का प्रयोग किये जाने के बारे में कोई भी जांच की गई है;

(ग) यदि हां, तो उसका क्या परिणाम निकला है और जांच करने वाली एजेंसियों के नाम क्या हैं;

(घ) सरकार ने इस मामले में क्या कार्यवाही की है; और

(ङ) यदि इस मामले में कोई कार्यवाही नहीं की गयी है तो इन मामलों में जांच कब तक आरम्भ तथा पूरा होने की सम्भावना है ?

गृह-कार्य मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) दो ऐसे मामले ध्यान में आये हैं। एक गैर सरकारी व्यक्ति द्वारा भारत सरकार के उच्च पदाधिकारी से जाली सिफारिशी पत्र के प्रयोग के सम्बन्ध में है और दूसरा हिन्दी पुस्तकों के जाली मुद्रण और प्रकाशन के बारे में है जो एक सुविख्यात हिन्दी लेखक के नाम से लिखी दिखाई गई है।

(ख) से (ङ) : इन दोनों घटनाओं पर मामले दर्ज कर लिये गये हैं और केन्द्रीय जांच ब्यूरो द्वारा जांच की जा रही है। जांच पूरी होने पर कानून के अनुसार कार्यवाही की जायगी।

मिर्जापुर में गंगा पर पुल

2071. श्री क० लक्कप्पा :
डा० सुशीला नैयर :

क्या नौवहन तथा परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारत सरकार ने मिर्जापुर में गंगा नदी पर पुल बनाने के प्रस्ताव को रद्द कर दिया है; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

संसद-कार्य तथा नौवहन तथा परिवहन मंत्रालय में उपमंत्री (श्री इकबाल सिंह) : (क) और (ख) : मिर्जापुर पर गंगा का पुल राज्य सड़क पर पड़ेगा। अतः उसके निर्माण से उत्तर प्रदेश सरकार सम्बन्धित है। उसका प्रस्ताव इसे चौथी पंचवर्षीय योजना में शामिल करने का

है और इस निर्माण कार्य के लिये उसने केन्द्र से ऋण रूप में सहायता मांगी है। ऋण रूप में सहायता देने के राज्य सरकार के अनुरोध पर निर्णय चौथी पंचवर्षीय योजना को अन्तिम रूप देने के बाद ही लिया जा सकता है।

इलाहाबाद में गंगा पर पुल

2072. श्री देवकीनन्दन पाटोदिया : क्या नौवहन तथा परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि विश्व के प्रसिद्ध पुल-डिजाइन निर्माता डा० फिटज लेआन्हार्ट ने अपने हाल ही के भारत के दौरे में इलाहाबाद में गंगा पर प्रस्तावित पुल के डिजाइन के बारे में उपप्रधान मत्री के साथ बातचीत की थी;

(ख) यदि हां, तो प्रसिद्ध पुल शिल्पी के साथ किन मामलों पर बातचीत की गई थी और क्या पुल का डिजाइन तैयार करने में उसका सहयोग प्राप्त किया जायेगा; और

(ग) यदि नहीं, तो क्या पुल के डिजाइन निर्माता उसके बिचारों को ध्यान में रखेंगे ?

संसद कार्य तथा नौवहन तथा परिवहन मंत्रालय में उपमन्त्री (श्री इकबाल सिंह) : (क) से (ग) : जनवरी 1969 में अपनी यात्रा के दौरान डा० फ्रिटज लियोनहार्ट, जो मेसर्स एस० बी० जोशी एण्ड को० लिमिटेड, इलाहाबाद पर गंगा पुल के ठेकेदार, के सलाहकार हैं, उप प्रधान मंत्री से मिले। उप प्रधान मत्री के साथ की उनकी बातचीत में इस पुल का जिक्र हुआ। पुल के डिजाइन के बारे में कोई विचार विमर्श नहीं हुआ परन्तु डा० लियोनहार्ट ने बताया कि भारत में जिन पुल परियोजनाओं का उन्होंने काम किया हैं उनमें यह परियोजना सबसे बड़ी है।

चूंकि डा० लियोनहार्ट कम्पनी के सलाहकार है, अत: उनके साथ भारत सरकार, राज्य लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों और ठेकेदारों के इंजीनियरों ने विचार विमर्श और उनके विचारों को नोट किया।

Nomination to Committees and Delegations

2074. Shri Kanwar Lal Gupta : Will the Minister of Parliamentary Affairs be pleased to state :

(a) the official Committees constituted and the delegations sent abroad by Government during the last two years in which members of Parliament are represented; and

(b) the names of members of these Committees and delegations and the names of political parties to which they belonged ?

The Minister of Parliamentary Affairs and Shipping and Transport (Shri Raghuramaiah): (a) and (b) : The information is being collected and will be laid on the Table of the House.

खम्बात पत्तन

2075. श्री नरेन्द्र सिंह महोडा : क्या नौवहन तथा परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को गुजरात के खम्बात पत्तन में गाद जमने के बारे में कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुये हैं;

(ख) यदि हां तो इस बारे में खम्बात पत्तन में क्या खराबी पाई गई है; और

(ग) सरकार को इस खराबी को कब तक दूर कराने की आशा हैं ?

संसद-कार्य विभाग तथा नौवहन तथा परिवहन मन्त्रालय में उपमन्त्री (श्री इकबाल सिंह) : (क) लघु पत्तनों के विकास की कार्यकारी जिम्मेदारी सम्बद्ध राज्य सरकारों की है। गुजरात सरकार जो कैम्बे पत्तन के विकास से सम्बन्धित है, ने सूचित किया है कि कैम्बे पत्तन में कीचड़ भरने के बाबत उसे कोई अभ्यावेदन नहीं मिला है।

(ख) और (ग) : प्रश्न नहीं उठते।

गुजरात के लिये ड्रेजर

2076. श्री नरेन्द्र सिंह महीडा : क्या नौवहन तथा परिवहन मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात सरकार ने अपने प्रयोग के लिये एक ड्रेजर मांगा है;

(ख) यदि हां, तो इस पर क्या कार्यवाही की गई है;

(ग) सरकार द्वारा गुजरात को कब तक ड्रेजर भेजे जाने की संभावना है;

(घ) क्या गुजरात सरकार ने अधिक ड्रेजर मागे है; और

(ङ) अन्य किन राज्यों के पास अपने अपने ड्रेजर हैं ?

संसद-कार्य विभाग तथा नौवहन परिवहन मन्त्रालय में उप मन्त्री (श्री इकबाल सिंह) : (क) से (घ) : लघु पत्तनों की आवश्यकता के लिए भारत सरकार के पास 2 चूषण निकर्षकों का बेड़ा है। इनमें से एक निकर्षक जब से लिया गया था तब से भावनगर और ओखा पर काम कर रहा है।

गुजरात सरकार के भी अपने निकर्षक हैं। चूंकि इनमें से कुछ निकर्षक पुराने हैं। अतः उसने भारत सरकार को 23 85 685 डी एम विदेशी मुद्रा मेसर्स गार्डन रीच वर्कशाप कलकत्ता द्वारा एक डीजल चूषण हायर निकर्षक निर्माण करने के लिए कहा। अतः विदेशी मुद्रा दे दी गयी है और आदेश दे दिया गया है। उस सरकार ने 35 लाख रु० की लागत पर एक दूसरा इस्पात हल पीपा ग्रैब निकर्षक खरीदने के लिए भी प्रस्ताव रखा। इस निकर्षक के निर्माण के लिए आवश्यक अंगों को आयात करने के लिए उसने 1.25 लाख रुपये की विदेशी मुद्रा देने की मांग की। इस मांग की जांच की जा रही है।

(ङ) आंध्र प्रदेश, मदरास, केरल, मैसूर और मध्य प्रदेश की राज्य सरकारों के भी अपने छोटे निकर्षक है।

बिहार के मन्त्रियों के विरुद्ध जांच

2077 श्री क० अनिरुद्धन :
श्री उमानाथ :
श्री ज्योतिर्मय बसु :
श्री सत्य नारायण सिंह :
डा० सुशीला नायर :
श्री मोलहू प्रसाद :
श्री क० लकप्पा :
श्री यशपाल सिंह :

क्या गृह कार्य मन्त्री 29 नवम्बर, 1968 के तारांकित प्रश्न संख्या 421 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बिहार के भूतपूर्व छः कांग्रेसी मन्त्रियों के विरुद्ध आरोपों की जांच इस बीच पूरी हो गई है;

(ख) यदि हां, तो इसके परिणामों का ब्यौरा क्या है;

(ग) इन पर सरकार ने क्या कार्यवाही की है;

(घ) यदि नहीं, तो विलम्ब के क्या कारण है; और

(ङ) जांच के कब पूरा होने की सम्भावना है ?

गृह कार्य मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) (क) जी नहीं, श्रीमान् ।

(ख) और (ग) : प्रश्न नहीं उठता ।

(घ) और (ङ) : बिहार सरकार ने बताया है कि चूंकि आरोपों की संख्या बहुत अधिक है और प्रक्रियात्मक अपेक्षाओं का पालन भी करना पड़ता है । अतः जांच पूरी करने में कुछ समय लग सकता है । उन्हें आशा है कि जांच 30 सितम्बर, 1969 तक पूरी हो जायगी ।

Aircraft for I.A.C. & Air India

2078. Shri Suraj Bhan :
Shri Brij Bhushan Lal :
Shri Ranjit Singh :
Shri Jagannath Rao Joshi :
Shri Ram Gopal Shalwale :
Shri Atal Bihari Vajpayee :
Shri D. C. Sharma :
Shri Beni Shanker Sharma :
Shri Hardayal Devgun :
Shri Chengalraya Naidu :
Shri B. K. Das Chowdhury :

Will the Minister of Tourism and Civil Aviation be pleased to state :

(a) whether Government have taken a decision on the question of purchase of new types of aircraft, with a larger capacity, for the Indian Airlines and Air India; and

(b) if so, the details of the decision, the amount of foreign exchange involed therein and the likely gain therefrom ?

The Minister of Tourism and Civil Aviation (Dr. Kara Singh) : (a) and (b): With the approval of Government, Air-India have placed orders for two Boeing 147 (Jumbo-Jets) involving foreign exchange of Rs. 4500 crores.

The proposal of the Indian Airlines for the purchase of several 130 plus capacity aircraft is still under consideration of Government.

Tata Mercedes Buses

2079. **Shri Surj Bhan :**
Shri Brij Bhushan Lal :
Shri Ranjit Singh :
Shri Jagannath Rao Joshi :
Shri Ram Gopal Shalwale :
Shri Atal Bihari Vajpayee :

Will the Minister of **Shipping and Transport** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Commission is given by the Tata Mercedes to Government on the purchase of vehicles:

(b) the amount of Commission given under the President's Rule to the States, Union Territories and various Ministries of the Central Government per annum, separately, on making such purchases; and

(c) where and under which Head this amount has been deposited ?

The Minister of Parliamentary Affairs, and Shipping and Transport (Shri Raghu Ramaiah) : (a), (b) and (c) : The required information is being collected and will be laid on the Table of the Sadha, when received.

Change in Decentralised Adiministration for Central Secretariat

2080. **Shri Suraj Bhan :**
Shri Brij Bhushan Lal :
Shri Ranjit Singh :
Shri Jagannath Rao Joshi :
Shri Ram Gopal Shalwale :
Shri Atal Bihari Vajpayee :

Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state :

(a) whether a decision has been taken to make some change in the "decentralised adiministration" for the Central Secretariat Services;

(b) if so, the details and the purpose thereof; and

(c) if not, the reasons for the delay ?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla) ; (a) to (c) : The question of making certain changes to the present decentralised adiministration of the Central Secretariat Services is still under consideration and a decision is likely to be taken in the near future as the Administrative Reform Commission are likely to make some recomendations in regard to the management of Secretariat Services also.

लक्कदीव द्वीप समूह में शिक्षा का विकास

2081. श्री प० मु० सईद : क्या **शिक्षा तथा युवक सेवा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1966-67 और 1967-98 के दौरान लक्कदीव द्वीपसमूह में शिक्षा के विस्तार के लिये कितनी राशि नियत की गयी;

(ख) उक्त दो वर्षों के दौरान वास्तव में कितनी राशि व्यय की गयी;

(ग) क्या द्वीप समूह में तकनीकी शिक्षा की संस्थाओं की स्थापना संबंधी कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

(घ) यदि हां, तो उसका ब्योरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भक्त दर्शन) : (क) 1966-67 वर्ष के लिए नियत रकम 14,94,000 रुपए थी। और

1967-68 के लिए 17,41,000 रुपए थी।

(ख) 1966-67 के दौरान 14,23,989 रुपए और
1967-68 के दौरान 16,30,021 रुपए।

(ग) जी नहीं।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

(ङ) तकनीकी संस्थाओं में दाखिला चाहने वाले विद्यार्थियों की संख्या इतनी नहीं है कि द्वीपसमूह में कोई तकनीकी संस्था आरम्भ करना न्यायसंगत हो, ऐसे विद्यार्थियों को मुख्य भूमि की संस्थाओं में दाखिल किया जाता है।

लक्कदीव द्वीपसमूह में बन्दरगाह

2082. **श्री प० मू० सईद** : क्या **नौवहन तथा परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) लक्कदीव द्वीपसमूह में बन्दरगाह के विकास के बारे में क्या प्रगति हुई है; और

(ख) इसके कब तक पूरा होने की आशा है ?

संसद-कार्य विभाग तथा नौवहन तथा परिवरन मंत्रालय में उप मंत्री (श्री इकबाल सिंह) : (क) और (ख) : यह निश्चित करने के लिये कि निकर्षण किस द्रव का होता है तथा किस प्रकार का निकर्षक उसके लिये प्रयुक्त किया जायेगा, बोरिंग और भूमि की जांच का काम पूरा हो गया है। एक निकर्षक और जेट्टी निर्माण के लिये स्थूण ठोकने के उपस्कर खरीदने के लिये आदेश दिये गये हैं। दो लांच एक टग और एक "पावलो बोट" खरीद लिये गये हैं। जेट्टियों के निर्माण के लिये सामान एकत्रित किया जा रहा है। जल मार्गों पर चिन्ह लगाने का प्रबन्ध प्रगामी प्रावस्था में है। अधिकांश द्वीपों का जलीय सर्वेक्षण किया जा चुका है और शेष का किया जा रहा है। निर्माण कार्य के चौथी योजना काल में पूरा होने की संभावना है।

रोजगार और शिक्षा नीति पर गोष्ठी

2083. **श्री रा० बरुआ :**
श्री नि० रं० लास्कर :
श्री रामावतार शास्त्री :

क्या **शिक्षा तथा युवक सेवा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 7 और 8 दिसम्बर, 1968 को रोजगार और शिक्षा की नीति पर पटना में बिहार शिक्षा नागरिक परिषद् के तत्वावधान में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया था;

(ख) यदि हां, तो क्या गोष्ठा ने, जिसमें विख्यात अर्थशास्त्रियों तथा सामाजिक विचारकों ने भाग लिया था, समस्या के समाधान के लिये दीर्घकालीन और अल्पकालीन उपायों का सुझाव दिया है;

(ग) यदि हां, तो उसके मुख्य सुझाव क्या हैं; और

(घ) उनके प्रति सरकार ने कहां तक सहमति व्यक्त की हैं ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री (डा० वी० के० आर० वी० राव) : (क) जी हां ।

(ख) से (घ) : सेमिनार ने, शिक्षा मंत्रालय के पास कोई पत्र नहीं भेजा हैं । किन्तु, समाचार-पत्रों में छपी रिपोर्ट को ध्यान में रखते हुए, इसकी सिफारिशों की एक प्रति मंगाई गई है । इसके प्राप्त होने पर, इसे लोक सभा पटल पर रख दिया जाएगा ।

Dayal Commission's Report

2084. Shri Raghuvir Singh Shastri :
Shri Bhogendra Jha :
Shri Vishwa Nath Pandey :
Shri Hardyal Devgun :
Dr. Sushila Nayar :

Will the Minister of Home Affairs be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 4355 on the 13th December, 1968 and state :

(a) whether the report of the Raghubar Dayal Commission on the communal riots in the various parts of the country has been received by Government;

(b) if so, the findings of the Commission and its main recommendations; and

(c) the reaction of Government thereto ?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla) : (a) The Government have received of the Commission in respect of disturbances at Ranchi-Hatia. The Commission's inquiries into disturbances at other places are still in progress.

(b) and (c): The report regarding riots at Ranchi-Hotia was laid on the Table of the House on 25.2.69. A copy had been sent to Government of Bihar for appropriate action on the points concerning them. Copies of the reports have also been sent to the other State Government for their information and appropriat action on the recommendations which call for action at the district and State levels. The recommendations requiring action the Central Government are receiving attention.

दिल्ली में निजी वाहनों के लिये परमिट देने की प्रक्रिया

2085. श्री वेणी शंकर शर्मा : क्या नौवहन तथा परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली में लोगों को सार्वजनिक वाहन के लिये परमिट देने की प्रक्रिया तथा आधार क्या है; और

(ख) संबंधित विभाग द्वारा एक परमिट देने में कितना समय लगता है ?

संसद कार्य तथा नौवहन तथा परिवहन मंत्री (श्री रघुरामैया) : (क) और (ख) ; मोटरगाड़ी अधिनियम 1939 की धारा 56 के अन्तर्गत उक्त अधिकरण अधिनियम की धारा 57 में दी गयी प्रक्रिया के अनुसार राज्य परिवहन दिल्ली द्वारा जनता वाहनों के परमिट दिये जाते हैं। उस अधिनियम की धारा 57 में दिये गये विचारों के अलावा, दिल्ली प्रशासन के अनुसार अन्य सिद्धान्त जो अपनाये जाते है ये है- आवेदक को संघ क्षेत्र दिल्ली का निवासी होना चाहिए और आवेदन पत्र की तारीख को उसे एक मोटरगाड़ी जो 10 वर्ष से पुरानी न हो, प्रस्तुत करनी चाहिए।

ऐसे परमिट को प्रदान करने में सामान्य तौर पर लगभग दो मास लगते है। यदि आवेदक ने ऐसा अनुरोध किया हो तो उक्त सिद्धान्तों की शर्त के अनुसार स्थायी परमिट दिये जाने तक एक अस्थायी परमिट भी दिया जाता है।

लेबनान के साथ विमान सेवा करार

2086. **श्री रा० बरुआ :**
श्री नि० रं० लास्कर :

क्या **पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारत और लेबनान के बीच एक विमान सेवा करार पर हस्ताक्षर हुए हैं;

(ख) यदि हां, तो करार की मुख्य बातें क्या हैं; और

(ग) करार को कब कार्यान्वित किया जायेगा ?

पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मंत्री (डा० कर्ण सिंह) : (क) से (ग) : भारत सरकार तथा लेबनान गणराज्य की सरकार के बीच हवाई सेवाओं से संबंधित एक करार पर 19 सितम्बर, 1964 को हस्ताक्षर किये गये थे तथा 4 अप्रैल, 1966 को उसका अनुसमर्थन किया गया था।

भारत सरकार तथा लेबनान सरकार के प्रतिनिधिमंडलों के बीच दिसम्बर, 1968 के पहले सप्ताह में विमान सेवाओं के संबंध में बातचीत हुई जिसके परिणामस्वरूप दोनों प्रतिनिधिमण्डलों के नेताओं ने 6 दिसम्बर, 1968 को सहमति सूचक ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये।

सहमति सूचक ज्ञापन की विशेषताएं निम्न प्रकार हैं:-

(i) भारतीय आप्रवास यातायात में लेबानीज़ वाहकों की भागेदारी को निर्दिष्ट करने की रीति तथा सूत्र, भारत एवं लेबनान के वैमानिक प्राधिकारियों द्वारा

अनुमोदन किये जाने की शर्त पर, इन दोनों देशों के वाहकों के बीच होने वाले करार के द्वारा दो माह के अन्दर निर्धारित किये जायेंगे ।

(ii) जैसे ही एयर इंडिया तथा लेबानीज़ वाहकों के बीच करार हो जाता है, इसे संबधित वैमानिक प्राधिकरणों के पास अनुमोदन के लिए भेजा जायेगा । दोनों वैमानिक प्राधिकरणों द्वारा अनुमोदित किये जाने पर, लेबानीज़ प्राधिकारी आई० ए० टी० ए० यातायात सम्मेलन क्षेत्र 2 और 3 के बीच किरायों को अस्वीकृत करने वाले अपने सरकारी आदेश को तत्काल वापिस ले लेगी ।

(iii) लेबानीज़ प्राधिकारी वचन देते है कि क्षेत्र 2 और 3 के बीच किरायों को अस्वीकृत करने वाले लेबानीज़ सरकार के आदेश को वापिस लेने तक, लेबानीज़ वाहक भारत तथा लेबनान के बीच जनवरी, 1968 से पहले आई० ए० टी० ए० टैरिफो का पालन करेंगे ।

डा० जार्ज थामस द्वारा अमरीका से धन की प्राप्ति

2087. **श्री के० एम० अब्राहम ।**
श्री प० गोपालन :
श्री सी० के० चक्रपाणि :
श्रीमती सुशीला गोपालन :
श्री क० लकप्पा :
श्री यशपाल सिंह :

क्या गृह-कार्य मंत्री 15 नवम्बर, 1968 के डा० जार्ज थामस द्वारा अमरीका से धन की प्राप्ति सम्बन्धी अतारांकित प्रश्न संख्या 910 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केरल के डा० जार्ज थामस द्वारा अमरीका से धन प्राप्त करने के सम्बन्ध में प्रवर्तन निदेशालय ने अग्रेतर जांच की है;

(ख) यदि हां, तो निष्कर्षों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) उन पर क्या कार्यवाही की गयी है ?

गृह-कार्य मत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) से (ग) : प्रवर्तन निदेशालय द्वारा की गई जांचों से मालूम होता है कि डा० जार्ज थामस द्वारा अमरीका से प्राप्त धन वैध तरीकों से है और विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम का उल्लंघन नहीं है । अत: इस सम्बन्ध में कोई कार्यवाही करने का प्रश्न नहीं उठता ।

स्वतन्त्रता आन्दोलन के सेनानियों पर पुस्तक

2088. **डा० रानेन सेन :**
श्री जागेश्वर यादव :
श्री भोगेन्द्र झा :
श्री रामावतार शास्त्री
श्री सरजू पाण्डेय :

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने स्वतन्त्रता आन्दोलन के सेनानियों पर एक वृहद् ग्रन्थ प्रकाशित करने का निर्णय किया है;

(ख) यदि हां, तो राज्यों से सामग्री एकत्र करने के लिये क्या कार्यवाही की गयी है;

(ग) पुस्तक के संकलन कार्यों में अब तक क्या प्रगति हुई है; और

(घ) पुस्तक कब तक तैयार हो जायेगी ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भक्त दर्शन) : (क) जी हां। सरकार ने उन देशभक्तों का परिचय (हू इज हू) निकालने का निर्णय किया है, जिन्हें देश की आजादी की लड़ाई में लड़ते हुए फांसी दी गई थी अथवा जो मारे गये थे।

(ख) राज्यों तथा संघीय क्षेत्रों से सामग्री एकत्र करने के लिए, प्रायोजना अधिकारी नियुक्त कर दिये गये हैं।

(ग) और (घ) : आवश्यक सामग्री एकत्र की जा रही है और आशा है कि पुस्तक अक्तूबर, 1969 तक तैयार हो जाएगी।

साम्यवादियों की नीति

2089. श्री ओंकार सिंह : **श्री शारदानन्द :**
श्री कंवर लाल गुप्त : **श्री श्रीगोपाल साबू :**

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उन्होंने बरौनी में कहा था कि साम्यवादी अपने उद्देश्य की प्राप्ति के लिये समूचे देश में अराजकता फैलाने और गम्भीर स्थिति पैदा करने की नीति पर कार्य कर रहे हैं;

(ख) क्या यह भी सच है कि उन्होंने साम्यवादियों की अन्य देशों के प्रति निष्ठा की निन्दा की थी; और

(ग) यदि हां, तो सरकार ने इन साम्यवादियों की राष्ट्र विरोधी गतिविधियों को दबाने के लिये क्या विशेष कार्यवाही की है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) से (ग) : गृह मंत्री ने साम्यवादी विचारधारा, जिसका राजनैतिक स्तर पर विरोध करना है, के बारे में सामान्य रूप में कहा है और इसलिये कोई विशेष कार्यवाही करने का प्रश्न नहीं उठता।

Nehru University, New Delhi

2090. Shri Onkar Singh : **Shri Sharda Nand :**
Shri Kanwar Lal Gupta : **Shri Prakash Vir Shastry :**
Shri J. B. Singh : **Shri Shiv Kumar Shastri :**

Will the Minister of Education and Youth Services be pleased to state :

(a) the progress made in respect of Nehru University to be set up in New Delhi;

(b) the subjects which would be taught in this University and the time by which the University would start functioning; and

(c) the expenditure to be incurred thereon ?

The Minister of Education and Youth Services (Dr. V. K. R. V. Rao): (a) About 600 acres of land for the purpose of the University has been acquired. The question of constituting the various authorities of the University and the appointment of the Vice-Chancellor are under consideration.

(b) It will be for the University authorities to decide the specific subjects to be taught in the University. While no date can be indicated at this stage, efforts are being made to establish the University as soon as possible

(c) A provision of Rupees one crore has been proposed in the 1969-70 budget.

प्रतिलिप्याधिकार बोर्ड का पुनर्गठन

2091. डा० सुशीला नैयर :
श्री बे० कृ० दास चौधरी :

क्या शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने देश में प्रतिलिप्याधिकार बोर्ड का पुनर्गठन किया है;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं;

(ग) बोर्ड के अध्यक्ष का नाम क्या है और सदस्यों की संख्या और नाम क्या है; और

(घ) बोर्ड के निदेशपद क्या हैं ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भक्त दर्शन) : (क) जी हां।

(ख) पिछले बोर्ड के अध्यक्ष और अन्य सदस्यों की नियुक्ति की अवधि समाप्त हो चुकी है।

(ग) अध्यक्ष—इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत न्यायाधीश श्री जे० के० टण्डन

सदस्य

1. श्री कान्ति चौधरी, संयुक्त सचिव, शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्रालय।
2. श्री द्वारकानाथ गोवर्धन, बार-एट-ला० एडवोकेट, सर्वोच्च न्यायालय।
3. श्री सी० बी० राव, सेवानिवृत्त आई०सी०एस० तथा अध्यक्ष केन्द्रीय हिन्दी शिक्षण मण्डल, आगरा।
4. श्री एस०एच० बेलाबाड़ी, सचिव, महाराष्ट्र विधानसभा तथा परिषद्, बम्बई।
5. श्री डी० सूर्यनारायण स्वामी, भूतपूर्व कानून सचिव, आंध्र प्रदेश।
6. श्री बी० शर्मा, सचिव, कानून विभाग, असम सरकार।

(घ) क्या चौथी पंचवर्षीय योजना में ग्रामीण क्षेत्रों में चलते-फिरते पुस्तकालय खोलने की केन्द्रीय सरकार की अपनी कोई योजना है ; और

(ङ) यदि हां, तो उसका ब्योरा क्या है ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मन्त्री (डा० वी० के० आर० वी० राव) : (क) जी नहीं

(ख) और (ग) : प्रश्न नहीं उठता ।

(घ) और (ङ) : धन की कमी के कारण चौथी पंचवर्षीय योजना के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में पुस्तकालय खोलने के प्रश्न पर विचार करना सम्भव नहीं हो सका है ।

दिल्ली विश्वविद्यालय में एल० एल० बी० पाठ्यक्रम में प्रवेश

2136. **श्री गाडिलिंगन गौड** : क्या शिक्षा तथा युवक सेवा मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली विश्वविद्यालय के एल० एल० बी० पाठ्यक्रम में दिन/शाम की कक्षाओं में सीमित स्थान होने के कारण बड़ी संख्या में स्नातकों को प्रवेश नहीं मिलता है ;

(ख) क्या एल०एल०बी० में भी सरकार का विचार पत्राचार पाठ्यक्रम आरम्भ करने का है ; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मन्त्री (डा० वी० के० आर० वी० राव) : (क) जी, नहीं । दिल्ली विश्वविद्यालय के एल० एल० बी० पाठ्यक्रम में दाखिला लेने में जो छात्र असफल रहे हैं, ऐसे अर्हता प्राप्त छात्रों की संख्या अधिक नहीं है ।

(ख) जी, नहीं ।

(ग) भारतीय विधिज्ञ परिषद द्वारा जो भारत में विधि शिक्षा के स्तर को निर्धारित करने के अन्तिम प्राधिकारी हैं–निर्धारित किए गए नियम तथा विनियमन ऐसे हैं कि कानूनी पाठ्यक्रमों को पत्राचार के जरिए संचालित नहीं किया जा सकता है ।

दिल्ली/नई दिल्ली में कर्मचारियों के लिये स्नातकोत्तर पत्राचार पाठ्यक्रम

2137. **श्री गाडिलिंगन गौड** : क्या शिक्षा तथा युवक सेवा मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार दिल्ली/नई दिल्ली में काम करने वाले कर्मचारियों की सुविधा के लिये स्नातकोत्तर पत्राचार पाठ्क्रम की व्यवस्था करने का है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मन्त्री (डा० वी० के० आर० वी० राव) : (क) उत्तर स्नातक स्तर पर पत्राचार पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने के एक प्रस्ताव को दिल्ली विश्वविद्यालय की शिक्षा परिषद ने सिद्धान्त रूप में स्वीकार कर लिया है और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के विचाराधीन है ।

(ख) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रस्ताव का अनुमोदन हो जा जाने के बाद, ब्यौरे तैयार किए जाएंगे ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

गुप्तचर विभाग का पुनर्गठन

2138. श्री गाडिलिंगन गौड : क्या गृह कार्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गुप्तचर विभाग का हाल में पुनर्गठन किया गया है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ग) पुनर्गठन/द्विशासन के क्या कारण हैं ;

(घ) क्या इसे दो शाखाओं में विभाजित करने से कुछ कर्मचारियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा ; और

(ङ) यदि हां, तो उनकी शिकायतें दूर करने के लिए क्या कार्यवाही की गई है ?

गृह-कार्य मन्त्री (श्री यशवन्त राव चव्हाण) : (क) जी हां, श्रीमान ।

(ख) और (ग) : बाह्य आसूचना स्कन्ध को गुप्तचर सेवाओं की दक्षता बढ़ाने के लिए आंतरिक आसूचना से पृथक कर दिया गया है ।

(घ) और (ङ) : द्विशासन किसी कर्मचारी पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के लिए नहीं किया जाता है । विपत्ति के मामलों पर, यदि कोई हो, अलग से विचार किया जायगा और उनका सहानुभूतिपूर्वक निपटारा किया जायगा ।

तमिलनाडु तथा केन्द्र के बीच भाषा सम्बन्धी विवाद

2139. श्री रणजीत सिंह :
श्री बलराज मधोक :
श्री हरदयाल देवगुण :
श्री दी० चं० शर्मा :
श्री वेणी शंकर शर्मा :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) तमिलनाडु और केन्द्र के बीच भाषा सम्बन्धी विवाद को हल करने के लिये क्या प्रयत्न किये गये हैं ;

(ख) इस मामले में कितनी प्रगति हुई है ; और

(ग) निकट भविष्य में विवाद के हल हो जाने की कितनी गुंजाइश है ?

गृह-कार्य मन्त्रालय में राज्य मन्त्री श्री विद्याचरण शुक्ल : (क) से (ग) : केन्द्रीय सरकार ने उपयुक्त अवसरों पर अपनी भाषा नीति के उन पहलुओं पर राज्यों को अपना दृष्टिकोण स्पष्ट किया है जिनमें राज्य सरकारों के साथ मतभेद बना रहा है। सरकार को आशा है कि यथासमय यह विवाद हल हो जायगा।

सीमा सुरक्षा दल के कर्मचारी द्वारा छात्र की कथित हत्या

2140. **श्री गणेश घोष :**
श्री पी० पी० एस्थोस :
श्री प० गोपालन :

क्या गृह कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 12 दिसम्बर, 1968 को पंजाब में घरिन्द सीमा पर सीमा सुरक्षा बल ने महाराष्ट्र के छात्र को मार डाला था;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि उसके पिता जो एक भूतपूर्व संसद् सदस्य हैं, अमृतसर के सुपरिन्टेंडेंट पुलिस के पास इस बारे में रिपोर्ट दर्ज कराई है; और

(ग) क्या इस सम्बन्ध में कोई गिरफ्तारी की गई है। यदि हां, तो गिरफ्तार किये गये व्यक्तियों के नाम क्या हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) से (ग): जी नहीं श्रीमान्। तथापि एक समान घटना 12/13 अगस्त 1968 को हुई थी। उस सिलसिले में प्रारम्भिक रिपोर्टों पर आधारित 15 नवम्बर, 1968 को अतारांकित प्रश्न संख्या 760 के दिये गये उत्तर की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है उसी घटना के संबंध में कुछ और अधिक सूचना 20 दिसम्बर, 1968 को प्रश्न संख्या 5218 के उत्तर में भी दी गई थी। अब पता चला है कि उपरोक्त लोक सभा प्रश्नों के उत्तर में उल्लिखित मैजिस्ट्रेट द्वारा जांच के निष्कर्षों के संदर्भ में निम्नलिखित व्यक्ति गिरफ्तार किये गये हैं।

नं० 31 हैड कांस्टेबल वीर सिंह
नं० 569 कांस्टबल अजीत सिंह
नं० 333 कांस्टेबल भाग सिंह
नं० 259 कांस्टबल बलबीर सिंह

सीमा सुरक्षा दल के जवानों द्वारा अपराध

2141. **श्री गणेश घोष :**
श्री पी० पी० एस्थोस :
श्री प० गोपालन :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि हाल के महीनों में सीमा सुरक्षा दल के जवानों और पदाधिकारियों द्वारा अपराध बढ़ रहे हैं; और

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में क्या अपचारात्मक कार्यवाही की गई है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) जी नहीं, श्रीमान् ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

Rest House near Ladakh

2142. Shri Kushak Bakula : Will the Minister of Home Affairs be pleased to state :

(a) whether it is fact that Rest House had been built at Daras, Kargil, Srinagar-Jammu, Leh and other towns on both sides of Chungla Degur and Khardang Passes during British regime where Ladakhis could stay in case of difficulty and adversity but after independence these guest houses have almost been dilapidated due to neglect; and

(b) if so, the action being taken by Government to repair and reconstruct these houses ?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla) : (a) and (b) : The requisite information is being collected from the Jammu and Kashmir Government

बिड़ला हाउस, नई दिल्ली

2143. श्री शशि भूषण : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मृत्यु घटना उस स्थल पर ही हो गई थी जहां उनको गोली मारी गई थी या बिड़ला हाउस, नई दिल्ली के उस कक्ष में हुई थी जहां गोली लगने के बाद उन्हें ले जाया गया था; और

(ख) क्या इस मामले की जांच कराने के लिये सरकार द्वारा कोई कार्यवाही की जा रही है ?

गृह कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) और (ख) 27 फरवरी, 1968 को अतारांकित प्रश्न संख्या 1464 को दिये गये उत्तर की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है ।

Injury of 20 childern in Delhi by Naval Police Pilot.

2144. Shri Shashi Bbushan : Will the Minister of Home Affairs be Pleased to state ;

(a) whether Government's attention has been drawn to the news item that 20 childern standing on the Patel Road in New Delhi for welcoming the Shah of Iran were injured when a motor cycle driven by a Naval Police Pilot struck against them;

(b) whether 10 of the childern were seriously injured and were admitted to the hospital; and

(c) if so, the raction of Government thereto and the action taken in the matter ?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla): (a) Yes, Sir.

(b) 9 childern were injured and removed to the Hospital immediately. Out of these nine, 3 received serious injuries while 6 childern sustained minor injuries.

(c) A case has been registered by the Delhi police against the motor cyclist and it is in the final stage of investigation.

कर्मचारियों की रिपोर्टों में प्रतिकूल प्रविष्टियां

2145. श्री शशि भूषण : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गृह मंत्रालय संवर्ग में काम करने वाले विभिन्न केन्द्रीय सचिवालय सेवाओं के कर्मचारियों की वार्षिक रिपोर्टों में 'साधारण' (फेयर) टिप्पणियां, रिपोर्टों में प्रतिकूल टिप्पणियों के रूप में सूचित की जाती है; और

(ख) यदि हाँ, तो क्या उस आदेश की एक प्रति सभा पटल पर रखी जायेगी जिसके अन्तर्गत ऐसा किया जाता है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : क) गृह संवर्ग में विभिन्न केन्द्रीय सचिवालय सेवाओं के कुछ कर्मचारियों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्टों में "फेयर" रिमार्क्स प्रतिकूल प्रविष्टियों के रूप में नहीं अपितु प्रगति के क्षेत्र में वृद्धि करने के रूप में सूचित किए गए थे ।

(ख) गोपनीय के रूप में अनुदेशों का वर्गीकरण किया गया है तथा केवल अधिकारियों के प्रयोग करने के लिए निर्दिष्ट किए गए हैं ।

कर्मचारियों की वार्षिक रिपोर्टों में प्रतिकूल प्रविष्टियां

2146. श्री शशी भूषण : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1968 में गृह मंत्रालय संवर्ग में केन्द्रीय सचिवालय सेवा के प्रत्येक वर्ग में श्रेणीवार कितने कर्मचारियों को उनकी वार्षिक रिपोर्टों में की गई प्रविष्टि में प्रतिकूल टिप्पणियों के बारे में सूचित किया गया है; और

(ख) उसमें से कितने कर्मचारियों को सूचित किया गया हैं 'साधारण" (फेयर) टिप्पणियां प्रतिकूल टिप्पणियां हैं ?

गृह कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) 1968 में गृह मन्त्रालय के संवर्ग में केन्द्रीय सचिवालय सेवा के बारह अनुभाग अधिकारियों तथा सोलह सहायकों के प्रतिकूल प्रविष्टियां सूचित की गई थी ।

(ख) 1968 में गृह मन्त्रालय के संवर्ग में केन्द्रीय सचिवालय सेवा के छः अनुभाग अधिकारी तथा पन्द्रह सहायकों "फेयर" रिमार्क्स सूचित किये गये थे। तथापि ये रिमार्क्स प्रतिकूल प्रविष्टियों के रूप में नहीं परन्तु प्रगति के क्षेत्र में अग्रसरित होने को सूचित किए गए थे।

केन्द्रीय सचिवालय सेवा में सहायकों के लिए प्रवर वेतनमान (सिलेक्शन ग्रेड)

2147. **श्री शशी भूषण :** क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सचिवालय सेवा में सहायकों के लिए प्रवर वेतनमान सिलेक्शन-ग्रेड) बनाने का कोई प्रस्ताव है; और

(ख) यदि नहीं, तो इसके साथ भेदभाव के क्या कारण है जब कुछ अन्य श्रेणियों में प्रवर वेतनमान दिये गये हैं ?

गृह कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) और (ख) जी नहीं श्रीमान्। केन्द्रीय सचिवालय सेवाओं में किसी वर्ग के लिए भी सिलेक्शन ग्रेड नहीं है। द्वितीय वेतन आयोग ने केन्द्रीय सचिवालय सेवाओं के किसी भी ग्रेड के लिए सिलेक्शन ग्रेड की सिफारिश नहीं की। सहायकों के मामले में आयोग ने अनुभव किया कि सचिवालय में उनकी प्रगति के लिए अवसर शीघ्र आने वाले तथा विस्तृत है। सहायकों के लिए पदोन्नति के लिए उपलब्ध अवसरों की अभी हाल की एक परीक्षा से भी प्रकट हुआ है कि ऐसे अवसर न तो दूर हैं और न ही अपर्याप्त हैं। इसलिये सहायकों के साथ किसी भेदभाव का प्रश्न नहीं उठता।

Levy at International Airports of India

2148. **Shri Hukam Chand Kachwai :**
Shri Deven Sen :
Shri K. P. Singh Deo :

Will the Minister of **Tourism and Civil Aviation** be pleased to state :

(a) whether Government have taken a decision or propose to take a decision that a passenger Service fee at the rate of Rs. 15.00 per head be charged at all the four International airports of India; and

(b) If so, Government's estimate about the amount to be realised thereby per year and the manner in which Government would utilise this amount ?

The Minister of Tourism and Civil Aviation (Dr. Karan Singh) : (a) Yes, Sir. It has been decided to levy, with efect from 1st April, 1969 a Passenger Service Fee of Rs. 15.00 per headon every passenger other than certain specified exempted categories embarking at the four internacional airports for a destination abroad.

(b) the total revenue from this fee is estimated at Rs. 45 lakhs per annum. Under the present arrrngement it will be credited to the Consolidated Found of India.

Levy at Airports

2149. Shri Hnkam Chand Kachwai : Will the Minister of **Tourism and Civil Aviation** be pleased to state :

(a) the total amount collected by Government from entry fee of Rs. one per head from the international airports in India from the time of its introduction to this date; and

(b) whether Government propose to increase this rate keeping in view the profit and the provision of amenities ?

The Minister of Tourism and Civil Aviation (Dr. Karan Singh) : (a) A sum of Rs, 19,32,272 00 only has been realised from Airport Entry Fee, from the time of its introduction upto 31st January, 1969. The fee was first introduced at Delhi (Palam) only, with effect from 16th August, 1967, as an experimental measure, and was fixed at 50 paise per head. It was raised to Re. 1 per head from 1st January, 1968 and the scheme was later extended to the other three international airports vis Calcutta (Dum Dum), Bombay (Santa Cruz) and Madras, from 15th April, 1968.

(b) No, Sir.

Alleged Murder of an Assembly Candidate in Bihar

2150. Shri Hukam Chand Kachwai : Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state :

(a) whether Government heve investigated the alleged murder of a candidate in the mid-term poll in Bihar while he was returning after filing his nomination papers in the month of January, 1969;

(b) if so, the action since taken by Government in the matter; and

(c) whether Government consider this a Political murder and the steps proposed to be taken by Government to prevent recurrence of such incidents ?

The Deputy Minister in the Ministry of Home Affairs (Shri K. S. Ramaswamy) : (a) to (c) : Facts are being ascertained from the State Government.

Explosives recovered in Agra

2151. Shri Bharat Singh Chauhan :
Shri Hukam Chand Kachwai :

Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that bombs and explosives in the large quantity were recovered from a Khud in Agra in the month of December, 1968;

(b) if so, the details of the explosives and bombs recovered;

(c) whether Government have made an inquiry to find out whether the recovered explosives belonged to some foreign country;

(d) whether the investigating officers have since submitted their report to Government; and

(e) if so. the details thereof ?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla) : (a) and (b) : 855 electric detonators were recovered on 11th December, 1968 from a Khud near village Nagla Kachian which is about one mile away from Agra Cantonment Railway Station.

(c) to (e) The matter is being enquired into by the State Government.

Border Violations by Pakistani, Burmese and Nepalis

2152. Shri Bharat Singh Chauhan :
Shri Hukam Chand Kachwai :

Will the Minister of Home Affairs be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the Pakistani, Burmese and Nepali civilians and army personnel have violated the Indian border on a large scale;

(b) If so, the number of border violations made by them separately during the last three years; and

(c) the number of those arrested during the above period and the action taken against them ?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla) : (a) to (c) : **Nepal** : There are no restrictions on the movement of Nepalese citizens between India and Nepal. Therefore, the question of violation of the Indo-Nepal border by the Nepalese does not arise.

Burma : There has been no incident of border violation by the Burmese army during the period 1966-68. During 1966-68, 44 Burmese nationals were arrested for entering Manipur without valid travel documents. Appropriate action has been, and is being, taken against all the apprehended Burmese nationals, under the relevant provisions of law.

Pakistan : Information is being collected from the State Government/Union Territory Administration concerned and will be laid on the Table of the House.

Indians Abducted by Pakistanis

2153. Shri Hukam Chand Kachwai : Will the Minister of Home Affairs be pleased to state :

(a) the number of Indians abducted by Pakistani soldiers and civilian in Indo-Pakistan border areas since 1st January, 1962 to date;

(b) the number of officers and employees belonging to the administrative service, amongst the abducted persons; and

(c) the number of abducted persons since released by Pakistan and those who are still in Pakistan ?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla) :
According to the information received from the Governments of Punjab, Gujarat, Rajasthan, West Bengal, Assan and Tripura, the figures are as under :—

(a) 586

(b) 17

(c) 507 and 61, respectively.

The figures relating to Jammu and Kashmir are being collected from the State Government and will be placed on the Table of the House, when received.

Pakistani Infiltrators

2154 **Shri Hukam Chand Kachwai:** Will the Minister of Home Affairs be pleased to state :

(a) the number of Pakistani infiltrators who have entered into Assam, Nagaland and West Bengal from East Pakistan since 1st January, 1962 to date according to the information available with the Central Government;

(b) the number of clashes on borders which took place during this period between our Border Security Force and the Pakistani infiltrators in the Eastern Sector; and

(c) the number of infiltrators killed and arrested ?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla) : (a) The number of pakistani infiltrators into Assam, Nagaland and West Bengal is not precisely known. However, according to information received from the State Governments the number of Pakistani infiltrators who have been detected during the period from the 1st January, 1962 to the 31st January, 1969 is 2,64,938.

(b) Nil.

(c) Does not arise.

पुस्तक छपवाने का कार्यक्रम

2155. **श्री रामावतार शर्मा :** क्या शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सी० एस० टी० टी० अपनी 18 करोड़ पुस्तकें छपवाने का कार्यक्रम पूरा कर रही है; और

(ख) क्या सरकार का विचार संघ लोक सेवा आयोग की सलाह से इस कार्यक्रम के लिये ऐसे पूर्णकालिक सचिव का चयन करने का है जिसे हिन्दी भाषा के अतिरिक्त कुछ अन्य भारतीय भाषाओं का भी ज्ञान हो ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री भक्त दर्शन) : (क) जी नहीं। वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, हिन्दी भाषी राज्यों के कुलपतियों की स्थायी समिति के लिए, जो हिन्दी में विश्वविद्यालय स्तर के पुस्तक निर्माण कार्यक्रम का समन्वय करती है, केवल सचिवालय सम्बन्धी सहायता प्रदान करता है।

(ख) चूंकि सचिव का कोई नया पद नहीं बनाया गया है, अतः उनके चुनाव का प्रश्न नहीं उठता।

पारादीप पत्तन की गाद निकालना

2156. **श्री श्रद्धाकर सूपकार :** क्या नौवहन तथा परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पारादीप पत्तन की गाद को निकालने का कार्य कर रहे दो ड्रेजर अपना कार्य करने में असमर्थ है जबकि अन्य पत्तनों पर बहुत से ड्रेजर बेकार पड़े हैं; और

(ख) इस स्थिति में सुधार करने के लिये अब तक क्या कार्यवाही की गई है ?

संसद कार्य विभाग तथा नौवहन तथा परिवहन **मन्त्रालय में उप-मन्त्री (श्री इकबाल सिंह)** : (क) और (ख) : पारादीप पत्तन के पास 'कोनार्क" नामक एक निकर्षक है जो वहां पर जनवरी 1968 से काम कर रहा है। इस निकर्षक की डिजाइन पत्तन की निकर्षण की वार्षिक आवश्यकताओं को पूरी करने के लिए बनाई गई थी। तथापि निकर्षक की सुपुर्दगी और सैण्ड पम्प के लगाने में देर होने के कारण वहां कीचड़ जमा हो गई। 1968 की वर्षा ऋतु में इसमें बिगाड़ हो गया और तब पत्तन पर का अनुदेय डुबाव 34 फीट से घटाकर 28 फीट कर दिया गया। इस स्थिति की पूर्ति के लिए औचित्य के उपाय के रूप में कलकत्ता पत्तन कमिश्नरों के निकर्षक की सेवाएं पत्तन के अपने अनुरक्षण निकर्षक के साथ काम पर लगाया गया। इन प्रयत्नों के फलस्वरूप अनुज्ञेय डुबाव फिर से 35 फीट हो गया है। एक बालूचरे जो दक्षिणी पनकट दीवार की नोक पर बन गया है को दूर करने के लिए 3-1-1969 से विशाखापत्तनम का निकर्षक काम पर लगाया गया है। दीर्घकालीन उपाय के रूप में सैंड पम्प पद्धति को मार्च 1969 के अन्त तक शीघ्र चालू करने और ठेके के निकर्षण के द्वारा दक्षिणी पनकट दीवार के निकट एक बालू फंदा बनाने के प्रयत्न किये गये हैं।

पत्तनों के पास के निकर्षक उन पत्तनों पर सामान्य अनुरक्षण आवश्यकता की पूर्ति के लिए हैं। सामान्यतः वे बिना काम के नहीं रहते हैं। तथापि जिस हद तक परिस्थितियों के अन्तर्गत इस बात की आवश्यकता होती है और फालतू क्षमता हो, एक पत्तन के निकर्षकों को दूसरे पत्तन पर काम में लाया जाता है जैसा पारादीप पत्तन पर किया गया है।

"मास्कोज हैड इन इंडिया" नामक पुस्तक

2157. श्री समर गुह : क्या **गृह-कार्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 'पटर' सागर की "मास्कोज हैंड इन इंडिया" नामक पुस्तक की ओर दिलाया गया है जो बर्न में प्रकाशित हुई और जिसे भारत में फिर मुद्रित किया गया है;

(ख) पुस्तक में प्रकाशित सामग्री, आंकड़े और सांख्यिकी झूंठी है या वास्तविक हैं;

(ग) क्या इस प्रकार का प्रचार भारत में साम्यवादी विचारधारा के प्रसार के उद्देश्य से किया जा रहा है;

(घ) इस बात का पता लगाने के उद्देश्य से कि यह सामग्री भारत में राष्ट्रीय हित के लिये घातक है क्या सरकार ने भारत में परिचालित ऐसी प्रचार सामग्री के राजनीतिक आशय का अध्ययन किया है; और

(ङ) क्या रूस में भारत को इसी प्रकार का प्रचार करने की अनुमति है ?

गृह-कार्य मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) जी हां, श्रीमान्।

(ख) से (घ) : 24 जुलाई, 1967 को अतारांकित प्रश्न संख्या 6510 के उत्तर की ओर ध्यान दिलाया जाता है ।

(ङ) भारतीय घटनाओं और नितियों के विभिन्न पक्षों का प्रचार मास्को स्थित भारतीय दूतावास द्वारा किया जाता है ।

शिपिंग कारपोरेशन आफ इंडिया

2158. श्री स्वतन्त्र सिंह कोठारी : क्या नौवहन तथा परिवहन मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गत पांच वर्षों में शिपिंग कारपोरेशन आफ इंडिया ने अपने जहाजी बेड़ों में जहाजों की संख्या बढ़ाई है;

(ख) यदि हां, तो वर्ष वार कितने जहाज बढ़ाये गये हैं;

(ग) 1969-70 में अब तक इसे माल भाड़े से कितनी आय होने का अनुमान है;

(घ) उक्त अवधि में बजट के अनुसार इसके लाभ तथा हानि के आंकड़े क्या हैं; और

(ङ) इसके द्वारा किन-किन अन्तर्राष्ट्रीय नौवहन मार्गों पर अधिक जहाज चलाने का प्रस्ताव है ?

संसद कार्य तथा नौवहन तथा परिवहन मन्त्री (श्री रघुरामैया) : (क) जी हां ।

(ख) गत पांच वर्षों में निगम के बेड़े के विस्तार की गति नीचे दी जा रही है:—

	पोतों की संख्या	कुल टनभार (लाख टनों में)	"ड्रेड वेट" टनभार
31-3-1965 को	31	2.50	3.55
31-3-1966 को	35	3.04	4.33
31-3-1967 को	43	3.82	5.38
31-3-1968 को	52	4.52	6.48
1-4-1969 को	63	5.68	8.30

(ग) और (घ) : जैसा निगम ने इस समय अनुमान लगाया है 1968-69 और 1969-70 की परिचालन आय और निवल लाभ नीचे दिये जा रहे हैं:—

वर्ष	अनुमानित संचालन आय	अनुमानित निवल आय
1968-69	लगभग 40 करोड़ रुपये	लगभग 5.5 करोड़ रुपये
1969-70	लगभग 48 करोड़ रुपये	लगभग 6.0 करोड़ रुपये

(ङ) व्यापार और उचित टनभार की उपलब्धि के अनुसार अपनी सेवाएं निम्नलिखित देशों तक विस्तार करने का प्रश्न निगम के अध्ययनाधीन है: —

(1) न्यूजीलैंड
(2) फीजी
(3) फिलिपिनीज
(4) पश्चिम अफ्रीका और
(5) लेटिन अमरीकी पत्तन ।

दिल्ली परिवहन उपक्रम की सम्पत्ति को गिरवी रखना

2159. **श्री पी० विश्वम्भरन :**
श्री सुरेन्द्र नाथ द्विवेदी :

क्या परिवहन तथा नौवहन मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने दिल्ली परिवहन उपक्रम की 75 लाख रुपये की सम्पति गिरवी रखी है;

(ख) यदि हां, तो इस सम्पति को कितनी अवधि के लिये गिरवी रखा गया है; और

(ग) क्या अन्य संस्थाओं को ऋण देने के बारे में ऐसी प्रथा की अनुमति दी गई है ?

संसद-कार्य तथा नौवहन तथा परिवहन मन्त्री (श्री रघुरामैया) : (क) से (ग) : जब दिल्ली नगर निगम को 1968–69 के दौरान दिल्ली परिवहन समवाय को 60.00 लाख रुपये का ऋण मंजूर किया गया था उस समय यह सहमति हुई थी कि ऋण प्राप्त करने के समय से 3 मास की अवधि के भीतर डी० टी० यू० नगर निगम द्वारा निष्पादित बधकपत्र देगा । बंधक 75 लाख रुपये की राशि तक सीमित होगा । तथापि बंधकपत्र अभी तक निष्पादित नहीं किया गया है ।

जहां तक दिल्ली जल संभरण और मल निर्यात समवाय का सम्बन्ध है प्रश्न के भाग (क) में उल्लिखित प्रथा का अनुकरण अभी तक स्वास्थ्य विभाग द्वारा नहीं किया गया है । दिल्ली विद्युत संभरण समवाय के बारे में सिंचाई और शक्ति मन्त्रालय डी० ई० एस० यू० द्वारा, उस मंत्रालय द्वारा दिये जाने वाले ऋण के लिए, एक करार निष्पादित करने का प्रबन्ध कर रहा है ।

लक्कदीव संघ राज्य क्षेत्र के अधिकारियों के विरुद्ध शिकायतें

2160. **श्री ई० के० नायनार ।**
श्री जार्ज फरनेन्डीज :
श्रीमती सुशीला गोपालन ।
श्री अ० कु० गोपालन :
श्री प० गोपालन :

क्या गृह–कार्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान लक्कदीव तथा मिनिकाय द्वीप समूह के संसद सदस्य श्री प० सु० सईद को उक्त द्वीप समूह में नियुक्त अधिकारियों के द्वारा किये जाने वाले झूठे प्रचार तथा उनकी अवांछनीय गतिविधियों के बारे में दिये गये वक्तव्य की ओर दिलाया गया है;

(ख) क्या सरकार ने इन आरोपों की जांच की है; और

(ग) यदि हां, तो जांच के क्या परिणाम निकले हैं ?

गृह कार्य मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) जी हां, श्रीमान् ।

(ख) और (ग) : भारत सरकार ने 19 दिसम्बर, 1968 को किलतन द्वीप समूह में पुलिस द्वारा गोली चलाये जाने की घटना के बारे में जांच करने का आदेश दे दिया है । जहां तक लक्कदीव प्रशासन के कर्मचारियों पर लगाये गये अन्य विस्तृत आरोपों का सम्बन्ध है, सरकार को उन आरोपों के कोई ठोस आधार नहीं मिले हैं ।

हिन्द महासागर सम्बन्धी अनुसंधान

2161. श्री पी० विश्वम्भरन :
श्री क० लक्कप्पा :
श्री सुरेन्द्र नाथ द्विवेदी :

क्या शिक्षा तथा युवक सेवा मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे :

(क) क्या यह सच है कि हिन्द महासागर सम्बन्धी अनुसंधान में बहुत से देशों के जलयान भाग ले रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो किन-किन देशों के जलयान अनुसंधान कार्य कर रहे हैं; और

(ग) क्या हिन्द महासागर में अनुसंधान कार्य कर रहे राष्ट्र अनुसंधान से प्राप्त जानकारी भारतीयों को उपलब्ध करायेंगे ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मन्त्री (डा० वी० के० आर० वी० राव) : (क) इस समय, हिन्द महासागर में, अन्य देशों के जहाजों द्वारा कोई अनुसंधान कार्य नहीं किया जा रहा है ।

(ख) और (ग) : प्रश्न नहीं उठता ।

Amendment to conduct rules for Government Employees.

2162. Shri Valmiki Choudhary :
Shri Yajna Datt Sharma :
Shri Sitaram Kesri :
Shri Hardayal Devgun :
Shri Vasudevan Nair :

Will the Minister of Home Affairs be pleased to state :

(a) whether Government have lately amended the Conduct rules relting to Government employees preventing them to use their official influence in securing jobs for their relations in privete companies;

(b) if so, the precise nature of the amendments and the reasons which have led Government to frame such rules; and

(c) how far these amendments are likely to be effective in actual practice, in as much as such use of influence cannot normally be brought to book more; so in the case of high officials ?

The Minister of state in the Ministry of Home Affairs : (Shri Vidya Charan Shukla) (a) and (b) : Government have recently issued revised All India Services (Conduct) Rules, which provide Inter alia that an officer shall not use his official position to secure employment for any member of his family with any firm or company.

This has been done on the basis of the recommendations of the Santhanam Committee on Prevention of Corruption.

(c) If an officer is found to have used his official influence to secure employment in any firm or company for any member of his family, action can be taken against him for breach of the conduct rules.

पंजाब के पुनर्गठन के परिणाम स्वरूप कर्मचारियों का पुनर्वितरण

2163. **श्री यज्ञदत्त शर्मा :** क्या गृह-कार्य मंत्री पंजाब के पुनर्गठन के परिणामस्वरूप कर्मचारियों के वितरण के बारे में 29 नवम्बर, 1968 के अतारांकित प्रश्न संख्या 2597 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने पंजाब के पुनर्गठन के परिणाम स्वरूप सब विभागों के सम्बन्ध में कर्मचारियों के पुनर्वितरण के बारे में मुख्य सचिवों की समिति की समस्त सिफारिशों पर विचार कर लिया है;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या परिणाम निकले हैं; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

गृह-कार्य मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) तथा (ख) : पुनर्गठन की प्रक्रिया में अन्तर्गत 57 विभागों में से 54 विभागों के सम्बन्ध में मुख्य सचिवों की समिति की सिफारिशें प्राप्त हुई हैं। 53 विभागों के सम्बन्ध में वितरणों को अन्तिम रूप दे दिया है।

(ग) प्राथमिकता के आधार पर शेष विभागों के सम्बन्ध में वितरणों को अन्तिम रूप दिये जाने का कार्य प्रगति पर है।

पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के पुनर्गठन के बाद कर्मचारियों का पुनर्वितरण

2164. **श्री यज्ञदत्त शर्मा :** गृह-कार्य मन्त्री 29 नवम्बर, 1968 के अतारांकित प्रश्न संख्या 2723 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के पुनर्गठन के बाद सरकार को कर्मचारियों के वितरण में परिवर्तन किये जाने जिसमें पति और पत्नी की सेवाओं को एक ही राज्य में रखे जाने की बात भी शामिल है, वर्ष 1968 में कितने अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं; और

(ख) प्राप्त अभ्यावेदनों का ब्यौरा क्या है और इस पर सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

गृह-कार्य मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) प्रमाणिक सूचना उपलब्ध नहीं है । पंजाब सरकार ने सूचित किया है कि उन्हें तथा हिमाचल प्रदेश सरकार क लगभग 734 अभ्यावेदन प्राप्त हुए थे। हरियाणा सरकार द्वारा प्राप्त अभ्यावेदनों के बारे में सूचना उपलब्ध नहीं है ।

(ख) व्यक्तिक्त कठिनाईयों से संबंधित अभ्यावेदनों पर विचार किया गया है जिनमें अन्य बातों के साथ–साथ पति तथा पत्नी का एक ही राज्य में आवंटित किया जाना, स्वास्थ्य का कारण इत्यादि सम्मिलित है। परिस्थितियों की सम्पूर्णता को ध्यान में रखते हुए व्यक्तिगत मामलों पर गुण–दोष के आधार पर निर्णय किया जाता हैं। प्रत्येक श्रेणी के मामलों की संख्या के बारे में सूचना तत्काल उपलब्ध नहीं है ।

विदेशी धर्म प्रचारकों द्वारा विदेशी मुद्रा की जालसाजी

2165. **श्री यज्ञ दत्त शर्मा** : क्या गृह-कार्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान धर्म प्रचारकों के प्रति वर्ष 2 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा की जालसाजी के बारे में 11 जनवरी, 1969 को 'ब्लिटज' में प्रकाशित इस समाचार की ओर दिलाया गया है कि अमरीकी ईसाई मिशन सोसाइटी लिमिटेड अपने भारत में एशियाई मुख्यालय के साथ लोगों के राजनीतिक तथा सामाजिक जीवन में सामान्य से अधिक खर्च लेती रही है ।

(ख) क्या इस मामले की कोई जांच कराई गई है और यदि हां, तो इसके क्या परिणाम निकले हैं; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है ?

गृह कार्य मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) जी हा, श्रीमान् ।

(ख) और (ग) : जहां तक बैंगलोर में एक भूमि के प्लाट के अर्जन के सम्बन्ध में एक लेन देन का सम्बन्ध है । प्रवर्तन निदेशालय ने इस मामले में पहले ही जांच पड़ताल की है और सम्बन्धित विदेशी ईसाई मिशन के खजांची को विदेशी मुद्रा विनियम अधिनियम के उपबन्धों के कथित उल्लघन के बारे में एक कारण बतलाओ नोटिश दिया हैं । कारण बतलाओ नोटिस का उत्तर प्राप्त होने पर प्रवर्तन निदेशालय द्वारा मामले में निर्णय दिया जायगा ।

सरकार के प्रर्वतन अभिकरण सावधान रहे हैं और कानून में यथा उपबन्धित सभी मामलों में कार्यवाही की जानी है जहां विदेशी मुद्रा विनिमय के उल्लंघन की साक्ष प्राप्त हो जाती है ।

सरकार के पास अमरीकन ईसाई मिशन सोसाइटी लिमिटेड के देश के राजनैतिक जीवन में मेलमिलाप के बारे में कोई विशिष्ट सूचना नहीं है ।

स्कूल पाठ्य पुस्तकें

2166. **श्री यज्ञदत्त शर्मा :**
श्री हरदयाल देवगुण :
श्री रा० कृ० सिंह :

क्या शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उनके मन्त्रालय द्वारा नियुक्त स्कूल, पाठ्य पुस्तक-स्तर तथा विषय सम्बन्धी जांच समिति ने बच्चों को पढ़ाई जाने वाली इतिहास की पुस्तकों की आलोचना की है; और

(ख) यदि हां, तो उन की सिफारिशें क्या हैं और इन पर सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री (डा० वी० के० आर० वी० राव०) : (क) और (ख) : सितम्बर, 1966 में, प्रो० के० जो० सैयदैन की अध्यक्षता में, एक समिति पाठ्यपुस्तकों संबंधी शिकायतों की जांच के साथ-साथ तथा पाठ्यपुस्तकों के निर्माण और उनके निर्धारण के संबंध में स्वीकृत किए गए सामान्य सिद्धान्तों को बनाने के लिए स्थापित की गई थी। इस समिति ने भाषा, इतिहास तथा कुछ राज्यों की सामाजिक अध्ययन की पाठ्यपुस्तकों में से कुछ की जांच की थी और बताया था कि कुछ अल्पसंख्यकों द्वारा की गई प्रत्येक शिकायत ठीक नहीं थी, और कुछ में बढ़ा-चढ़ा कर बात कही गई प्रतीत होती थी। शायद ऐसा भावुकता तथा आशंका के परिणाम स्वरूप था, उनमें से कुछ शिकायतें ठीक थीं। इतिहास पढ़ाने के बारे में समिति की रिपोर्ट से एक उद्धरण संलग्न किया जाता है। [पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल. टी 252/69]

रिपोर्ट की प्रतियां राज्य सरकारों और राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान तथा प्रशिक्षण परिषद् को भेज दी गई हैं। इस रिपोर्ट पर राष्ट्रीय स्कूल पाठ्यपुस्तक बोर्ड द्वारा भी विचार किया जाएगा।

सीमा सुरक्षा दल के लिये भर्ती

2167. **श्री ज्योतिर्मय बसु :** क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सीमा सुरक्षा दल में भर्ती किस आधार पर की जाती है;

(ख) क्या इसके लिये सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले व्यक्तियों को प्राथमिकता दी जाती है;

(ग) सीमा सुरक्षा दल के सैनिकों को दी जाने वाली वर्दियां भोजन तथा अन्य सुविधाओं का ब्योरा क्या है;

(घ) प्रत्येक यूनिट में किन-किन हथियारों से प्रशिक्षण दिया जाता है,

(ङ) क्या कुछ यूनिटों को सामुहिक आंदोलन पर काबू पाने के लिये विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है; और

(च) यदि हां, तो इसका ब्योरा क्या है?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) जो पद सीधी भर्ती द्वारा भरे जाते हैं उनमें भर्ती अखिल भारतीय आधार पर की जाती है;

(ख) सामान्यतः, सीमा सुरक्षा दल में सेवा के लिए अपने को अर्पित करने वालों में अन्य व्यक्तियों की अपेक्षा सीमा क्षेत्र के लोग अधिक होते हैं यद्यपि देश के किसी भी भाग से कोई व्यक्ति जो, पात्र हो, आवेदन कर सकता है।

(ग) विभिन्न क्षेत्रों की आवश्यकताओं के स्वरूप को देखते हुए, उचित वर्दी, राशन तथा अन्य सुविधाएं सीमा सुरक्षा दल के कर्मचारियों को प्रदान की जाती हैं।

(घ) सीमा सुरक्षा दल के कर्मचारियों को उपयुक्त हथियार प्रदान किये गये हैं ताकि वे अपने कर्त्तव्यों को कारगर ढग से निभा सकें। उन्हें सीमा सुरक्षा दल के संस्थानों में तथा अपनी यूनिटों में भी आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाता है।

(ङ) और (च) सीमा सुरक्षा दल के कर्मचारियों को सीविल अधिकारियों की सहायता करने से संबंधित कार्यों का पर्याप्त प्रशिक्षण भी दिया जाता है।

सरकारी अधिकारियों द्वारा नीति सम्बन्धी वक्तव्य

2168. **श्री ज्योतिर्मय बसु :** क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकारी अधिकारी सरकार से आवश्यक अनुमति लिये बिना कोई नीति सम्बन्धी वक्तव्य दे सकते हैं;

(ख) क्या यह सच है कि भारत सरकार के श्रम तथा रोजगार मंत्रालय के सचिव ने 24 अक्टूबर 1968 को जमशेदपुर (बिहार) में "पर्सनल मैनेजमेंट एण्ड इंडस्ट्रियल रिलेशंस अंडर एशियन ब्रांच आफ इंटरनेशनल लेबर आर्गेनाइजेशन" के बारे में गोष्ठी का उद्घाटन करते समय सरकारी कर्मचारियों द्वारा हड़ताल करने पर प्रतिबन्ध लगाने का प्रस्ताव रखा था;

(ग) यदि उपर्युक्त भाग (ख) का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या इस बारे में सरकार का कोई नीति सम्बन्धी निर्णय है और यदि नहीं, तो एक सरकारी अधिकारी स्वयं ही इस प्रकार का नीति सम्बन्धी वक्तव्य कैसे जारी कर सकता है ?

गृह कार्य मन्त्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) अखिल भारतीय सेवा के किसी सदस्य द्वारा अपना मत व्यक्त करने पर कोई प्रतिबन्ध नहीं है। यदि वह अखिल भारतीय सेवा (आचरण) नियम, 1954 के नियम 6, 7 और 8 में दी गई हद तक व्यक्त किया जाता है।

(ख) सरकार ने 24 अक्तूबर 1968 को जमशेदपुर में इंटरनेशनल लेबर आर्गेनाइजेशन द्वारा आयोजित एक अन्तरराष्ट्रीय विचार-गोष्ठी में श्री पी० सी० मैथ्यू द्वारा दिये गये एक भाषण के समाचार देखे हैं जिसमें उन्होंने कहा था "कुछ देशों में सभी लोक नियोजन में नियुक्त लोगों द्वारा हड़ताल पर प्रतिबन्ध है जबकि कुछ अन्य देशों में यह प्रतिबन्ध स्वायत उपक्रमों या सरकार के औद्योगिक व व्यापारिक स्थापनाओं पर लागू नहीं होता है। उद्देश्य यह है कि यह सुनिश्चित किया जाय कि समाज के सामान्य जीवन में, लोगों के किसी वर्ग द्वारा अपने वर्गीय हितों को बढ़ावा देने के लिये, बाधा न पहुंचाई जाय। इस प्रतिबन्ध को अलंघनीय अधिकार पर अनुचित आक्रमण तब तक नहीं समझा जा सकता जब तक अनिवार्य मध्यस्थ निर्णय के

माध्यम से सम्बन्धित कर्मचारियों की शिकायतों के तय करने के वैकल्पिक तरीकों की व्यवस्था की गई है।"

(ग) श्री मैथ्यू कुछ देशों की प्रथा के संबन्ध में विचार गोष्ठी में अपना निजी शैक्षिक मत व्यक्त कर रहे थे तथा इसे भारत सरकार की किसी नीति को प्रतिकूल आलोचना के रूप में नही समझा जा सकता। इस मामले में भारत सरकार की नीति इस विषय पर कानूनों में समय-समय पर प्रतिबिम्बित हुई है।

उच्च न्यायालय के न्यायाधीश

2169. **श्री ज्योतिर्मय बसु :** क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि ;

(क) क्या सरकार का ध्यान इस बात की ओर दिलाया गया है कि आजकल उच्च न्यायालयों के न्यायाधीश भारी संख्या में भिन्न प्रकार की बैठकों तथा सामाजिक समारोहों में भाग लेते हैं;

(ख) यदि हां, तो इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है; और

(ग) क्या सरकार ऐसी प्रथाओं को रोकने के लिये कोई वैधानिक कार्यवाही करने पर विचार कर रही है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) और (ख) उच्च न्यायालयों के न्यायाधीश सामाजिक समारोहों तथा अन्य बैठकों में, उदाहरणार्थ जिनमें सांस्कृतिक तथा बौद्धिक मामलों पर विचार विमर्श किया जाता है, भाग लेने के लिए स्वतंत्र हैं। फिर भी, उनसे वर्तमान सार्वजनिक विवादों से दूर रहने तथा सामान्यतया ऐसा व्यवहार करने की अपेक्षा की जाती है कि उनकी न्यायिक निर्लिप्तता के बारे में कोई सन्देश न्याय संगत रूप में न उठ सके।

(ग) जी नहीं, श्रीमान।

पश्चिमी बंगाल के सिविल अधिकारियों के विरुद्ध शिकायतें

2170. **श्री ज्योतिर्मय बसु :** क्या गृह-कार्य मंत्री वह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उन्हें बार बार यह शिकायतें मिली हैं कि पश्चिमी बंगाल के सिविल अधिकारी संसद सदस्यों से प्राप्त हुए पत्रों के उत्तर समय पर नहीं देते हैं;

(ख) यदि हां, तो यह शिकायतें किन से प्राप्त हुई हैं; और

(ग) यदि इस पर सरकार ने कोई कार्यवाही की है तो वह क्या है ?

गृह कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) और (ख) प्रश्न पूछने वाले सदस्य महोदय ने ऐसी एक शिकायत की थी।

(ग) राज्य सरकार से अनुरोध किया गया था कि वे सभी सम्बन्धित व्यक्तियों को हिदायतें दे कि संसद सदस्यों के पत्रों की पावती शीघ्र भेजी जाय तथा ऐसे पत्रों में उठाये गये

मामलों के अन्तिम उत्तर कम से कम सम्भव समय के अन्दर भेजने चाहिए। राज्य सरकार ने तदनुसार हिदायतें जारी कर दी हैं।

त्रिवेन्द्रम हवाई अड्डे का विकास

2171. **श्री मंगलायुमाडोम :** क्या पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उनके मंत्रालय के हवाई अड्डा आयोजन दल की सिफारश के अनुसार, त्रिवेन्द्रम हवाई अड्डे में सुधार के लिये कितनी धनराशि का नियतन किया गया है; और

(ख) कार्य के कब तक आरम्भ किये जाने तथा कब तक पूरा होने की संभावना है ?

पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मंत्री (डा० कर्ण सिंह) : (क) और (ख) विमान क्षेत्र योजना दल (एयराड्रोम प्लानिंग ग्रुप) ने त्रिवेंद्रम हवाई अड्डे पर 129·50 लाख रुपये की अनुमानित लागत से मुख्यधावन पथ के विस्तार एवं परिपुष्टि तथा अन्य सम्बन्धित निर्माण-कार्यों और लगभग 37·30 लाख रुपये की लागत से अतिरिक्त रेडियो नेविगेशन उपकरणों की व्यवस्था की सिफारिश की है। चौथी योजना की स्कीमों को अन्तिम रूप देते समय इन सिफारशों को दृष्टि में रखा जा रहा है तथा उनका क्रियान्वयन साधनों को उपलब्ध तथा इस उद्देश्य के लिये निर्धारित प्राथमिकता पर निर्भर करेगा।

केन्द्रीय सरकारी कर्मचारी उपभोक्ता सहकारी भण्डार, नई दिल्ली

2172. **श्री मंगलायुमाडोम :** क्या गृह-कार्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या नई दिल्ली का केन्द्रीय सरकारी कर्मचारी उपभोक्ता सहकारी भण्डार संतोषपूर्ण ढंग से कार्य कर रहा है;

(ख) क्या मुख्यालय के निरीक्षकों ने विभिन्न बस्तियों में स्थित इसकी शाखाओं में अचानक जाकर जांच की;

(ग) क्या कुछ शाखाओं द्वारा अनाज की चोरबाजारी की जाने के बारे में कोई शिकायतें प्राप्त हुई हैं; और

(घ) यदि हां, तो चोरबाजारी को रोकने के लिये क्या कार्यवाही की गई है ?

गृह कार्य मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री के० एस० रामास्वामी) : (क) जी नहीं, श्रीमान्। इसी कारण से समिति के कार्यों पर तीन स्वतंत्र अभिकरणों द्वारा गौर किया जा रहा है जिनके प्रतिवेदनों की परीक्षा वित्त मंत्रालय, सहकारी विभाग तथा गृह मंत्रालय के तीन वरिष्ठ अधिकारियों की एक समिति द्वारा की जा रही है। समिति और भण्डारों के कार्य को सुधारने के लिये समिति की सिफारिशें स्वीकार कर ली गई हैं और अमल में लायी जा रही हैं।

(ख) जी हां, श्रीमान्।

(ग) जी नहीं, श्रीमान्।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

इंडियन एयर लाइन्स में यात्रियों की संख्या

2173. श्री देवकीनन्दन पाटोदिया : क्या पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि इंडियन एयर लाइन्स की प्रतीक्षा सूची में यात्रियों की संख्या धीरे-धीरे बढ़ती जा रही है और 1973-74 तक वर्तमान विमान यातायात के दुगना हो जाने की सम्भावना है;

(ख) यदि हां, तो वे विभिन्न हवाई मार्ग कौन से हैं जिनकी प्रतीक्षा सूची बहुत बड़ी हो गई है; और

(ग) यात्रियों की संख्या में हुई वृद्धि के कारण विमानों की संख्या में अपेक्षित वृद्धि करने के लिये क्या कार्यवाही की गई है ?

पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मंत्री (डा० कर्ण सिंह) : (क) जी, हां ।

(ख) वृद्धि मुख्यतया बड़े मार्गों (ट्रंक रूट्स) पर हुई है ।

(ग) सरकार द्वारा जारी किये गये एक निर्देश के आधार पर एयर इंडिया अपनी अन्तर्राष्ट्रीय सेवाओं के बम्बई-दिल्ली, बम्बई-कलकत्ता और बम्बई-मद्रास सेक्टरों पर देशीय यात्रियों को ले जा रहे हैं । इंडियन एयरलाइन्स ने डकोटा विमानों को बदलने के लिए एच एस–748 विमानों की खरीद के आदेश पहले ही दे दिये हैं । अब तक, 14 विमानों में से, जिनके कि आदेश दिये गये हैं, 6 प्राप्त हो चुके हैं । इंडियन एयरलाइन्स का 100 से अधिक सीटों की धारिता वाले कई विमानों की खरीद करके, अपने विमान-बेड़े बढ़ाने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ।

गोरखपुर के लिये विमान सेवा की व्यवस्था

2174. डा० महादेव प्रसाद : क्या पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर प्रदेश के पूर्वी जिलों के महत्वपूर्ण नगर गोरखपुर के लिये विमान सेवा की व्यवस्था करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन है; और

(ख) यदि हां, तो इस प्रस्ताव के कब तक क्रियान्वित होने की आशा है ?

पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मंत्री (डा० कर्ण सिंह) : (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

विश्वविद्यालयों की बिगड़ती हुई वित्तीय स्थिति

2175. श्री सीताराम केसरी : क्या शिक्षा तथा युवक सेवा मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारत तथा श्रीलंका की विश्वविद्यालय जैसी संस्थाओं के उपकुलपति तथा अध्यक्षों ने विश्वविद्यालयों की बिगड़ती हुई वित्तीय स्थिति पर अपनी चिन्ता व्यक्त की है;

(ख) यदि हां, तो इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है; और

(ग) उप-कुलपति तथा विश्वविद्यालय जैसी संस्थाओं के अध्यक्षों के सम्मेलन में और क्या सिफारिशें की गई थीं ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मन्त्री (डा० वी० के० आर० वी० राव) : (क) अन्तर विश्वविद्यालय बोर्ड की वल्लभ विद्यानगर में हुई 44 वीं बैठक के समय आयोजित सेमिनार में, बोर्ड के तत्वावधान में, किये गये एक नमूने के अध्ययन के आधार पर, विश्वविद्यालय सम्बन्धी वित पर विचार विमर्श किया गया था। निम्नलिखित मसौदा संकल्प पारित किया गया था:—

अन्तर-विश्वविद्यालय बोर्ड की यह 44 वीं बैठक, राज्य सरकारों को यह सुझाव देती है कि विभिन्न विश्वविद्यालयों को एक-मुश्त अनुदान का निर्धारण करने के लिए निम्नलिखित मापदंडों को अपनाना चाहिए, जैसा कि गुजरात सरकार कर रही है:—

1. खर्च के नियत माध्यमों के अधीन विश्वविद्यालय द्वारा किया गया वार्षिक खर्च।
2. विकास सम्बन्धी योजनाओं और बाद के प्रशासकीय तथा अध्यापकीय अतिरिक्त अमले को ध्यान में रखते हुए परिकल्पित खर्च में बढ़ोतरी।
3. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग आयोजना सहायता बन्द हो जाने पर ऐसा खर्च जिसकी जिम्मेदारी हो जाती है।
4. कैम्पस विकास और/अथवा वास्तविक सुविधाओं पर ऐसा खर्च जो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की योजनाओं के अधीन नहीं आता है।
5. वेतन-मानों अथवा महंगाई भत्ता अथवा अन्य भत्तों अथवा सुविधाओं अथवा लाभों के पुनरीक्षण के कारण बढ़ोतरी।
6. अमले की सामान्य वार्षिक तरक्की के खर्च को उठाने के लिए, स्वतः 6 प्रतिशत बढ़ोतरी।

(ख) संकल्प राज्यों सरकारों को भेज दिया गया है।

(ग) तीन उल्लेखनीय सिफारिशें, इस प्रकार हैं—

(i) विभिन्न राज्यों में विश्वविद्यालयों के आयोजनेतर अनुरक्षण खर्च को समुचित रूप से ध्यान में रखने की सिफारिश करते हुए, बोर्ड ने अपनी स्थायी समिति द्वारा वित आयोग को भेजे गए ज्ञापन का अनुमोदन कर दिया है और राज्य सरकारों द्वारा अपने-अपने विश्वविद्यालयों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त फंड उनके सुपुर्द करने की सिफारिश की है।

(ii) बोर्ड ने, परिवार नियोजन के दर्शन और कार्यक्रम का कारगर ढंग से प्रचार करने के लिए, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा नियुक्त समिति द्वारा तैयार किये गए उपायों को कार्यान्वित करने की सिफारिश की है।

(iii) बोर्ड ने, वित्त मंत्रालय के विचाराधीन राष्ट्रीय सेवा योजना का समर्थन करने का निर्णय किया है।

संघ राज्य क्षेत्रों में राजस्व तथा प्रशासनिक व्यय

2176. **श्री हेमराज** : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या संघ राज्य क्षेत्रों के राजस्व और आय में वृद्धि करने और प्रशासनिक व्यय को कम करने के लिये क्या केन्द्रीय सरकार ने कोई पथ-प्रदर्शक सिद्धान्त निश्चित किये हैं ;

(ख) यदि हां, तो इसके विवरण क्या हैं ; और

(ग) प्रत्येक संघ राज्य क्षेत्र में उन कार्यवाहियों के क्या परिणाम निकले हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल): (क) से (ग) : संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनिक व्यय को कम करने अथवा राजस्व और आय में वृद्धि करने के लिये केन्द्रीय सरकार ने कोई विशिष्ट पथप्रदर्शक सिद्धांत निश्चित नहीं किये है। फिर भी, यात्रा-भत्ता के लिये प्रावधान में कमी, वेतनमानों के बढ़ाने पर रोक, यथासम्भव रिक्त पदों को न भरना, इत्यादि जैसे व्यय में मितव्ययता करने के लिए केन्द्रीय सरकार के सामान्य अनुदेश संघ राज्य क्षेत्रों पर भी लागू होते हैं। जहां कहीं सम्भव हो, कर्मचारियों पर व्यय में मितव्ययता करने तथा कर्मचारियों की आवश्यकताओं का मूल्यांकन करने के लिए यथासम्भव कार्य-अध्ययन भी किये जाते हैं। कुछ संघ राज्य क्षेत्रों ने कर-संरचना को बढ़ाने के लिये पुनरीक्षण और नये कर लगा कर भी अतिरिक्त साधन जुटाने के लिए कदम उठाए हैं। प्रत्येक संघ राज्य क्षेत्र में इन कार्यवाहियों के ठीक ठीक परिणाम निश्चित करना सम्भव नहीं है।

संघ राज्य क्षेत्रों के लिये संसद सदस्यों की सलाहकार समितियां

2177. **श्री हेमराज** : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि संघ राज्य-क्षेत्र के लिये केन्द्र में सलाहकार समितियां बनाई जाती थी जिनमें सम्बन्धित संघ राज्य क्षेत्रों के संसद सदस्य सम्मिलित होते थे और वे लाभप्रद कार्य करती थी ; और

(ख) यदि हां, तो उन्हें समाप्त करने के क्या कारण है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल): (क) राज्य पुनर्गठन आयोग की उन सिफारिशों के अनुसरण में कि संघ राज्य क्षेत्र अपनी आवश्यकताओं के लिए उपयुक्त परामर्शदात्री निकाय बना सकते हैं, दिल्ली, मनीपुर, त्रिपुरा तथा हिमाचल प्रदेश के संघ राज्य क्षेत्रों के लिए गृह मंत्री की परामर्शदात्री समितियां (न कि सलाहकार समितियां) बनाई गई थीं। समितियों में, दूसरों के साथ-साथ, विशिष्ट संघ राज्य क्षेत्र से संसद सदस्यों द्वारा

प्रतिनिधित्व किया गया था और सम्बन्धित राज्य-क्षेत्र के नीति सम्बन्धी प्रश्नों, विधायी प्रस्तावों तथा वार्षिक वित्तीय विवरणों पर विचार-विमर्श किया गया।

(ख) संघ राज्य क्षेत्र अधिनियम, 1963 के उपबन्धों के लागू हो जाने से जिनमें हिमाचल प्रदेश, मनीपुर और त्रिपुरा के संघ राज्य क्षेत्रों में विधान सभाओं और मंत्रि-परिषदों के लिए व्यवस्था है, इन तीनों राज्य-क्षेत्रों के लिए परामर्शदात्री समितियां समाप्त कर दी गई थीं। एक महानगर परिषद तथा कार्यकारी पार्षदों की स्थापना के लिए व्यवस्था करने वाले दिल्ली प्रशासन अधिनियम, 1966 के उपबन्धों के 6-9-1966 से लागू होने से दिल्ली के लिए परामर्शदात्री समिति भी समाप्त कर दी गई थी। चण्डीगढ़ अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह और लक्कादीव, मिनिकोय तथा अमिनदीवी द्वीपसमूह के लिए परामर्शदात्री समितियां अभी विद्यमान हैं।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के चुनाव प्रत्याशी श्री बख्शीश अली की हत्या

2178. श्री सत्य नारायण सिंह :
श्री वेदव्रत बरुआ :
श्री के० एम० अब्राहम :
श्री सी० के० चक्रपाणि :
श्री पी० राममूर्ति :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर प्रदेश में श्याम डेरुआ निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव के लिये श्री बख्शीश अली नामक एक उम्मीदवार की हत्या कर दी गई थी ;

(ख) क्या सरकार ने इस मामले की जांच पड़ताल की है ; और

(ग) यदि हां, तो जांच के क्या परिणाम निकले हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) राज्य सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार श्री बख्शीश अली की जिसने गोरखपुर जिले के श्याम डेरुआ निर्वाचन क्षेत्र से राज्य विधान सभा के चुनाव के लिये 7 जनवरी, 1969 को निर्वाचन पत्र दायर किये थे, 8 जनवरी की सांय को हत्या कर दी गई जबकि वह श्याम डेरुआ गांव से बारहेरा गांव को जा रहा था।

(ख और (ग): मामले की जांच पड़ताल राज्य के गुप्तचर विभाग द्वारा की जा रही है।

अनुसूचित जातियों के उम्मीदवारों को अनुभाग अधिकारी के रूप में पदोन्नतियां

2179. श्री सूरजभान : क्या गृह कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1963 में हुई विभिन्न विभागीय परीक्षाओं के आधार पर कितने अनुसूचित जाति के तथा कितने अन्य उम्मीदवार अनुभाग अधिकारी के रूप में पदोन्नत किये गये थे और किस आधार पर अनुसूचित जाति के लिये आरक्षित पदों पर अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों की पदोन्नति की गई थी ;

(ख) क्या अनुसूचित जाति के वे उम्मीदवार, जो 1963 में परीक्षा के लिये बैठे थे तथा पास हुए थे, इस योग्य थे कि उनको 1959 तथा 1960 में हुई परीक्षाओं के द्वारा भरे जाने वाले रिक्त पदों में से आरक्षित रिक्त पदों पर "कैरी फारवर्ड" नियम के अन्तर्गत पदोन्नत किया जाये ;

(ग) यदि हां, तो क्या 4 दिसम्बर, 1963 के सरकारी आदेशों के अनुसार कुल रिक्त पदों के 45 प्रतिशत पदों पर उन सबको "कैरी फारवर्ड" नियम के अन्तर्गत पदों समेत सभी आरक्षित पदों पर पदोन्नत किया गया है ; और

(घ) क्या उनको 1959 तथा 1960 में हुई परीक्षाओं के आधार पर बनाई गई गैर अनुसूचित जाति । अनुसूचित आदिमजाति के उम्मीदवारों की सूची के द्वारा भरे गए पदों में, आरक्षित पदों पर पदोन्नत किया गया था और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल): (क) से (घ): कोई अनुभाग अधिकारी श्रेणी सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा, 1963 में नहीं हुई थी। अगस्त, 1963 में होने वाली परीक्षा वास्तव में फरवरी, 1964 में हुई थी। इस परीक्षा द्वारा भरी गई अनुभाग अधिकारियों की रिक्तियों की संख्या 16 थी जिसमें से 4 अनुसूचित जातियों द्वारा तथा 12 अन्य के द्वारा भरी गई थी।

अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिम जातियों के लिये आरक्षण का सामान्य प्रतिशत प्रतियोगी परीक्षा द्वारा भरी गई रिक्तियों की संख्या का क्रमशः 12½ तथा 5 है। सामान्य आरक्षण तथा आगे ले जाया गया आरक्षण की संख्या परीक्षा द्वारा भरी गई रिक्तियों का 45 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिये। इन सामान्य सिद्धांतों के अनुसार आरक्षित रिक्तियां जिन पर अनुसूचित जातियों के उम्मीदवार पदोन्नत किये गये थे नीचे बतायी गयी हैं :–

श्रेणी	सामान्य आरक्षण	कैरी फारवर्ड के कारण योग		शुद्ध आरक्षण
		वास्तविक 'कैरी फारवर्ड"	अनुपातिक अंश	
1	2	3	4	5
अनुसूचित जाति	2(16 का 12½ प्र०श० दर से)	6	*2	4(2+2)
अनुसूचित आदिम जाति	1(16 का 5 प्र०श० की दर से)	5	*2	3(1+2)

*3 (2+1) का सामान्य आरक्षण तथा कुल देय आरक्षण अर्थात् 7 (16 का 45 प्र० श०) के अन्तर का अनुपातिक विवरण कैरी फारवर्ड के संदर्भ में क्रमशः 6 तथा 5 किया गया।

संघ लोक सेवा आयोग ने परीक्षा से 4 अनुसूचित जाति के उम्मीदवार दिये। अनुसूचित आदिम जाति का कोई उम्मीदवार उपलब्ध नहीं था।

जहां तक 1959 तथा 1960 के सहायक अधीक्षकों (पुनः नामोदिष्ट अनुभाग अधिकारी) की परीक्षाओं का संबंध है 121 रिक्तियों में 36 अनुसूचित जाति के उम्मीदवार लिये गये। चूंकि इन दो परीक्षाओं की प्रतियोगी प्रकृति को पर्याप्त रूप से स्पष्ट नहीं किया गया था यह निर्णय किया गया कि इन दो परीक्षाओं के उन छोड़े गये (लेफ्ट ओवर) उम्मीदवार जिन्होंने 55 प्रतिशत या उस से अधिक अंक प्राप्त किये थे 5 वर्ष की अवधि के पदोन्नत कर दिये जायं। अतः ऐसे छोड़े गये उम्मीदवारों के लिये कोई आरक्षण करने का प्रश्न ही नहीं उठता।

Theft of Idols of Khajuraho Temples of Madhya Pradesh

2180. **Shri Yashwant Singh Kushwah :**
Shri Srinivas Misra :
Shri K. Lakkappa :
Shri S. M. Krishna :
Shri Yajna Datt Sharma :
Shri Surendranath Dwivedi :

Will the Minister of **Education and Youth Services** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that some idols from Khajuraho Temples were found in a Hotel of New Delhi during the second week of January, 1969 and the Police made some arrests of the employees of the hotel ; and

(b) if so, the broad details thereof and the action taken in the matter ?

The Deputy Minister in the Ministry of Education and Youth Services (Shrimati Jahanara Jaipal Singh): (a) and (b) : It is not a fact that some idols from Khajuraho temples were found in a Hotel of New Delhi during 2nd week of January, 1969. However, on 17th January, 1969 Chhatarpur Police arrested the Manager of the Y. M. C. A, Tourist Hotel at New Delhi who was wanted in a theft case of Police Station, Rajnagar, District Chhatarpur in M. P. in which a statue of a Goddes worth Rupees 1000/-was stolen. He was produced before Additional District Magistrate, South New Delhi and released on bail with direction to appear in Court of Additional District Magistrate, Chhatarpur on 2 th January, 1969. The Manager, Government of India Tourist Bungalow, Khajuraho was also arrested in this connection on 25th January, 1969. The stolen statue was recovered from his possession. The accused are being prosecuted.

National Discipline Scheme

2181. **Shri Bhola Nath Master** : Will the Minister of **Education and Youth Services** be pleased to state :

(a) the amount spent on the National Discipline Scheme started by Gen. Bhonsle till its implementation was discontinued and the reasons for discontinuing the Scheme ;

(b) the outlines of the scheme formulated by his Ministry as a substitute for that scheme ; and

(c) the purpose for which the staff and the building meant for training under the scheme at Sariska Centre in Alwar District of Rajasthan would be utilised ?

The Minister of Education and Youth Services (Dr. V. K. R. V. Rao) : (a) and (b) : Following the recommendation made by the Kunzru Committee that there should be only one integrated programme of Physical Education at the school stage, woven into the fabric of the educational tsystem and that it should replace the several separate programme which were then in operation, viz. Physical Education, National Discipline Scheme (NDS) and

the Auxiliary Cadet Corps (ACC), the Government of India discontinued the National Discipline Scheme.

The main features of the integrated programme of Physical Education, which has been in operation since 1965-66 are :-

1. Exercise Tables.
2. Drills & Marching
3. Lezium
4. Gymnastics/Folk Dances
5. Major Games ; Minor Games and Relays
6. Track and Field Events ; Tests and Hiking.
7. Combatives
8. National Ideals and Good Citizenship; Practical Projects and Community Singing.

Periodwise graduated programme has been evolved to suit all stages from Class IV to Class XI separately for boys and girls. Teachers in State Schools as well as the National Discipline Scheme instructors were oriented to carry out the above programme.

The total amount spent on the National Discipline Scheme of late Gen. Bhonsle from 1958 to October 1965 is Rupees 517.25 lakhs.

(c) The Central Institute at Sariska centre was intended for providing orientation to the NDS Instructors. With the decision of the Government to decentralise the control of the NDS Instructors to the States, the Sariska Centre has been closed and the building has been taken over by the Central Reserve Police. The Instructional staff employed at the Centre has been transferred to the Regional Offices from where they were originally drawn ; the administrative staff has been transferred to the National Fitness Corps Directorate at Delhi.

Construction of Roads on Border Areas in Rajasthan

2182. **Shri Bhola Nath Master :** Will the Minister of **Shipping and Transport** be pleased to state :

(a) whether the work of constructing roads in border areas in Rajasthan has been progressing satisfactorily ;

(b) the amount of money earmarked for constructing roads during the year 1968-69 and whether the said amount has been spent in accordance with the programme fixed in this regard ; and

(c) whether his Ministry propose to allocate additional amount of money for the purpose during the year 1969-70 ?

The Deputy Minister in the Department of Parliamentary Affairs and in the Ministry of Shipping and Transport (Shri Iqbal Singh) (a) to (b): A total sum of Rs. 746 lakhs was earmarked for these roads during the current year at the request of the State Government. Subsequentl the State Government indicated that only a sum of Rs. 556.11 lakhs was expected to be spent as the original demand included works on some roads of lower priority which were not required to be taken up during current financial year. The progress of works included in the provision of Rs. 556.11 lakhs is satisfactory. The question of allocating funds during 1969-70 is under consideration.

Loss incurred by Indian Airlines

2183. **Shri Bhola Nath Master :** Will the Minister of **Tourism and Civil Aviation** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the Indian Airlines are incurring loss in spite of its income having increased by twenty-five per cent ; and

(b) if so, the steps being taken to make up the loss ?

The Minister of Tourism and Civil Aviation (Dr. Karn Singh) (a) : No, Sir. In fact, during the current year the Corporation has estimated a profit of .69 crores, which is likely to be exceeded.

(b) Does not arise.

साम्प्रदायिकता के आधार पर जिलों का बनाया जाना

2184. **श्री एस० आर० दामानी :** क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उन राज्यों के नाम क्या हैं जिन से साम्प्रदायिकता के आधार पर जिले बनाये जाने की मांग के बारे में भारत सरकार को सूचनाएं मिली हैं ;

(ख) किन किन राज्यों ने इस प्रकार की मांगें स्वीकार कर ली हैं और वहां पर पृथक जिले बनाये गये हैं अथवा बनाये जा रहे हैं ; और

(ग) इस सम्बन्ध में भारत सरकार की क्या प्रतिक्रिया है और उन्होंने राज्य सरकारों को क्या सलाह दी है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) साम्प्रदायिकता के आधार पर जिलों के बनाये जाने के बारे में किसी राज्य सरकार । संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन से कोई मांग नहीं की गई है ।

(ख) और (ग) : प्रश्न नहीं उठता ।

भव्य होटल

2185. **श्री एस० आर० दामानी :** क्या **पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पर्यटन को बढ़ावा देने के एक उपाय के रूप में सरकार नये भव्य होटलों का निर्माण करने जा रही है ;

(ख) यदि हां, तो कितने, कहां कहां तथा अनुमानित व्यय क्या है ;

(ग) क्या वर्तमान होटलों के संचालन के अनुभव से इस उद्योग में और विस्तार करना युक्तिसंगत है; और

(घ) क्या इस कार्य को आरम्भ करने के लिये गैर-सरकारी फर्मों को आमन्त्रित किया गया है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मंत्री (डा० कर्ण सिंह) : (क) जी, हां ।

(ख) भारत पर्यटन विकास निगम की, जो कि एक सरकारी क्षेत्र के अंतर्गत उद्यम है, देश में अनेक पर्यटन केन्द्रों पर होटल बनाने की योजनाएं हैं । बंगलौर की होटल प्रायोजना के सिवाय जहां कि निर्माण-कार्य प्रारम्भ हो चुका है, अन्य प्रायोजनाओं के स्थानों के विषय में अन्तिम निर्णय अभी उचित मार्केट सम्बन्धी सर्वेक्षण कर लेने के बाद किया जाना है ।

(ग) जी, हां । निजी क्षेत्र के अन्तर्गत होटल व्यवसाय बहुत तेजी से दक्षता हासिल कर रहा है तथा होटलों के एक पर्यटन परिपोषक एवं वाणिज्यिक उद्यम के रूप में विस्तार का औचित्य स्थापित करना है ।

(घ) जी, हां । इसके अलावा उन्हें नाना प्रकार के प्रोत्साहन और सहायता भी प्रस्तुत की गयी हैं ।

मैसूर के भूतपूर्व मुख्य मंत्री के विरुद्ध आरोप

2186. **श्री क० लक्कप्पा :**
श्री सुरेन्द्र नाथ द्विवेदी :
श्री श्रीनिवास मिश्र :
श्री अटल बिहारी वाजपेयी :
श्री स्वतंत्र सिंह कोठारी :
श्री राम गोपाल शालवाले :
श्री जगन्नाथ राव जोशी :
श्री सूरज भान :
श्री बृजभूषण लाल :
श्री ए० श्रीधरन :
श्री एस० एम० कृष्ण :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को कोई ऐसा पत्र मिला है जिसमें मैसूर के भूतपूर्व मंत्री के विरुद्ध कुछ आरोप लगाये गये हैं ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने उस पर कोई कार्यवाही की है ; और

(ग) यदि कोई कार्यवाही नहीं की गई है तो इसके क्या कारण हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) (क) : जी हां, श्रीमान् ।

(ख) और (ग) : 22-2-1965 को स्वर्गीय प्रधान मंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री द्वारा संसद में दिये गये एक वक्तव्य की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है । इस विषय में यह सरकार का अन्तिम निर्णय बतलाता है ।

कंडाजा मन्दिर मैसूर

2187. **श्री क० लक्कप्पा :**
श्री सुरेन्द्र नाथ द्विवेदी :
श्री श्रीनिवास मिश्र :
श्री एस० एम० कृष्ण :
श्री ए० श्रीधरन :

क्या पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार का विचार मैसूर राज्य के तुमकुर जिले में स्थित कैलाडा मन्दिर को भारत के पर्यटक मानचित्र में सम्मिलित करने का है ; और

(ख) यदि हां, तो उस का ब्यौरा क्या है और यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं ?

पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मंत्री (डा० कर्ण सिंह): (क) और (ख) : जी नहीं, नितान्त सीमित साधनों के कारण ।

पुराना किला दिल्ली

2188. श्री वे० कु० दास चौधरी : क्या पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पुराना किला दिल्ली को रात्रि के समय घूमने के लिये सैर गाह बनाने का कोई प्रस्ताव है ;

(ख) यदि हां, तो क्या इस योजना की रूप रेखा तैयार करने के लिये कोई समिति नियुक्त की गई है ; और

(ग) इस पर कुल कितनी धनराशि खर्च होने की सम्भावना है ?

पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मंत्री (डा० कर्ण सिंह): (क) और (ग) : "दिल्ली प्रायोजना" के अंतर्गत पुराने किले से संबधित निम्नलिखित स्कीमों को आरंभ किया जा रहा है :–

1. परकोटों (रैम्पार्ट्स) का पुंज प्रकाशन (फ्लडलाइटिंग),
2. खुला थिएटर (ओपन एयर थिएटर),
3. रेस्टौरेन्ट,
4. पुराने किले में तथा उसके आस-पास प्राकृतिक-दृष्यों का निर्माण ।

चालू वित्तीय वर्ष के दौरान पुराने किले का पुंज प्रकाशन 1,17,000/– रूपये की अनुमानित लागत से पूरा किया गया। अन्य स्कीमों के ब्यौरे अभी तैयार किये जाने है ।

(ख) सम्पूर्ण प्रायोजना का ब्यौरा तैयार करने के लिये एक दिल्ली प्रयोजना समिति का गठन किया गया है जिसमें दिल्ली प्रशासन, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण और पर्यटन विभाग के प्रतिनिधि है ।

महाजन आयोग का प्रतिवेदन

2189. श्री ए० श्रीधरन : **श्री दी० चं० शर्मा :**
श्री श्रीनिवास मिश्र : **श्री वेणी शंकर शर्मा :**
श्री क० लक्कप्पा : **श्री रणजीत सिंह :**
श्री जे० एच० पटेल : **श्री हरदयाल देवगुण :**

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि ;

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने महाराष्ट्र–मैसूर सीमा विवाद के सम्बन्ध में महाजन आयोग के प्रतिवेदन पर कोई निर्णय नहीं किया है ;

(ग) यदि हां, तो विलम्ब के क्या कारण हैं ; और

(ग) क्या सरकार को इस सम्बन्ध में दोनों राज्यों में आन्दोलन करने के लिये बनाई जा रही योजनाओं की जानकारी है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल): (क) से (ग) : इस मामले के विवाद बहुत नाजुक और टेढ़े हैं पर उन्हें शीघ्रातिशीघ्र हल करने के प्रयत्न किये जा रहे हैं। इस बीच सरकार आशा करती है कि ऐसे विषय में दोनों राज्यों के व्यक्ति अधिक से अधिक नियन्त्रण प्रयोग करने की आवश्यकता को समझेंगे, जिसमें अच्छे पड़ोसियों के संबंध जैसे मामले शामिल हैं तथा किसी आन्दोलनात्मक रवैये को स्थान नहीं देंगे ।

Direct Tourist Transport Service Between Delhi and Khajuraho

2190. Shri Nathu Ram Ahirwar : Will the Minister of Tourism and Civil Aviation be pleased to state :

(a) whether it is a fact that foreign and Indian tourists have to face great difficulties, as there is no direct transport service between Delhi and Khajuraho ,

(b) if so, whether Government would consider the question of running the buses of Tourist Department between Delhi and Khajuraho ; and

(c) if so, the time by which the said buses would start running and if not, the reasons therefor ?

The Minister of Tourism and Civil Aviation (Dr. Karan Singh) : (a) Indian Airlines are operating a daily service to Khajuraho from Delhi. There is also a connecting bus service to Khajuraho from Jhansi for passengers travelling by rail,

(b) and (c): India Tourism Development Corporation Ltd,, in collaboration with the Madhya Pradesh State Road Transport Corporation, have examined the possibility of operating a coach service between Delhi and Khajuraho, However, due to problems a ising out of Inter-State movement of tourist vehicles and other operational problems, no final decision has yet been taken about the running of this service.

महर्षि महेश योगी द्वारा प्रेस को दिया गया वक्तव्य

2191. श्री इन्द्रजीत गुप्त : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उन का ध्यान 18 जनवरी, 1969 को नागपुर में महर्षि महेश योगी द्वारा प्रेस को दिये गये इस वक्तव्य की ओर दिलाया गया है कि यदि उन के आश्रम में विदेशी गुप्तचर सक्रिय है तो "यह अच्छी बात है" क्योंकि इस से विदेशी लोग "हमारे देश" को अच्छी प्रकार से समझ सकेंगे ;

(ख) यदि हां, तो इस वक्तव्य के बारे में उन की क्या प्रतिक्रिया है ; और

(ग) क्या इस सम्बन्ध में कोई जांच की गई है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (**श्री विद्याचरण शुक्ल**) (क) : महाराष्ट्र सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार महर्षि महेश योगी ने ऐसा कोई वक्तव्य नहीं दिया है ।

(ख) और (ग): प्रश्न नहीं उठता ।

मूल्यांकन समिति का प्रतिवेदन

2192. श्री लोबो प्रभु : क्या नौवहन तथा परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उन के मंत्रालय ने मूल्यांकन समिति के उस प्रतिवेदन पर क्या कार्यवाही की है, जिसमें लिखा है कि 6 करोड़ से अधिक रूपयों की लागत पर स्थापित की गई 10,000 मील की देहाती संचार व्यवस्था पूरी न होने के कारण तथा मरम्मत न होने के कारण तथा बीच बीच में सड़क न बनी होने के कारण, जिससे अनेक सड़कें बेकार हो गई हैं, छोड़ी जा रही हैं, और

(ख) चूंकि देहाती संचार व्यवस्था केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रयोजित की गई है अतः पहले लगाई जा चुकी पूंजी की हानि और संचार व्यवस्था के नाश को रोकने के लिये क्या व्यवस्था करने का विचार है, जो केन्द्रीय सरकार की सड़क योजना के अनुसार न्यूनतम है ?

संसद कार्य, विभाग तथा नौवहन तथापरिवहन मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री इकबाल सिंह): (क) और(ख): अनुमानतः माननीय सदस्य का तात्पर्य मैसूर सरकार द्वारा स्थापित मूल्यांकन समिति से है जिसने अन्य बातों के अलावा राज्य सरकार द्वारा हाथ में ली गयी ग्रामीण सड़कों के कार्यक्रम की समीक्षा की, भारत सरकार को समिति का प्रतिवेदन नहीं मिला है और उसका संबंध इससे अथवा इसके द्वारा पुनर्विलोकित कार्यक्रम से नहीं है । राज्य सरकार से ज्ञात हुआ है कि समिति ने अपने प्रतिवेदन में ग्रामीण सचार के अध्याय 6 के अंतर्गत सिफारिश की है कि राज्य सरकार को अपना ध्यान 14000 मील लंबी 6 करोड़ रूपये की लागत पर पहले ही बनी हुई ग्रामीण सड़कों पर केन्द्रित करना चाहिए । राज्य सरकार ने बताया है कि तदनुसार यह उपलब्ध साधनों की हद तक इन सड़कों की देखभाल कर रही है और इन सड़कों के लिए उसने निम्नलिखित अनुदान दिये हैं :–

	रू० लाखों में
1964–65	5.00
1965–66	10.00
1966–67	20.00
1967–68	20.00
1968–69	20.00

जयन्ती शिपिंग कम्पनी

2193. श्री लोबो प्रभु : क्या नौवहन तथा परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि डा० धर्म तेजा के पास जयन्ती शिपिंग कम्पनी के 2.75 करोड़ रूपये के शेयर थे, जब कि अन्य अंशधारियों के पास शेष 25 लाख रूपये के मूल्य के शेयर थे ;

(ख) क्या यह भी सच है कि 10 में से 8 बड़े मालवाहक जहाजों की लागत की अदायगी के कारण इन शेयरों के मूल्य में वृद्धि हो गई है और यदि हां, तो अवक्षयरण को घटाने पश्चात् कम्पनियों की आस्तियां का वर्तमान मूल्य क्या है,

(ग) डा० तेजा की ओर ऐसी कितनी राशि बकाया है, जो उस ने गलत ढंग से निकाली थी, और जयन्ती शिपिंग कम्पनी में उस के आस्तियों को जब्त करके उससे वह राशि वसूल क्यों नहीं की गई ; और

(घ) यदि जयन्ती शिपिंग कम्पनी अब सम्पन्न है और अन्य नौवहन निगमों के मुकाबले में वह समुचित प्रतियोगिता कर सकती है, तो सरकार द्वारा उसे स्वयं काम करने की अनुमति न दी जाने के क्या कारण हैं ?

संसद कार्य तथा नौवहन तथा परिवहन मंत्री (श्री रघुरामैया) : (क) जयन्ती शिपिंग कम्पनी की कुल प्रषित और प्रदत्त पूंजी 28812800 रूपये है। इस में से 21247200 रूपये कीमत के शेयर डा० तेजा के नाम पर हैं। 7082500 रूपये के शेयर श्री कुलूकुनडिस के नाम पर हैं जो कि एक विदेशी हैं और शेष 483100 रूपयें के शेयर 14 अन्य शेयर होल्डरों के नाम पर हैं जो सब भारतीय हैं।

(ख) कम्पनी के खुला माल वाहकों की संख्या 11 है 10 नहीं। इन 11 वाहकों में से किसी का भी मूल्य अब तक पूरी तरह नहीं चुकाया गया है परंतु पुर्नभुगतान के कार्यक्रम के आधार पर बराबर मूल्य किस्तों में चुकाई जा रही है। तथापि मूल्य किस्तों के पुर्नभुगतान और कम्पनी के शेयरों के मूल्यों के बीच कारणात्मक सम्बन्ध नहीं है। तारीख 31-3-1968 को कम्पनी के सब जहाजों की लिखित कीमत 357840566 रूपये थी।

(ग) कम्पनी के नये प्रबन्धकों ने भारत में तथा विदेशों में डा० तेजा से वसूल की जाने वाली रकम के सम्बन्ध में कई दीवानी मुकदमें दायर किये हैं और उन्होंने दो डिक्रियां क्रमश: एक 15.66 लाख रूपये की देहली हाई कोर्ट से और दूसरी 82.92 लाख रूपये की बम्बई हाई कोर्ट से प्राप्त कर ली है।

डा० तेजा के नाम पर जो शेयर हैं वे बम्बई हाई कोर्ट द्वारा अटैच किये गये हैं फिर भी डा० तेजा से वसूल की जाने वाली कुल धनराशि तभी जानी जा सकेगी जब कुल दीवानी मुकदमें जो पहले ही दायर कर दिये गये हैं तथा कुछ दीवानी दावे जो अभी कुछ जांच पड़ताल करने के बाद दायर किये जाने हैं, के फैसले दिये जाएगे।

(घ) जून 1966 में भारत सरकार द्वारा इस कम्पनी का प्रबन्ध पांच वर्ष की अवधि के लिए अपने अधिकार में ले लिया गया यद्यपि नये प्रबन्ध के अधीन कम्पनी की आर्थिक स्थिति में आंशिक सुधार हुआ है फिर भी कम्पनी की आर्थिक स्थिति के सुधारने में अभी कुछ और वर्ष लगेंगे।

कम्पनी अपने अलग की इकाई में काम कर रही है जो कि भारत के दूसरी शिपिंग कार्पोरेशन के प्रबन्ध में है और दूसरी शिपिंग कम्पनियों से प्रतियोगिता करने में उतनी ही अच्छी स्थिति में है जितना कोई अन्य भारतीय जहाजी कम्पनी ।

दिल्ली पुलिस का पुनर्गठन

2194. श्री देवकीनन्दन पाटोदिया : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उन के मंत्रालय ने दिल्ली पुलिस के पुनर्गठन के प्रश्न पर विचार करने के लिये एक अध्ययन दल नियुक्त किया था ;

(ख) क्या अध्ययन दल ने अपना प्रतिवेदन मंत्रालय को प्रस्तुत कर दिया है ; और

(ग) यदि हां, तो इस दल की सिफारिशों को क्रियान्वित करने के लिये क्या कार्यवाही की गई है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) जी नहीं, श्रीमान् ।

(ख) और (ग) : प्रश्न नहीं उठता ।

वैज्ञानिक विभागों में सोपानात्मक व्यवस्था

2195. श्री देवकीनन्दन पाटोदिया : क्या शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि प्रधान मंत्री ने यह कहा बताया जाता है कि वैज्ञानिक विभागों में प्रचलित सोपानात्मक व्यवस्था का कनिष्ठ वैज्ञानिकों पर विपरीत प्रभाव पड़ता है ;

(ख) क्या विज्ञान कांग्रेस के अध्यक्ष ने भी इस तथ्य की पुष्टि की है जिन्होंने बम्बई अधिवेशन में यह कहा बताया जाता है कि वैज्ञानिक विभागों में कार्य करने वाले कनिष्ठ वैज्ञानिकों के मार्ग में अवश्य बाधाएं हैं और उन्हें अवसर प्रदान करना मुख्य रूप से वरिष्ठ वैज्ञानिकों पर निर्भर करता है और यह बात प्रत्येक व्यक्ति के बारे में भिन्न-भिन्न है,

(ग) क्या अवसरों की कमी के कारण युवक वैज्ञानिक देश से बाहर रोजगार ढूंढने के लिए बाध्य होते हैं, और

(घ) यदि हां, तो वैज्ञानिक संस्थाओं को पुनर्गठित करने के लिये सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है, जिससे कि मूल योजनाएं बनाने और उन्हें क्रियान्वित करने में स्वयं स्फूर्ति से काम करने में युवक वैज्ञानिकों को अपना हिस्सा मिल सके ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री (डा० वी० के० आर० वी राव) : (क) जनवरी, 1969 में भारतीय विज्ञान कांग्रेस के 56 वें अधिवेशन में भाषण करते हुए प्रधान मंत्री ने कहा था कि "वैज्ञानिक तथा अनुसंधान तथा डिजाइन संगठनों पर सोपानात्मक ढांचे के विपरीत प्रभाव के बारे में बहुत कुछ कहा जा चुका है किन्तु यह व्यवस्था फिर भी जीवित है" उन्होंने

वरिष्ठ वैज्ञानिकों को एक ऐसे भरोसे का वातावरण उत्पन्न करने का आह्वान किया था, जिसमें युवक वैज्ञानिक अनुसंधान तथा विकास में कारगर ढंग से योगदान कर सकें।

(ख) कांग्रेस के अध्यक्ष के मुद्रित भाषण में ऐसी किसी बात का जिक्र नहीं है।

(ग) कुछ युवक वैज्ञानिक और इंजीनियर, विभिन्न कारणों से विदेशों में रोजगार तलाश करते हैं, जिनमें देश में पर्याप्त सुविधाओं का अभाव भी शामिल है।

(घ) युवक वैज्ञानिकों को प्रोत्साहित करने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं; उत्कृष्ट अनुसंधान कार्य के लिए योग्यता उन्नति तथा अग्रिम वेतन-वृद्धि देना, अनुसंधान के लिए अधिछात्रवृत्तियां तथा छात्रवृत्तियां प्रदान करना, निबन्धों के प्रकाशन, परिसंवादों और सेमिनारों में भाग लेने, पेटेंट आवेदन पत्रों को भरने तथा अध्ययन के लिए विदेश जाने के लिए अध्ययन-अवकाश स्वीकृत करने की उदार नीतियां। विश्वविद्यालयों में स्थापित प्रोन्नत केन्द्रों में काम करने के लिए युवक वैज्ञानिकों को विशेष प्रोत्साहन भी दिया जाता है। विश्वविद्यालयों तथा वैज्ञानिक संस्थानों में अनुसंधान कार्य करने वाले वैज्ञानिकों को सीधे ही तदर्थ अनुदान स्वीकृत करने का प्रस्ताव भी विचाराधीन है।

Development of Patna Airport

2197. Shri Ramavatar Shastri : Will the Minister of **Tourism and Civil Aviation** be pleased to state :

(a) whether Government have prepared any scheme for the development of the Patna Airport ;

(b) if so, the details thereof ;

(c) whether it is a fact that a proposal to shift the Hindustan Vehicles Company (Cycle Factory) Phulwari Sharif elsewhere is under Government's consideration in order to carry out such development ; and

(d) if so, where and how much time it would take to do so ?

The Minister of Tourism and Civil Aviation (Dr. Karan Singh) : (a) and (b) : The runway at Patna Aerodrome was extended to 6500 ft. and strengthened to LCN 30 in 1966 at a cost of Rs. 50.8 lakhs and is suitable for Viscount operations. There is no proposal to develop the Aerodrome further except for additions and alterations to the present terminal building to cope with the increased air traffic.

(c) and (d) : As the factory constitutes an obstruction restricting operational area, its removal is under examination. For the present, obstruction lights have been installed on the factory.

गैर-सरकारी जेटियां

2198. **श्री वीरेन्द्र कुमार शाह :** क्या नौहवन तथा परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में कई गैर-सरकारी जेटियां है ;

(ख) यदि हां, तो उक्त ढंग से जेटियों के रखने की अनुमति देने के आधार क्या है ; और

(ग) भारत में ऐसी गैर-सरकारी जैटियों की राज्यवार संख्या कितनी है और इनका कितनी अवधि से संचालन किया जा रहा है ?

संसद कार्य विभाग तथा नौवहन तथा परिवहन मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री इकबाल सिंह : (क) से (ग) : सूचना एकत्रित की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

Republic day Awards to Government servants

2199. **Shri Raghuvir Singh Shastri :**
Shri Yajna Datt Sharma :

Will the Minister of Home Affairs be pleased to state :

(a) whether the Committee appointed to select persons for giving awards on the occasion of the Republic day, had recommended two years ago that the Government employees should not be given such awards before their retirement ;

(b) whether it is a fact that some Government employees have been awarded these titles this year ;

(c) if so, the names of the persons and the names of the State/Union Territories to which they belong ; and

(d) the reasons therefor ?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla) : **(a) No, Sir.**

(b) and (c) ; Yes, Sir. A statement giving the requisite particulars is laid on the Table of the House. **[Placed in Library. See No. LT 253/69]**

(d) The awards were given for distinguished service in various fields.

Increase of taxes by Delhi Municipal Corporation

2200. Shri Raghuvir Singh Shastri : Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that his Ministry is putting pressure on the Delhi Municipal Corporation to implement the recommendations of the Morarka Commission in regard to increasing taxes failing which the Corporation would be dissolved ; and

(b) if so, the reasons and justification therefor ?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla) : (a) and (b) : The objective report of the Morarka Commission is being examined by all concerned in all its implications. There is no question of the Government putting any pressure on the Delhi Municipal Corporation.

शैक्षिक संस्थाओं का कार्य

2201. श्री रवि राय : क्या शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि योजना आयोग उनके मंत्रालय के इस सुझाव से सहमत हो गया है कि चौथी पंचवर्षीय योजना में विस्तार कार्यक्रमों का अनुमोदन करने का मानदण्ड शैक्षिक संस्थाओं द्वारा किया गया कार्य होना चाहिये न कि उन द्वारा किया गया खर्च, और

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री (डा० वी० के० आर० वी० राव०): (क) शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्रालय ने इस विषय पर कोई विशिष्ट प्रस्ताव नहीं दिया था । किन्तु, कार्यान्वयन की कुशलता में सुधार करने के लिए, आम कार्यक्रम के रूप में यह निर्णय किया गया है कि चौथी पंचवर्षीय आयोजना में कार्य के अनुसार बजट तैयार करने की पद्धति लागू की जाए

(ख) इस पद्धति का उद्देश्य उस पर हुए खर्च के अतिरिक्त उसके उद्देश्यों के अनुपात में प्रत्येक कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्य का पता लगाना है । स्वाभाविक है कि प्रत्येक योजना के कार्य के मूल्यांकन के ब्यौरे भिन्न होंगे । उदाहरण स्वरूप प्राथमिक स्तर पर विस्तार कार्यक्रमों के लिए, विभिन्न कक्षाओं में भर्ती से कार्य का पता चलेगा । भवनों के संबंध में कार्य का पता स्थान के प्रभावशाली ढंग से उपयोग, प्रति क्यूबिक फुट निर्माण की लागत, अथवा निर्माण में लगे समय से चल सकेगा । विश्वविद्यालय स्तर पर प्रादेशिक भाषाओं में पुस्तकों के निर्माण कार्यक्रम में, प्रगति का मूल्यांकन, पुस्तकों की संख्या, शामिल किए गए विषय और उनकी कोटि आदि के आधार पर किया जाएगा ।

Different pay scales in survey of India

2202. Shri Ram Avtar Sharma : Will the Minister of Education and youth services be pleased to state :

(a) whether it is a fact that different pay-scales are fixed for the civil and military officers in the Survey of India, though there is no difference between the nature of their duties ;

(b) if so, the reasons therefore ; and

(c) the steps taken to remove the increasing resentment among the civilian officers as a result thereof ?

The Minister of State in the Ministry of Education and youth services (Shri Bhakt Darshan): (a) and (b) : No Sir. The same scales of pay have been prescribed for civilian and military officers appointed in the Survey of India. In order, however, to enable military officers to volunteer for service in the Survey of India without any great immediate loss of emoluments, a suitable personal pay is granted to them in addition to their pay in the prescribed scale. This personal pay is determined in each case on the basis of the average of emoluments of two officers above and two officers below the officer in military seniority volunteering for service in the Survey of India.

(c) Does not arise.

Replacement of civilian officers, by Army officers in the Survey of India

2203. Shri Ram Avtar Sharma : Will the Minister of Education and Youth Services be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the U. P. S. C. appointed civilian officers are being replaced by Army officers in the Survey of India ; and

(b) if so, the reasons therefor ?

The Minister of State in the Ministry of Education and Youth Services (Shri Bhakt Darshan): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

Looting and Cheating of Foreign Tourists in the Capital

2204. Shri Ram Avtar Sharma : Will the Minister of Home Affairs be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the incidents of looting and cheating tourists and of theft of their belongings are on an increase in the country and particularly in the Capital ;

(b) whether it is also a fact that such incidents would discourage foreign tourists from visiting our country in the next tourist season and thus there will be loss of foreign exchange ; and

(c) if so, the action being taken to check such incidents ?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla) : (a) to (c) : In Delhi 38 cases of cheating/ theft of foreign tourists were reported during the year 1968 as against 20 cases in 1967. The local police have been alerted to exercise greater vigilance at places which are generally visited by the foreigners. Patrolling in these areas has also been intensified to ensure that foreign tourists are not discouraged as such incidents if allowed to go unchecked could have an adverse effect on the promotion of tourism in India.

The information from the State Governments Union Territories is being ascertained and will be laid on the Table of the Sabha on receipt.

राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना

2205. श्री अदिचन : **श्री भारत सिंह चौहान :**
श्री ओंकार सिंह : **श्री विद्याधर बाजपेयी :**
श्री हुकम चन्द कछवाय :

क्या शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना के अतिरिक्त छात्रवृत्ति देने के लिए एक राष्ट्रीय छात्रवृत्ति नामक दूसरी योजना भी है ,

(ख) यदि हां, तो दूसरी योजना के अन्तर्गत छात्रवृत्ति पाने की पात्रता की शर्तें क्या हैं तथा उसका ब्यौरा क्या हैं,

(ग) 1966–67, 1967-68, तथा 1968-69 वर्षों में अलग-अलग राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत निधियों का कितना-कितना आवंटन तथा वितरण किया गया है;

(घ) क्या विद्यार्थियों को सभी योजनाओं के आवेदनपत्र दिए गए हैं जिससे किसी भी योजना के अन्तर्गत छात्रवृत्ति दिए जाने के लिए आवेदन दे सकें, और

(ङ) यदि नहीं, तो उनको विभिन्न आवेदनपत्र न दिए जाने के क्या कारण है ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भक्त दर्शन) : (क) 1961-62 से पहले, "उत्तर-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना" के अन्तर्गत मैट्रिकोत्तर अध्ययन के लिए छात्रवृत्तियां दी गयी थी। 1961-62 में, इस योजना को राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना में बदल दिया गया था।

(ख) उपलब्ध छात्रवृत्तियों की कुल संख्या जनसंख्या के आधार पर विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में आबंटित कर दी जाती है। उसी राज्य के भीतर, इन छात्रवृत्तियों को पूर्ववर्ती वर्ष की उनकी परीक्षाओं की मेरी के आधार पर स्कूल लीविंग स्तर तथा प्रथम उपाधि-स्तर पर विभिन्न जांच-निकायों में आगे वितरित किया जाता है। शर्त यह है कि ऐसी प्रत्येक परीक्षा के लिए कम से कम एक छात्रवृत्ति दी जाती है, चाहे यह सानुपातिक आधार पर उसके लिए हकदार न हो। उपर्युक्त किसी परीक्षाओं में से कुल योग में कम से कम 60 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवार राष्ट्रीय छात्रवृत्तियों के लिए हकदार हैं, बशर्ते कि वे निर्धारित साधन-परीक्षण की जरूरतों को पूरा करते हैं। छात्रवृतियां योग्यता के आधार पर ही राज्य सरकारों द्वारा दी जाती हैं।

(ग) 1966-67 में योजना पर खर्च की गयी राशि 82,70,800 रू० और 1967-68 में 1,17,84,000 रुपए थी और 1968-69 में 2,37,64,000 रुपए की बजट व्यवस्था की गयी है।

(घ) और (ङ) : मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना आगे नहीं चली है। जहां तक राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना और प्रत्येक जांच निकाय का सम्बन्ध है अर्थात् विश्वविद्यालय या बोर्ड उनकी परीक्षाओं में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को उपलब्ध छात्रवृत्तियों की अधिक से अधिक संख्या के लिए परामर्श देता है। छात्रों को विशेष ब्यौरे प्रकाश में लाने के लिए एक प्रपत्र, एक आय शपथ पत्र का प्रफोर्मा तथा छात्रवृत्ति के नियमों के संगत उद्धरणों से सम्बन्धित सूचना परिपत्र अधिकारी द्वारा उपलब्ध छात्रवृत्तियों से दुगनी संख्या के योग्यताप्राप्त छात्रों को (योग्यता क्रम के आधार पर) प्रेषित किए जाते हैं। आमदनी निर्धारित सीमा से अधिक नहीं होनी चाहिए, अन्यथा छात्रवृति योग्यता क्रम में आए हुए कम आय वाले अगले व्यक्ति को दे दी जाती है।

मनीपुर के लिये सलाहकार बोर्ड

2206. **श्री एम० मेघचन्द्र** : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मनीपुर के लिए बने तत्कालीन सलाहकार बोर्ड ने तत्कालीन गृह मंत्री की अध्यक्षता में 19 दिसम्बर, 1958 को एक संकल्प पास किया था कि खोंगजोंग (मनीपुर) में उस स्थान पर एक स्मारक बनाया जाये, जहां वर्ष 1891 में मनीपुर की स्वतंत्रता के लिए अंग्रेजो के साथ अन्तिम युद्ध लड़ा गया था ;

(ख) यदि हां, तो उस संकल्प की मुख्य बातें क्या है ;

(ग) उस संकल्प को क्रियान्वित करने के लिए अब तक क्या कार्यवाही की गई है ;

(घ) क्या सरकार ने खोंगजोंग युद्ध स्मारक को राष्ट्रीय स्मारक घोषित किया है ; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) से (ङ) : 18-12-1958 को हुई मनीपुर के लिये सलाहकार समिति की बैठक में मामले पर विचार-विमर्श किया गया था। इस पर सहमति थी कि कुछ भूमि खोंगजोंग के समीप पाई जा सकती है और एक पार्क का निर्माण किया जाय। मुख्य आयुक्त द्वारा बाद में समिति के साथ स्मारक के प्रकार के बारे में निर्णय किया जाना था। मनीपुर सरकार से मामले पर शीघ्र कार्यवाही करने का अनुरोध किया जा रहा है।

मनीपुर के डी० एम० कालेज में स्नातकोत्तर कक्षाएं

2207. **श्री एम० मेघचन्द्र** : क्या शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मनीपुर के सरकारी डी० एम० कालेज में सभी कला विषयों में स्नातकोत्तर कक्षाएं आरम्भ कर दी गई है,

(ख) यदि नहीं तो कितने विषयों में ये कक्षाएं आरम्भ की गई हैं,

(ग) क्या ये कक्षाएं एक अध्यापक द्वारा चलाई जाती हैं अथवा अधिक अध्यापकों द्वारा और कितने विषय ऐसे हैं जिन्हें केवल ऐक-एक अध्यापक ही पढ़ाता है, और

(घ) यदि वहां एक विषय के लिए केवल एक अध्यापक है, तो छात्रों और विषय दोनों के हित के लिए अधिक अध्यापक नियुक्त न किये जाने के क्या कारण हैं ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भक्त दर्शन) : (क) जी, अभी तक नहीं।

(ख) तीन विषय, अर्थात् अर्थशास्त्र, इतिहास और गणित।

(ग) अर्थशास्त्र और इतिहास में एक एक अध्यापक और गणित में चार अध्यापक।

(घ) अधिक अध्यापकों की भर्ती के लिए मनीपुर प्रशासन ने पहले ही आवश्यक उपाय किए हैं, जो निम्नांकित है।

(i) इतिहास में उत्तर स्नातक कक्षाओं के लिए दो और अध्यापकों की नियुक्तियों की पेशकश की गई थी, एक अध्यापक ने पेशकश को स्वीकार कर लिया है और शीघ्र ही उसके काम पर आने की सम्भावना है, जबकि दूसरा अध्यापक नौकरी पर नहीं आया है। अर्थशास्त्र के लिए, संघ लोक सेवा आयोग ने एक प्रवर प्राध्यापक का पद विज्ञापित किया है।

आयोग ने अवर प्राध्यापक के रूप में नियुक्ति के लिए एक उम्मीदवार की सिफारिश की है और उसने नियुक्ति को स्वीकार कर लिया है।

(ii) पदों के भरे जाने तक, अंशकालिक प्राध्यापक नियुक्त करने के प्रश्न पर भी मणिपुर प्रशासन विचार कर रहा है।

मनीपुर के गैर-सरकारी कालेजों को अनुदान

2208. **श्री एम० मेघचन्द्र :** क्या शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मनीपुर सरकार ने मनीपुर के अनेक गैर-सरकारी कालेजों को अनुदान नहीं दिया, जिसके परिणामस्वरुप वहां के अध्यापकों को कई महीनों से वेतन नहीं दिया गया,

(ख) यदि हां, तो अनुदान देने में विलम्ब के क्या कारण हैं ?

(ग) कितने गैर-सरकारी कालेज इस वित्तीय संकट से प्रभावित हुए हैं, और

(घ) क्या सरकार का विचार इस संकट को दूर करने के लिए सहायता देने का है ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भक्त दर्शन) : (क) जी हां।

(ख) मनीपुर प्रशासन के अनुसार, सम्बन्धित कालेज, सहायक-अनुदान के नियमों के अन्तर्गत निर्धारित शर्तों को पूरा नहीं करते हैं।

(ग) 8 कालेज।

(घ) मामले पर सक्रिय रूप से विचार किया जा रहा है।

पुष्पक विमान

2209. **श्री वीरेन्द्र कुमार शाह :** क्या पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारत में विभिन्न उड्डयन क्लबों के पुष्पक प्रशिक्षण विमानों की उड़ानें मध्य जनवरी से बन्द कर दी गई हैं ;

(ख) क्या उक्त कार्यवाही असैनिक उड्डयन महानिदेशक के कहने पर की गई है ;

(ग) क्या कुछ विमानों में अधिक चलने से पैदा होने वाली खराबी फैटीग क्रैक के कारण ऐसे निदेश जारी करने पड़े हैं ;

(घ) क्या हिन्दुस्तान एरोनाटिक्स लिमिटेड के, जिसने उक्त विमान बनाये हैं, काम में दोष होने के कारण उक्त त्रुटियों की सम्भावना होने के बारे में पता लगाया गया है ; और

(ङ) क्या यह सुनिश्चित करने के लिये कि उक्त मार्थ द्वारा बनाये गये अन्य प्रकार के विमानों में, जैसे कि 'एवरो 748' जिनका अब इंडियन एयर लाइन्स प्रयोग कर रहा है, ऐसे दोष न हों, कोई पूर्वोपाय किये गये हैं ?

पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मंत्री (डा० कर्ण सिंह) : (क) और (ख) : जी हां। नागर विमानन के महानिदेशक द्वारा समस्त परिचालकों को अनुदेश जारी कर दिये गये थे कि पुष्पक विमान को तब तक उड़ान नहीं की जायेगी जब तक कि इसके निर्माताओं अर्थात् हिन्दुस्तान एयरोनौटिक्स लिमिटेड, बंगलौर प्रभाग द्वारा ईजाद की गयी स्कीम के अनुसार 'विंग रेयर स्ट्रट्स अटैचमेण्ट लग' का सुधार नहीं कर दिया जाता। इसके परिणामस्वरूप पुष्पक विमान के परिचालकों ने उक्त सुधार के किये जाने तक विमान को स्वयं भूमिस्थ कर दिया।

(ग) : जी हां।

(घ) : यह खराबी श्रान्ति के कारण हुई, कारीगरी में किसी त्रुटि के कारण नहीं।

(ङ) : उपर्युक्त (घ) में दिये गये उत्तर को दृष्टि में रखते हुए प्रश्न ही नहीं उठता। अवरो 748 विमान (जिसे अब एच० एस०-748 कहा जाता है) का निर्माण हिन्दुस्तान एयरोनौटिक्स लिमिटेड, कानपुर प्रभाग द्वारा यू० के० में पेरेण्ट फर्म द्वारा दी गयी विशिष्टियों एवं ड्राइंगों के अनुसार किया जाता है। हिन्दुस्तान एयरोनौटिक्स लिमिटेड और परिचालक द्वारा, श्रान्ति-जांच के लिए निरीक्षणों सहित निर्माण करते समय तथा परिचालन के समय आवश्यक निरीक्षण निर्धारित आवश्यकताओं के अनुसार किये जाते है।

तकनीकी डिप्लोमा पाठयक्रमों में परिवर्तन

2210. **श्री बाल्मीकि चौधरी :**
श्री बे० कु० दास चौधरी :
श्री क० प्र० सिंह देव :

क्या शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या व्यावहारिक जनशक्ति अनुसंधान संस्था ने अपने हाल के प्रतिवेदन में इस आशय की सिफारिश की है कि तकनीकी डिप्लोमा पाठयक्रम की विद्यमान प्रणाली में और इंजीनियरों तथा तकनीशनों के वर्तमान अनुपात में आमूल परिवर्तन किया जाये;

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में इस संस्था ने क्या निश्चित सिफारिश की हैं ; और

(ग) इस पर सरकार का निर्णय क्या है ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री (डा० वी० के० आर० वी० राव) : (क) और (ख): व्यावहारिक जनशक्ति अनुसंधान संस्थान ने सिफारिश की है कि वर्तमान पोलिटेक्निक डिप्लोमा पाठयक्रमों को मध्य स्तर के तकनीशनों के लिये उद्योग की आवश्यकता के अनुसार पुनर्गठित करना चाहिये। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिये संस्थान ने सुझाव दिया है कि उद्योग तकनीशनों के विचार विनिमय से विशेषताओं का ठीक-ठीक समूह बनाना चाहिये विशेषताओं के प्रत्येक समूह के लिये अपेक्षित प्रशिक्षण की किस्म और स्तर निश्चित किया जाना चाहिये और सैंडविच पाठयक्रमों का आयोजन उद्योग से सहयोग से करना चाहिये।

संस्थान ने इंजीनियरों और तकनीशनों का कोई नया अनुपात निर्धारित नहीं किया है, किन्तु यह सुझाव दिया है कि इस प्रकार के अनुपात को समय-समय पर सावधानी पूर्वक निकाला जाना चाहिये जो देश के औद्योगिक विकास तथा प्रशिक्षित जन-शक्ति के अधिकतम उपयोग पर निर्भर होना चाहिये।

(ग) केन्द्रीय सरकार और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् ने इन सिफारिशों को आमतौर पर स्वीकार कर लिया है और यह निर्णय किया है कि पोलिटेक्निक डिप्लोमा पाठयक्रमों का विविधीकरण कर देना चाहिये और उद्योग द्वारा अपेक्षित विशिष्ठ प्रकार के तकनीशनों से कार्यात्मक सम्बन्ध स्थापित होना चाहिये। राज्यों की चौथी आयोजनाओं में पोलिटेक्निक शिक्षा में इन सुधारों को लागू करने की व्यवस्था कर दी गई है। राज्य सरकारों से उद्योग के विचार विनिमय से ऐसी योजना बनाने का अनुरोध किया गया है। जिस पर कार्य करना है।

सरकारी कर्मचारियों की अनिवार्य सेवा-निवृत्ति

2211. श्री लोबो प्रभु : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकारी कर्मचारियों को 50 वर्ष की आयु पर अनिवार्यतः सेवा से निवृत्त करने के लिये जांच समितियां नियुक्त करने के लिए मैसूर सरकार की प्रस्तावित कार्यवाही में मैसूर राज्य संवर्ग में काम करने वाले अखिल भारतीय सेवाओं से सम्बद्ध अधिकारी भी आयेंगे ;

(ख) किसी अधिकारी की योग्यता का निर्णय करते समय उससे सम्बद्ध गोपनीय रिकार्डों को कितना महत्व दिया जाये, इस सम्बन्ध में क्या आदेश दिये गये हैं ;

(ग) उत्पीड़न की आशंका को दूर करने के लिए क्या सरकार प्रतिरक्षा सेवाओं की भांति असैनिक सेवाओं में भी गोपनीय रिकार्डों में वर्गीकरण रखेगी और उसकी सूचना अधिकारियों को देगी , और

(घ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) अखिल भारतीय सेवा अधिकारियों की सेवा-निवृत्ति से सम्बन्धित मामले अखिल भारतीय सेवा (मृत्यु व सेवा-निवृत्ति लाभ) नियम, 1958 द्वारा नियमित किये जाते हैं। इन नियमों में अखिल भारतीय सेवा के अधिकारी के 50 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर अनिवार्य रूप से सेवा निवृत्ति की अभी तक व्यवस्था नहीं है। केवल इन नियमों के संशोधित होने के पश्चात् मैसूर सरकार द्वारा नियुक्त जांच समितियां मैसूर संवर्ग के किसी अखिल भारतीय सेवा अधिकारी के 50 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर अनिवार्य रूप से सेवा-निवृत्ति की सिफारिश कर सकती हैं।

(ख) यद्यपि राज्य सरकारों को कोई हिदायतें नहीं दी गई हैं, फिर भी सामान्य रूप से गोपनीय रिकार्ड के आधार पर अधिकारी की योग्यता निर्धारित की जाती है।

(ग) और (घ) : विद्यमान अनुदेशों में पहले ही यह व्यवस्था है कि एक अधिकारी के गोपनीय रिकार्ड में किये गये प्रतिकूल रिमार्क को समस्त रिपोर्ट के सार के साथ उसे सूचित किया जाय ।

भारतीय स्मारक

2212. श्री क० प्र० सिंह देव : क्या पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने संयुक्त राष्ट्र संघ की सहायता से भारत के स्मारकों को आकर्षक पर्यटक केन्द्रों का रूप देने की कोई योजना बनाई है ; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मंत्री (डा० कर्णसिंह) : (क) और (ख) : भारतीय स्मारक पहले ही पर्यटकों के लिए भव्य आकर्षण हैं । फिर भी, हम अधिकाधिक संख्या में पर्यटकों को वहां जाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहते हैं । इस उद्देश्य से "यूनेस्को" के एक सांस्कृतिक पर्यटन विशेषज्ञ की सेवायें प्राप्त की गयी हैं । वह यथा-सम्भव अधिक से अधिक संख्या में बड़े केन्द्रों की यात्रा कर रहा है तथा हमें उनका विकास करने और निश्चयात्मक रूप से उनके संरक्षण तथा परिरक्षण दोनों ही के बारे में सलाह देगा ।

अहिन्दी भाषी राज्यों का सम्मेलन

2213. श्री क० प्र० सिंह देव :
श्री हेम राज :

क्या शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कोयम्बटूर में हाल ही में हुए अहिन्दी भाषी राज्यों के सम्मेलन में भाषा समस्या के सम्बन्ध में कुछ सुझाव दिये गये थे ।

(ख) यदि हां, तो उसकी मुख्य रूप-रेखा क्या है; और

(ग) इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री (डा० वी० के० आर० वी० राव) ; (क) से (ग) : 25 और 26 जनवरी, 1969 को कोयमबतूर में हुए अहिन्दी भाषी राज्यों के सम्मेलन में पारित संकल्पों की एक प्रति सभा पटल पर रखी जाती है । [पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी० 254/69]

संसद के दोनों सदनों द्वारा स्वीकृत 18 जनवरी, 1968 के सरकारी संकल्प में सरकार की भाषा नीति स्पष्ट रूप से पहिले ही बताई जा चुकी है ।

हवाई अड्डों पर जांच पड़ताल

2214. श्री क० प्र० सिंह देव : क्या पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस बात को ध्यान में रखते हुए कि सीमा शुल्क, स्वास्थ्य तथा आप्रवास संबंधी जांच पड़ताल की प्रक्रिया धीमी और जटिल होने के कारण हवाई अड्डों पर यात्रियों का काफी समय खर्च हो जाता है, क्या उक्त प्रक्रिया को सुधारने का सरकार का विचार है ; और

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की जा रही है ?

पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मन्त्री (डा० कर्ण सिंह) : (क) और (ख) : सरकार मामले के प्रति पहले से ही जागरूक है। सरलीकरण की समस्या के दो पहलू हैं ; अर्थात (I) हवाई अड्डों पर टर्मीनल सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था, तथा (ii) सीमान्त औपचारिकताओं, जैसे सीमा शुल्क, आप्रवास एव स्वास्थ्य निर्बाधिता (हेल्थ क्लीयरेंस), से सम्बन्धित कागजी कार्यवाही का सरलीकरण।

जहां तक उपर्युक्त (i) का सम्बन्ध है, श्री जे० आर० डी० टाटा की अध्यक्षता में एक समिति ने हाल ही में मामले की जांच की है, भारत के अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों पर टर्मीनल तथा अन्य सुविधाओं के आधुनिकीकरण के बारे में सरकार के विचारार्थ महत्वपूर्ण सिफारिशें की हैं।

जहां तक (ii) का सम्बन्ध है, सरलीकरण के लिये नागर विमानन सचिव की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय अन्तर्विभागीय समिति को, जिसमें सीमा शुल्क, आप्रवास, स्वास्थ्य तथा नागर विमानन के प्रवर प्रतिनिधि भी सम्मिलित हैं, सीमान्त औपचारिकताओं से सम्बन्धित विभिन्न नीति विषयक पहलुओं की जांच करने के लिये समय समय पर बैठकें होती रही हैं ताकि इस बात का निश्चय किया जा सके कि निर्णय अधिक व्यापक आधार पर लिये जा रहे हैं तथा अविलम्ब कार्यान्वित किये जा रहे हैं।

रोजगार देने में स्थानीय व्यक्तियों को प्राथमिकता

2215. श्री वीरेन्द्र कुमार शाह :
श्री नारायण रेड्डी :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि आन्ध्र प्रदेश राज्य की स्थापना के समय कुछ विशेष नौकरियों के लिए एक विशेष स्थान के निवासियों को नौकरियां देने में प्राथमिकता देने के बारे में एक प्रकार का समझौता हुआ था ;

(ख) यदि हां, तो समझौता किन पक्षों में हुआ था ;

(ग) क्या भारत के संविधान के अधीन ये समझौते वैध हैं ;

(घ) क्या यह सच है कि आंध्र प्रदेश सरकार द्वार लोक नियोजन (निवास की आवश्यकता) अधिनियम, 1957 तथा उसके अधीन बनाये गये नियम जिनका उद्देश्य उक्त करार के उपबन्धों को क्रियान्वित करना है आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा संविधान के अनुच्छेद 16(3) के अधीन शून्य और अप्रवर्तनीय तथा शक्ति पर स्तात् घोषित कर दिया गया ;

(ङ) क्या यह भी सच है कि उक्त निर्णय के बावजूद आंध्र प्रदेश सरकार तेलंगाना क्षेत्र की कुछ नौकरियों को वहां के स्थानीय निवासियों के लिये सुरक्षित रखने की योजना पर कार्य कर रही है ; और

(च) यदि हां, तो केन्द्रीय सरकार ने उक्त राज्य को संविधान के उपबन्धों की आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा की गई व्याख्या पर स्थिर रहने के लिये क्या कार्यवाही करने पर विचार किया है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री : (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) और (ख): जी हाँ, श्रीमान । आंध्र प्रदेश राज्य बनने के समय आंध्र और तेलंगाना के नेताओं के बीच एक समझौता हुआ था । समझौते की शर्तों में से एक शर्त यह थी कि जहां तक अधीनस्थ सेवाओं में भर्ती का सम्बन्ध है तथा निवास सम्बन्धी अर्हता जो आंध्र प्रदेश राज्य के बनने से तत्काल पहले भूतपूर्व हैदराबाद राज्य में लागू थी, को जारी रखने के लिए एक प्रथक एकक के रूप में तेलंगाना के सम्बन्ध में एक अस्थायी व्यवस्था की जाय ।

(ग) उपरोक्त समझौता संविधान के अनुच्छेद 16 के अनुसार संसद द्वारा पारित एक अधिनियम द्वारा लागू किया गया ।

(घ) आंध्र प्रदेश उच्च-न्यायालय के एक अकेले न्यायाधीश ने 3-2-69 को सुनाए गये एक फैसले द्वारा लोक नियोजन (निवास सम्बन्धी अपेक्षा) अधिनियम, 1957 की धारा 3 के उपबन्धों को तथा आंध्र प्रदेश के सम्बन्ध में केन्द्रीय सरकार द्वारा बनाए गये नियमों को संविधान की शक्ति के बाहर ठहराया । अपील करने पर आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के एक खंड-पीठ ने इस आदेश को लागू किये जाने से निलम्बित कर दिया और बाद में 20 जनवरी 1969 को घोषित अपने फैसले द्वारा 3-2-69 के फैसले को रद्द कर दिया और लोक नियोजन (निवास सम्बन्धी अपेक्षा) अधिनियम, 1957 की धारा 3 को तथा उसके अधीन बनाए गये नियमों को वैध और संविधान के अनुरूप घोषित किया ।

(ङ) और (च) : प्रश्न नहीं उठता ।

पालम हवाई अड्डे पर शुल्क-मुक्त दुकानें

2216. श्री अदिचन :
श्री क० लकप्पा :
श्री यशपाल सिंह :

क्या पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पालम हवाई अड्डे पर एक ऐसी दुकान खोली गई है, जहां शराब आदि आयातित कई वस्तुएं शुल्क-मुक्त दर पर बेची जाती है ।

(ख) यदि हां, तो इस दुकान की मुख्य बातें क्या है और इसे खोलने के कारण क्या हैं ;

(ग) क्या इसी प्रकार की दुकानें अन्य अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों पर भी खोलने का विचार है ; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मंत्री (डा० कर्ण सिंह) : (क) जी, हां।

(ख) ट्रांजिट लौंज में स्थित शुल्क-मुक्त दुकान केवल देश में से होकर अथवा देश से बाहर जाने वाले ('ट्रांजिट' और 'आउटगोइंग') यात्रियों के उपयोग के लिए अभिमत है। इसमें आयातित सिगरेट, मदिराएं, सुगंध-द्रव्य, शृंगार-सामग्री, पेन, पैंसिल, तथा अन्य उपहार वस्तुएं और भारत में बनी चीजें जैसे रेशमी वस्त्र, हस्त-शिल्प का सामान, ग्रामोफोन रिकार्ड इत्यादि स्टोक किये रहते हैं। ये वस्तुएं केवल विदेशी मुद्रा के बदले ही बेची जाती है।

अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों पर शुल्क-मुक्त दुकानें एक सर्व मान्य पर्यटक सुविधा हैं क्योंकि उनके द्वारा विदेशी यात्री सामान्य व्यवहार की वस्तुएं अधिक सस्ते दामों पर खरीद सकते हैं तथा देश विदेशी मुद्रा का उपार्जन कर सकता है।

(ग) और (घ) : शुल्क-मुक्त दुकानें दमदम हवाई अड्डा, कलकता और सांताक्रूज हवाई अड्डा, बम्बई, पर पहले से कार्य कर रही है। मीनभबक्कम हवाई अड्डा, मद्रास, पर भी जल्दी हो वैसी ही शुल्क-मुक्त दुकान खोलने का प्रस्ताव है।

वैज्ञानिकों में बेरोजगारी

2217. **श्री देवकीनन्दन पाटोदिया** : क्या शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में इस समय वैज्ञानिकों में कितनी बेरोजगारी है ;

(ख) क्या यह सच है कि वास्तव में देश में प्रशिक्षित वैज्ञानिकों की कमी है, और

(ग) यदि हां, तो वैज्ञानिकों को प्रशिक्षण देने तथा इनकी कमी को दूर करने के लिये क्या कार्यवाही की गई है ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री (डा० वी० के० आर० वी० राव) : (क) 31-12-68 को रोजगार कार्यालयों में दर्ज विज्ञान में उत्तर-स्नातकों की संख्या 3236 थी, जिनमें वे व्यक्ति भी शामिल हैं, जिन्होंने बेहतर रोजगार के लिए अपने नाम दर्ज कराए हुए हैं। नियमित रोजगार की तलाश में, सुयोग्य वैज्ञानिकों की संख्या, जो अस्थायी तौर पर वैज्ञानिक पूल में रखे गए हैं, 1 फरवरी 1969 को 151 थी।

(ख) विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षित वैज्ञानिकों की कमी देश में समय-समय पर होती रहती है।

(ग) भारत और विदेशों में महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उन्नत प्रशिक्षण के लिए अनुसंधान प्रशिक्षण अधिछात्रवृत्तियां तथा छात्रवृत्तियां दी जाती हैं।

अंग्रेजी आशुलिपि के शिक्षकों के वेतनक्रम

2218. **श्री वेणी शंकर शर्मा :** क्या गृह-कार्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली में सचिवालय प्रशिक्षण स्कूल में काम करने वाले अंग्रेजी आशुलिपि के शिक्षकों के वेतन क्रम क्या हैं ;

(ख) उनका कार्य क्या है, तथा उनके काम के घंटे क्या हैं ;

(ग) शिक्षकों के रूप मे नियुक्ति के समय उनकी न्यूनतम अर्हता क्या थी ; और

(घ) प्रत्येक श्रेणी के छात्रों को अंग्रेजी आशुलिपि में जो प्रशिक्षण दिया जाता है, उनके निर्धारित पाठ्यक्रम क्या हैं ?

गृह-कार्य मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) 350-25-650 रु० ।

(ख) मन्त्रालयों तथा सम्बद्ध कार्यालयों के निम्न श्रेणी लिपिकों को अंग्रेजी आशुलिपि तथा टंकण में प्रशिक्षण देना और संघ लोक सेवा आयोग द्वारा ली गई प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर नियुक्त आशुलिपिकों को (केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा के ग्रेड-। ।) श्रुतलेख लेने के तकनीक में प्रशिक्षण देना । स्कूल के काम के घण्टे वही हैं जो भारत सरकार के सम्बद्ध कार्यालयों के लिए हैं अर्थात् पूर्वाह्न 9.30 बजे से अपराह्न 4 30 बजे तक, किन्तु आशुलिपि की कुछ कक्षाएं कार्यालय के सामान्य घण्टों के बाहर लगानी पड़ती हैं । आशुलिपि के शिक्षकों में से दो के काम के घण्टे आगे-पीछे कर दिये गये हैं, एक के पूर्वाहन 8.00 बजे से अपराहन 3 00 बजे तक और दूसरे के पूर्वाहन 11.00 बजे से अपराहन 6.00 बजे तक ।

(ग) वे केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा के ग्रेड-। अधिकारी थे । ये पद केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा के ग्रेड-। अधिकारियों के संवर्ग में सम्मिलित हैं ।

(घ) आशुलिपि पाठ्यक्रम का पाठ्य विवरण इस प्रकार है :—

(i) आशुलिपि के सिद्धान्त तथा प्रयोग

(ii) श्रुतलेख लेने का तकनीक और

(iii) टाइपलिखित कार्य का उचित प्रस्तुतीकरण ।

Class IV School Employees of Himachal Pradesh

2219. **Shri Nihal Singh :** Will the Minister of Education and Youth Services be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 2744 on the 29th November, 1568 and state :

(a) whether information regarding calss IV employees of School in Himachal Pradesh has since been collected ;

(b) if so, the details thereof ; and

(c) if not, the reasons for the delay ?

The Minister of State in the Ministry of Education and Youth Services (Shri Bhakt Darshan) : (a) to (c) : The Government of Himachal Pradesh are still collecting the information from the field offices and the same will be laid on the Table of the Sabha, when received.

Headmaster Residing in the School Building in Himachal Pradesh

2220. Shri Nihal Singh : Will the Minister of Education and Youth Services be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 2743 on the 29th November, 1968 and state :

(a) whether information regarding the Headmaster residing in the school building in Himachal Pradesh has since been collected ;

(b) if so, the details thereof ; and

(c) if not, the reasons for which the information could not be collected ?

The Minister of State in the Ministry of Education and Youth Services (Shri Bhakt Darshan) : (a) to (c) : The information could not be collected so far, as a large number of offices and Educational Institutions located in remotest parts of Himachal Pradesh remain inaccessible during rainy and winter seasons. It will be laid on the Table of the Sabha, as soon as possible.

Accidents During Carathon 1968

2222. Shri Nihal Singh : Will the Minister of Home Affairs be pleased to state :

(a) the number of Indians and foreigners killed and injured in India in London-Sydney car rally held in the month of December, 1968 ; and

(b) the expenditure incurred by the Government of India on making arrangements for the car rally ?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla) : (a) and (b) : The Government of Punjab has reported that in the London-Sydney car rally two Australians were injured in their jurisdiction. The Governments of Haryana and Maharashtra and the Delhi Administration have reported that none was killed or injured. The information from the remaining concerned State Governments is being collected and the same along with the expenditure incurred on making arrangements for the car rally will be laid on the Table of the Sabha.

Murder of Baldev Singh in Himachal Pradesh

2223. Shri Vidya Dhar Bajpai :
Shri P. C. Adichan :
Shri Bharat Singh Chauhan :
Shri Sharda Nand :
Shri J. B. Singh :
Shri Hukam Chand Kachwai :
Shri Valmiki Choudhury :

Will the Minister of Home Affairs be pleased to state :

(a) whether Government are aware of the fact that Shri Baldev Singh was murdered and his dead body was thrown in bushes in the first week of December, 1968 in Dhameta Village, District Kangra, Near Anoor Railway station, in Himachal Pradesh ;

(b) whether Government are also aware that no Police official went to the place of the incident and it was after 4-5 days when only one Police constable was sent to that place and the post mortem report was also not handed over to his heirs ;

(c) if so, the reasons for which the report was not shown to them and the action taken so far in connection with this incident ; and

(d) the particulars of the person arrested in this connection and, if no person was arrested, the reasons therefor ?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla) : (a) to (d): The information is being collected from the Government of Himachal Pradesh and the same, when received will be laid on the Table of the Sabha.

Murder of Baldev Singh in Himachal Pradesh

2224. **Shri Vidya Dhar Bajpai :**
Shri Nihal Singh :

Will the Minister of Home Affairs be Pleased to state :

(a) whether it is a fact that the Government of India have received complaints from the Members of Parliament regarding the report that Shri Baldev Singh was murdered and his body was thrown into bushes in the first week of December, 1968 in Dhameta Village, District Kangra, near Anoor Railway Station, in Himachal Pradesh ;

(b) if so, whether Government have replied to the letters of the Members of Parliament furnishing the details of the enquiry into the matter ;

(c) if the reply has not been sent and enquiry has not been conducted, the reasons therefor ; and

(d) whether Government have sent any senior officers to enquire into the incident and, if so, the designations of such officers, the number of times these officers went to the place of incident and the findings of the enquiry ?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla) : (a) Yes sir,

(b) to (d) : The Government of Himachal Pradesh has been requested to furnish facts regarding this incident.

Administrative Reforms Commission's Reports

2225. **Shri Nitiraj Singh Chaudhary :** Will the Minister of Home Affairs be pleased to state :

(a) the number of reports so far submitted by the Administrative Reforms Commission and the number that are due ;

(b) the time by which the reports which are due would be received ; and

(c) whether the originals of all the reports so far received were actually signed by the Members and if not, the names of reports which were not signed by the members and have been submitted as signed ?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla) : (a) Ten reports have so far been submitted. It is not possible to indicate how many more reports there will be as the Commission may submit as many reports as it considers necessary within the scope of the terms of reference.

(b) Government have not fixed any time limit by which the Commission should submit its reports.

(c) The originals of all the reports except the report on "Problems of redress of Citizens' Grievances" were signed by all the members of the Commission. The reports on "Problems of the redress of Citizens' Grievances" was not signed by two members who were then abroad. Their concurrence to the reports was, however, obtained by the Commission.

राष्ट्रीय राजपथ संख्या 5 और 42 को मिलाने वाली संयोजक सड़क

2226. **श्री श्रीनिवास मिश्र :** क्या नौवहन तथा परिवहन मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उड़ीसा सरकार ने राष्ट्रीय राजपथ संख्या 5 और 42 को मिलाने के लिए चौदवार के निकट संयोजक सड़क के निर्माण के लिए केन्द्रीय सरकार से सहायता मांगी है ;

(ख) यह सहायता कब मांगी गई थी ;

(ग) क्या इस सड़क का निर्माण हो चुका है ;

(घ) यदि हां, तो इस पर कुल कितनी धनराशि व्यय हुई ;

(ङ) क्या सरकार को उड़ीसा सरकार द्वारा व्यय की गई धनराशि उसे देने और उस सड़क के निर्माण कार्य को पूरा करने के बारे में विचार कर रही है ?

संसद कार्य, विभाग तथा नौवहन तथा परिवहन मन्त्रालय में उप-मन्त्री (श्री इकबाल सिंह) : (क) से (ङ) : चौदवार क्षेत्र में रा० मु० मार्ग सं० 5 और 42 को जोड़ने वाली सड़क निर्माण करने का प्रस्ताव राज्य सरकार ने जून, 1963 में रखा था और जनवरी, 1964 में इस लिंक सड़क (पुल निर्माण कार्य को छोड़कर) के निर्माण के लिए 1.87 लाख रुपये का अनुमान मंजूर किया गया था। तथापि राज्य सरकार ने अप्रैल, 1966 में इस लिंक सड़क (पुल निर्माण को छोड़कर) के लिए 39.20 लाख रु० का पुनरीक्षित अनुमान भेजा। इस अनुमान की जांच करने से ज्ञात हुआ कि सड़क और पुल के निर्माण पर इस परियोजना के व्यय के बढ़कर 78 लाख रुपये तक हो जाने की सम्भावना है। उस समय अति वित्तीय कठिनाई के कारण भारत सरकार इतना अधिक व्यय करने में असमर्थ थे और 1.87 लाख रुपये के मूल अनुमान का जुलाई, 1967 में रद्द कर दिया गया। रा० मु० मार्ग सं० 5 और 42 पहले ही नारगुंडी के पास मिले हुए हैं।

प्रशिक्षित अध्यापकों की आवश्यकता पूरी करने के लिए ब्रिटिश सहायता

2227. **श्री क० प्र० सिंह देव :** क्या शिक्षा तथा युवक सेवा मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या ब्रिटिश कौंसिल के चेयरमैन ने भारत की अपनी हाल की यात्रा के दौरान देश में प्रशिक्षित अध्यापकों की आवश्यकता पूरी करने के लिये अध्यापकों के प्रशिक्षण के लिए सुविधाओं को बढ़ाने के लिए सहायता देने की पेशकश की है ;

(ख) यदि हां, तो जिस सहायता की पेशकश की गई है उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया हैं ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मन्त्री (डा० वी० के० आर० वी० राव) : (क) तत्कालीन शिक्षा मन्त्री के साथ अपने विचार,-विमर्श के दौरान ब्रिटिश परिषद के अध्यक्ष ने बताया था कि यदि इच्छा प्रकट की गई, तो परिषद् केन्द्रीय अंग्रेजी संस्थान, हैदराबाद जैसी संस्थाओं में अंग्रेजी के अध्यापकों के प्रशिक्षण तथा पुर्नप्रशिक्षण में सहायता देने के लिए तत्पर होगी ।

(ख) आमतौर पर इस प्रकार की सहायता में शिक्षकों के लिए प्रशिक्षक और भाषा प्रयोगशाला, लिंग्वाफोन रिकार्ड आदि जैसे उपस्कर शामिल है । ब्रिटिश परिषद् के अध्यक्ष ने विशिष्ट रूप से यह नहीं बताया कि ब्रिटिश परिषद क्या देने के लिए तैयार होगी ।

(ग) सरकार, ब्रिटिश परिषद् की पेशकश का स्वागत करती है और जब जैसी जरूरत होगी उसका उपयोग करेगी ।

अलिटालिया एयरलाइन्स द्वारा होटलों की स्थापना

2228. **श्री सु० कु० तापड़िया :**
श्री हिम्मतसिंहका :

क्या पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अलिटालिया एयरलाइन्स का विचार भारत में होटलों की स्थापना करने का है ;

(ख) यदि हां, तो उक्त एयरलाइन्स द्वारा प्रस्तुत की गई होटल निर्माण योजना की मोटी रूपरेखा क्या है तथा प्रत्येक होटल में कुल कितने व्यक्तियों के ठहरने की व्यवस्था करने का प्रस्ताव है ; और

(ग) इस योजना के बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मन्त्री (डा० कर्णसिंह) : (क) सरकार को अभी तक ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं प्राप्त हुआ है ।

(ख) और (ग) : प्रश्न नहीं उठते ।

मुहम्मद फारूक का पाकिस्तान जाने का निवेदन

2230. **श्री शिवचन्द्र झा** : क्या गृह-कार्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि काश्मीर के मीर वाइज मौलवी मुहम्मद फारूक ने भूतपूर्व मीर वाइज मौलवी यूसुफ शाह के शव को उखाड़ कर लाने के लिए पाकिस्तान जाने की अनुमति केन्द्रीय सरकार से मांगी है ; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने इसकी अनुमति दे दी है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है ?

गृह-कार्य मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) जी हां, श्रीमान् ।

(ख) विषय पर, पारपत्र के लिये जब औपचारिक रूप में आवेदन-पत्र प्राप्त होगा विचार किया जायगा तथा ऐसा संकेत मिला है कि पाकिस्तान सरकार स्वर्गीय मीर वाइज़ के शव को देने के लिये तैयार है।

चतुर्थ योजना में भारतीय नौवहन का लक्ष्य

2231. **श्री शिवचन्द्र झा :** क्या नौवहन तथा परिवहन मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने चतुर्थ पंचवर्षीय योजना में भारतीय नौवहन के लक्ष्यों को अन्तिम रूप दे दिया है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

संसद कार्य, तथा नौवहन तथा परिवहन मन्त्री (श्री रघुरामैया) : (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता है।

(ग) चौथी योजना का नौपरिवहन लक्ष्य संपूर्ण चौथी पंचवर्षीय योजना का अंग है, जिसे अभी अन्तिम रूप दिया जाना है।

बनारस हिन्दू विश्व विद्यालय में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की गतिविधियां

2232. **श्री नीतिराज सिंह चौधरी :** क्या शिक्षा तथा युवक सेवा मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के विज्ञान विभाग के डीन तथा अन्य प्रोफेसर वहां पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं तथा उनका संगठन कर रहे हैं ;

(ख) क्या विद्यार्थियों का एक प्रतिनिधि मण्डल यहां पर प्रधान मन्त्री से मिला था और उनको राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रति-उप-कुलपति के रवैये तथा बनारस हिन्दू विश्व-विद्यालय में इसकी गतिविधियों के बारे में बताया था ; और

(ग) यदि हां, तो इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मन्त्री (डा० वी० के० आर० वी० राव) : (क) सरकार के पास जो सूचना उपलब्ध है, उसके अनुसार, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के कुछ अध्यापक, राष्ट्रीय स्वय सेवक संघ के सक्रिय कार्यकर्त्ता हैं।

(ख) जी नहीं।

(ग) सरकार को बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय जांच समिति की रिपोर्ट की प्रतीक्षा है।

प्राथमिक तथा माध्यमिक शिक्षा के अभिन्न अंग के रूप में विज्ञान

2233. **श्री नीतिराज सिंह चौधरी :** क्या शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सी० ए० एस० टी० ए० एस० आई० ए० (कास्टेशिया) ने निश्चित रूप से यह घोषणा की है कि विज्ञान को प्राथमिक तथा माध्यमिक शिक्षा का अभिन्न अंग बनाया जाना चाहिए ; और

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त उद्देश्य की प्राप्ति हेतु सरकार का क्या कार्यवाही करने का प्रस्ताव है ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री (डा० वी० के० आर० वी० राव) : (क) छात्रों की परिपक्व अवस्था स्तरों के उपयुक्त विषय वस्तु के अनुसार कास्टेशिया ने पहली दस श्रेणियों में प्रत्येक छात्र की सामान्य शिक्षा के अंग के रूप में विज्ञान के पढ़ाने की सिफारिश की है।

(ख) मुख्य रूप से इसकी जिम्मेदारी अन्य सरकारों की है। जहां तक केन्द्रीय सरकार का सम्बन्ध है, शिक्षा सम्बन्धी राष्ट्रीय नीति में कास्टेशिया से मिलती जुलती सिफारिशों को शामिल कर दिया गया है। केन्द्रीय सरकार राज्यों पर इस जरूरत के लिए भी जोर दे रही है कि स्कूल स्तर पर विज्ञान शिक्षा को व्यापक बनाया जाय तथा उसमें सुधार किया जाय और इसके लिए तीसरी तथा बाद की वार्षिक आयोजनाओं में वित्तीय सहायता भी दी गयी है।

National Highways

2234. **Shri Bhola Nath Master :** Will the Minister of Shipping and Transport be pleased to state :

(a) whether he is of the opinion that the National Highways in India are not in good condition, though the Government of India allocate funds for their repairs and improvement ; and

(b) the time by which national highways are likely to be connected with the roads of the villages ?

The Deputy Minister in the Department of Parliament Affairs, and in the Ministry of Shipping and Transport (Shri Iqbal Singh) : (a) No, Sir. Within the available resources the National Highways are being maintiaiend in as good a condition as it is possible to do so.

(b) Construction of roads other than national highways are the responsibility of the State Governments. The question connecting the National Highways with the roads of the villages is the concern of the State Governments.

राज्यों में अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा

2235. **श्री भोलानाथ मास्टर :** क्या शिक्षा तथा युवक सेवा मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उनके मंत्रालय की राय में राजस्थान, बिहार, मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश अगले 50 वर्षों में भी अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा के लक्ष्य पूरे नहीं कर सकेंगे ; और

(ख) यदि हां, तो इन राज्यों द्वारा संविधान अनिवार्य शिक्षा के बारे में दिये गये निदेशक सिद्धांतों को किस प्रकार क्रियान्वित किया जायेगा और अनिवार्य शिक्षा के लक्ष्यों को प्राप्त करने में उक्त राज्यों की शिथिलता के क्या कारण हैं ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री भक्त दर्शन) : (क) चौथी आयोजना के लिए इन राज्यों की सरकारों से प्राप्त प्रस्तावों से पता चलता है कि प्रगति की वर्तमान दर के आधार पर, संविधान की धारा 45 के उपबन्धों के अनुसार इन राज्यों में शिक्षा की व्यवस्था करने में कई वर्ष लग सकते हैं ।

(ख) इन चार राज्यों में लक्ष्यों को प्राप्त करने में ढील का मुख्य कारण वित्तीय साधनों की कमी है ।

Murder of Baldev Singh in Himachal Pradesh

2237. **Shri P. C. Adichan :**
Shri Bharat Singh Chauhan :
Shri Sharda Nand :
Shri J. B. Singh :
Shri Hukam Chand Kachwai :
Shri Valmiki Choudhury :

Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state :

(a) whether Government have conducted inquiry into the murder of Shri Baldev Singh of Dhameta, District Kangra Himachal Pradesh, in December, 1968, who was working in a flour mill and who was having a dispute with the proprietor of the mill over salary etc., because of which the proprietor of the mill killed him and threw his dead body in bushes near an electric pole,

(b) if so, whether Government have enquired from the villagers about the fact that the same proprietor of the mill had killed a Harijan lady also, as a human sacrifice, some years ago, had got that matter hushed up in collusion with police officials and had shifted his flour mill elsewhere ;

(c) whether Government propose to hold inquiry and take action against the local police officials and the proprietor of the Mill ; and

(d) if not, the reasons therefor ?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Sukla) : (a) to (d) : The information is being collected from the Government of Himachal Pradesh and the same when received will be laid on the table of the Sabha.

ग्रामीण संस्थाएं

2238. **डा० महादेव प्रसाद** : क्या शिक्षा तथा युवक सेवा मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कितने तथा किन-किन स्थानों पर ग्रामीण संस्थाएं स्थापित की गई हैं ; और

(ख) ये संस्थाएं अपने उन उद्देश्यों को, जिनके लिये ये स्थापित की गई हैं, प्राप्त करने में किस सीमा तक सफल हुई हैं ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मन्त्री (डा० वी० के० आर० वी० राव) : (क) और (ख) : एक विवरण सभा पटल पर रखा जाता है। [पुस्तकालय में रख गया। देखिये संख्या एल० टी० 255/68]

बुनियादी शिक्षा

2239. डा० महादेव प्रसाद : क्या शिक्षा तथा युवक सेवा मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राज्य सरकारों द्वारा प्रायोजित बुनियादी शिक्षा महात्मा गांधी द्वारा सोची गई बुनियादी शिक्षा से भिन्न है ;

(ख) यदि हां, तो क्या केन्द्रीय सरकार के लिये गांधी शताब्दी वर्ष में इसमें आवश्यक सुधार करना उचित नहीं है ; और

(ग) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में यदि सरकार का कोई कार्यवाही करने का विचार है तो क्या ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री भक्त दर्शन) : (क) आत्म निर्भरता के तत्व को छोड़कर देश की बुनियादी शिक्षा की विद्यमान पद्धति में महात्मा गांधी द्वारा की गई संकल्पना से कोई विशेष भिन्नता नहीं है ।

(ख) और (ग) : इस विषय की जिम्मेदारी मुख्यतः राज्य सरकारों की है और हमारी जानकारी के अनुसार राज्य सरकारें, वित्त और जन-शक्ति के उपलब्ध साधनों के अन्तर्गत बुनियादी शिक्षा की संतोषजनक व्यवस्था करने का भरसक प्रयत्न कर रही है ।

Disturbances in Patna

2240. **Shri Mrityunjay Prasad** : Will the Minister of Home Affairs be pleased to state :

(a) whether the enquiry Commission appointed for investigation into the incidents of attacks on the residence of the then Chief Minister of Bihar, setting the Khadi Gramodyog Bhavan to fire, attacks on the State Transport Depot and firing in connection with arson cases in Patna on the 5th January, 1967, has completed its enquiry and submitted the report to the Government and, if so, the reaction of the Government thereto: and

(b) whether this report would be published along with the evidence given before the Commission and would be laid on the Table ?

The Deputy Minister in the Ministry of Home Affairs (Shri K. S. Ramaswamy) : (a) and (b) : Facts are being ascertained from the State Government.

भारत प्रतिरक्षा नियमों के अधीन विरुद्ध किये जाने पर मुआवजा

2241. श्री ज्योतिर्मय बसु : क्या गृह-कार्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आपातकाल समाप्त होने से अब तक सरकार के विरुद्ध भारत प्रतिरक्षा नियमों के अधीन निरुद्ध किये जाने के विरुद्ध मुआवजे के लिए कितने मामले दायर किये गये हैं ;

(ख) मुआवजों में कुल कितनी राशि की मांग की गयी है ; और

(ग) इस मामले में यदि सरकार कुछ कार्यवाही करने का विचार रखती है तो वह क्या है ?

गृह-कार्य मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) से (ग) : राज्य सरकार तथा संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त सूचना के अनुसार छः मामले दायर किये गये हैं-एक महाराष्ट्र सरकार के विरुद्ध, चार पश्चिम बंगाल सरकार के विरुद्ध तथा एक राजस्थान सरकार के विरुद्ध । इन छः मामलों में दावे किये गये मुआवजों की कुल राशि 8,40,500 रु० है । महाराष्ट्र और राजस्थान की राज्य सरकारों ने उनके विरुद्ध दायर किये गये मुकदमे लड़ने का निश्चय किया है । शेष दो मुकदमों पर, जिनके सम्बन्ध में समनों के समादेश-पत्र राज्य सरकार के सोलिसिटर को 13-2-1969 को तामील कर दिये गये है, पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा की गई कार्यवाही के बारे में सूचना की प्रतीक्षा है । जम्मू व कश्मीर सरकार से सूचना की प्रतीक्षा है ।

Atrocities on Harijans

2242. **Shri Onkar Lal Berwa** : Will the Minister of Home Affairs be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the President of Harijan League, Shri Amichand, has written several letters to the Prime Minister in regard to the atrocities being Committed on Harijans and requested her to make an enquiry into the matter ?

(b) whether Government have examined these cases ; and

(c) if so, the results thereof ?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla) : (a) It has not been possible to locate any such letters.

(b) and (c) : Do not arise

संयुक्त सलाहकार व्यवस्था द्वारा विचारे गये मामले

2243. **श्री बाल्मीकि चौधरी** : क्या गृह-कार्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उनके मन्त्रालय के अधीन गठित संयुक्त सलाहकार व्यवस्था में विचार के लिए अब तक कौन-कौन से संकल्प तथा मामले आये हैं और उन पर क्या निर्णय किये गये हैं ;

(ख) इनमें से प्रत्येक निर्णय पर सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है ;

(ग) क्या इन निर्णयों को क्रियान्वित करने में कोई विलम्ब हुआ है ; और

(घ) यदि हां, तो प्रत्येक मामले में विलम्ब के क्या कारण हैं ?

गृह-कार्य मन्त्रालय में उप-मन्त्री (श्री के० एम० रामास्वामी) : (क) और (ख) : संयुक्त सलाहकार व्यवस्था का राष्ट्रीय परिषद द्वारा विचार किये गये विवादों तथा उन पर लिये गये निर्णयों के सम्बन्ध में विवरण I, II तथा III सदन के समा पटल पर रखे जाते हैं । **[पुस्तकालय में रखे गये । देखिये संख्या एल० टी-256/69]**

(ग) और (घ) : राष्ट्रीय परिषद् के निर्णयों के आधार पर यथावश्यक औपचारिक आदेश/अनुदेश सम्बन्धित मन्त्रालयों से परामर्श करने के बाद तथा कुछ मामलों में संघ लोक सेवा आयोग तथा नियन्त्रक और महालेखापरीक्षक जैसे संवैधानिक निकायों से परामर्श करने के बाद जारी करने पड़ते हैं। इस प्रक्रिया में कुछ समय लगता है। फिर भी जैसा विवरण 1 से देखा जा सकता है, परिषद् के निर्णयों के कार्यान्वयन में कोई अनुचित विलम्ब नहीं हुआ है।

विश्वविद्यालयों की स्वतन्त्रता में हस्तक्षेप

2244. **श्री बाल्मीकि चौधरी :**
श्री बे० कृ० दास चौधरी :

क्या शिक्षा तथा युवक सेवा मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इस वर्ष जनवरी में बल्लभ नगर में हुए भारत तथा श्रीलंका अन्तर-विश्वविद्यालय बोर्ड के 44वें वार्षिक अधिवेशन में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग तथा केन्द्रीय और राज्य सरकारों के विश्वविद्यालय की स्वायत्तता में बढ़ते हुए हस्तक्षेप पर चिन्ता व्यक्त की गई थी तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और सम्बन्धित राज्य सरकारों से विश्वविद्यालयों की वित्तीय अनिश्चितता को दूर करने का अनुरोध भी किया गया था ;

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में व्यक्त किये गए विचारों तथा दिये गये सुझावों का ब्यौरा क्या है ; और

(ग) उनके बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री (डा० वी० के० आर० वी० राव) : (क) और (ख) : अन्तर-विश्वविद्यालय बोर्ड की बल्लभ विद्यानगर में हुई 44 वीं बैठक के समय आयोजित सेमिनार में, बोर्ड ने इन बातों पर विचार-विनिमय किया था (1) विश्वविद्यालय और उनके वित्त और (2) विश्वविद्यालय संविधान।

बोर्ड ने निम्नलिखित मसौदा संकल्प पारित किये हैं :—

(i) विश्वविद्यालय तथा वित्त :

अन्तर-विश्वविद्यालय बोर्ड की यह 44 वीं बैठक, राज्य सरकारों को यह सुझाव देती है कि विभिन्न विश्वविद्यालयों को एक-मुश्त अनुदान का निर्धारण करने के लिए, निम्नलिखित मापदण्डों को अपनाना चाहिए, जैसा कि गुजरात सरकार कर रही है–

(1) खर्च के नियत माध्यमों के अधीन विश्वविद्यालय द्वारा किया गया वार्षिक खर्च।

(2) विकास सम्बन्धी योजनाओं और बाद के प्रशासकीय तथा अध्यापकीय अतिरिक्त अमले को ध्यान में रखते हुए परिकल्पित खर्च में बढ़ोतरी।

(3) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग आयोजना सहायता बन्द होने पर ऐसा खर्च जिसकी जिम्मेदारी हो जाती है।

(4) कैम्पस विकास और/अथवा वास्तविक सुविधाओं पर ऐसा खर्च जो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की योजनाओं के अधीन नहीं आता है ।

(5) वेतन-मानों अथवा महंगाई भत्ता अथवा अन्य भत्तों अथवा सुविधाओं अथवा लाभों के पुनरीक्षण के कारण बढ़ोतरी ।

(6) अमले की सामान्य वार्षिक तरक्की के खर्च को उठाने के लिये स्वतः 6 प्रतिशत बढ़ोतरी ।

(II) **विश्वविद्यालय संविधान :**

संकल्प किया जाता है कि विश्वविद्यालयों की संरचना के पुनरीक्षण के प्रश्न की जांच करने तथा उस पर रिपोर्ट करने के लिए, अन्तर-विश्वविद्यालय-बोर्ड के अध्यक्ष द्वारा एक समिति की नियुक्ति की जानी चाहिए, ताकि इसे बदली हुई हालतों के अनुरूप बनाया जा सके और जनता की आशाओं तथा इस देश की आवश्यकताओं को पूरा करने का एक कारगर माध्यम बन सके ।

(ग) सरकार को संकल्प की जानकारी है ।

इण्डियन एयरलाइन्स कारपोरेशन का कार्य संचालन

2245. **श्री स्वरूप सिंह कोठारी :** क्या पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि इण्डियन एयरलाइन्स कारपोरेशन के कार्य संचालन में इस वर्ष सुधार हुआ है ;

(ख) यदि हां, तो वर्ष 1968-69 और 1969-70 के बजट के अनुसार आय तथा लाभ का ब्यौरा क्या है ; और

(ग) इस निगम के कार्य संचालन में और अधिक सुधार लाने के लिए क्या कार्यवाही की गई है ?

पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मंत्री (डा० कर्ण सिंह) : (क) और (ख) : जी, हां । 1967-68 में 38.11 लाख रुपये की हानि के मुकाबले में इण्डियन एयरलाइन्स ने 1968-69 में 69 20 लाख रुपये के लाभ की बजट-व्यवस्था की है जो कि, उन्हें आशा है, वस्तुतः इससे भी बढ़ जायेगा । 1968-69 के लिये कुल बजट-गत आय 3895 लाख रुपये है । 1969-70 के बजट प्राक्कलनों को अभी कारपोरेशन द्वारा अन्तिम रूप दिया जाना है ।

(ग) आंतरिक कार्य-कुशलता, तर्क संगतीकरण एवं अर्थ-व्यवस्था में सुधार करके, तथा विमान बेड़े के विस्तार एवं उपलब्धि को सुव्यवस्थित रूप से आयोजित करके ।

दिल्ली प्रशासन द्वारा धन का दुर्विनियोग

2246. **श्री शारदानन्द :**
श्री रामसिंह अयरवाल :
श्री अदिचन :

क्या शिक्षा तथा युवक सेवा मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मुख्य सेतर्कता आयुक्त, नई दिल्ली को दिल्ली प्रशासन द्वारा 1967-68 में मैट्रिक के उपरांत छात्रवृत्ति योजना के लिये नियत की गई लगभग 1,40,000 रुपये की राशि का दुर्विनियोग किये जाने के बारे में किसी संसद् सदस्य से दिसम्बर, 1968 में कोई शिकायत प्राप्त हुई थी ; और

(ख) यदि हां, तो इस बारे में मुख्य सतर्कता आयुक्त द्वारा की गई जांच के क्या परिणाम निकले हैं ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री भक्त दर्शन) : (क) : जी हां ।

(ख) केन्द्रीय सतर्कता आयोग अभी तहकीकात कर रहा है ।

लन्दन से सिडनी तक की कार दौड़ के लिये दी गई सुविधाओं पर व्यय

2247. **श्री अदिचन** : क्या पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) लन्दन से सिडनी तक की कार दौड़ के लिए दी गई सुविधाओं पर कितनी धनराशि व्यय की गई तथा कितनी विदेशी मुद्रा खर्च हुई ;

(ख) प्रतियोगियों के लिए जिन सुविधाओं का प्रबन्ध किया गया, उनका ब्यौरा क्या है तथा प्रत्येक मद पर कितना खर्च आया ;

(ग) क्या यह सच है कि भारत में यात्रा ठहरने के दौरान प्रतियोगियों का निजी सामान लूट लिया गया था और यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ; और

(घ) कार दौड़ के फलस्वरूप भारत में कितने व्यक्ति मरे तथा कितने घायल हुए और प्रत्येक दुर्घटना का ब्यौरा क्या है ?

पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मन्त्री (डा० कर्ण सिंह) : (क) केन्द्रीय सरकार द्वारा कोई व्यय नहीं किया गया ।

(ख) लन्दन–सिडनी कार दौड़ के आयोजकों को निम्न सुविधाएं प्रदान प्रदान की गयी :–

(1) हुसैनीवाला पड़ताल–चौकी और बम्बई बन्दरगाह पर शीघ्रता से सीमा शुल्क तथा आप्रवास-निकासी ;

(2) सामान्य काम के घण्टों के पश्चात् हुसैनीवाला सीमा का खोलना, स्टेट बैंक आफ इण्डिया द्वारा हुसैनीवाला पड़ताल-चौकी पर एक्सचेंज काउण्टर का खोलना और पड़ताल चौकी पर विशेष-प्रकाश प्रबन्ध ;

(3) हुसैनीवाला से बम्बई तक के मार्ग पर स्थानीय पुलिस फोर्स द्वारा यातायात व्यवस्था का समन्वय और प्राथमिक उपचार का प्रबन्ध ; और

(4) कारों की यात्रा को सुनिश्चित रूप से निर्बाध बनाने के लिये स्थल-सेना एवं स्थानीय पुलिस फोर्स द्वारा विशेष संचार व्यवस्था ।

(ग) सरकार का ध्यान कुछ समाचार पत्रों में नियन्त्रण केन्द्र, दिल्ली पर जेब कतरने की कथित घटना के सम्बन्ध में छपने वाले समाचार की ओर आकृष्ट किया गया है। लेकिन, पर्यटन विभाग को कोई विशिष्ट शिकायत प्राप्त नहीं हुई।

(घ) इस रैली के भारत से होकर यात्रा के दौरान चार दुर्घटनाएं हुईं परन्तु इनमें से कोई भी दुर्घटना घातक नहीं थी। दौड़ में भाग लेने वालों में से तीन को गम्भीर चोटें पहुँचीं। दुर्घटनाओं का विवरण इस प्रकार है :--

(1) आस्ट्रेलियन प्रतियोगी : राजपुरा में एक ट्रक के साथ दुर्घटना। दौड़ में भाग लेने वालों को मामूली चोटें आईं।

(2) फ्रेंच प्रतियोगी : कार ग्वालियर से परे लेबल क्रासिंग के खम्बे से टकराई। कार में बैठे दोनों व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गए और वे एक विशेष चार्टर विमान से दिल्ली लाये गये जिसकी व्यवस्था फ्रांसीसी दूतावास ने पर्यटन विभाग की सहायता से की थी।

(3) ब्रिटिश प्रतियोगी : आगरा शहर के बाहर लेबल क्रासिंग के सामने एक तेज मोड़ पर चलाते समय कार नियन्त्रण से बाहर हो गयी। एक प्रतियोगी को गम्भीर चोट आई और उसका स्थानीय मेडिकल कालेज अस्पताल में डाक्टरी उपचार किया गया।

(4) ब्रिटिश प्रतियोगी : कार आगरा-बम्बई सड़क पर ट्रक से टकरा गई ; सभी तीनों प्रतियोगियों को मामूली चोटें आईं।

यह शर्त कि किसी भी दुर्घटना के लिए भाग लेने वाले स्वयं उत्तरदायी होंगे, दौड़ की शर्तों में से एक थी।

इंजीनियरी के स्नातकों तथा डिप्लोमा-धारियों को बेरोजगारी भत्ता

2248. **श्री अदिचन :** क्या **शिक्षा तथा युवक सेवा** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सरकार तथा अन्य राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासन विशेषकर दिल्ली प्रशासन इंजीनियरों के स्नातकों तथा डिप्लोमाधारियों और अन्य तकनीशनों को बेरोजगारी भत्ता देने के प्रश्न पर विचार कर रहे हैं ;

(ख) यदि हां, तो प्रत्येक सरकार/प्रशासन द्वारा क्या निर्णय किया गया है ; और

(ग) प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में ऐसे बेरोजगार व्यक्तियों की वर्तमान संख्या कितनी है ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मन्त्री (डा० वी० के० आर० वी० राव) : (क) और (ख) : इंजीनियरी स्नातकों और डिप्लोमाधारियों को बेरोजगारी भत्ता देने का कोई प्रस्ताव नहीं है। व्यवहारिक प्रशिक्षण के केन्द्रीय सरकार के कार्यक्रम का विस्तार किया गया है और स्नातकों तथा डिप्लोमाधारियों के लिए वर्तमान वर्ष में लगभग 11,000 प्रशिक्षण स्थानों

की व्यवस्था की गई है । प्रशिक्षण के दौरान स्नातकों को 250 रु० प्रतिमास तथा डिप्लोमा-धारियों को 150 रु० प्रतिमास की छात्रवृति दी जाती है ।

(ख) एक विवरण सभा पटल पर रखा जाता है जिसमें 31-12-68 को प्रत्येक राज्य में रोजगार कार्यालयों के चालू रजिस्टर में दर्ज इंजीनियरी स्नातकों और डिप्लोमाधारियों की संख्या दिखाई गई है । **[पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी-257/69]**

विदेशी पर्यटक

2249. **श्री म० ला० सोंधी** : क्या **पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि इस दावे को कि 1973 तक 6,000,000 पर्यटक भारत की यात्रा करेंगे, होटल के मालिकों ने चुनौती दी है ; और

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मंत्री (डा० कर्ण सिंह) : (क) और (ख) : चौथी पंच-वर्षीय योजना की तैयारी के आधार स्वरूप 600,000 पर्यटकों का लक्ष्य निर्धारित किया गया था । लेकिन, योजना के परिव्यय में भारी कटौती होने के कारण इस लक्ष्य को भी अब बहुत अधिक कम करना पड़ेगा ।

उड़ीसा पदालि के भारतीय पुलिस सेवा के एक अधिकारी के विरुद्ध आरोप

2250. **श्री बाबू राव पटेल** : क्या गृह-कार्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि एक आयोग में उड़ीसा उच्चतम न्यायालय के एक न्यायाधीश श्री एस० के० राय ने भारतीय पुलिस सेवा के श्री एस० पी० मलिक को बस के एक सहयात्री डा० (श्रीमती) मिनाली पटनायक से रूरकेला और कटक के बीच शील भंग करने का दोषी पाया है ;

(ख) यदि हां, तो दोषी के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 354 के अधीन कार्यवाही न करने का क्या कारण है ;

(ग) केन्द्रीय सरकार ने अपराध के विरुद्ध क्या अनुशासनात्मक कार्यवाही की है ; और

(घ) यदि इस मामले में कोई कार्यवाही नहीं की गयी है तो इसके क्या कारण है ?

गृह-कार्य मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) उड़ीसा सरकार द्वारा नियुक्त जांच आयोग का निष्कर्ष है कि इस विषय में आरोप सही है ।

(ख) यह मामला अनिवार्य रूप से राज्य सरकार के विचार के लिये है ।

(ग) और (घ) : कथित घटना के समय श्री एस० पी० मलिक उड़ीसा सरकार के अधीन नियुक्त थे तथा नियमों के अनुसार केवल उड़ीसा सरकार उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक

कार्यवाही करने के लिए सक्षम है । राज्य सरकार से एक पत्र प्राप्त होने पर आवश्यक स्पष्टीकरण उन्हें दे दिया गया है ।

सभा का कार्य
BUSINESS OF THE HOUSE

अध्यक्ष महोदय : कल हमने राज्यपाल के अभिभाषण पर विचार विमर्श किया था तथा मैंने कहा था कि इस मामले पर सोमवार को बहस की जायेगी । हम इस मामले को सोमबार को सायं 4 बजे उठायेंगे । कल हमने निर्णय किया था कि सभा भविष्य में 7 बजे तक बैठेगी । इस बात पर कार्य मंत्रणा समिति में भी सहमति प्रकट की गई थी । वह मामला सोमवार को 4 बजे सायं उठाया जायेगा तथा सभा 7 बजे अथवा जब तक आवश्यक होगा, बैठेगी । अब सभा पटल पर पत्र रखे जायेंगे ।

Shri Yogendra Sharma (Begusarai) : To-day we gave a notice for an Adjournment Motion. It was regarding a very serious matter. To day the Raja of Ramgarh is being sowrn in as a Minister in Bihar.

अध्यक्ष महोदय : चाहे वह कितना ही गम्भीर मामला हो, मैं इन प्रश्नों का सभा में उत्तर देने को तैयार नहीं हूं ।

Shri Yogendra Sharma : The Calcutta High Court has given a judgement against him.

अध्यक्ष महोदय : माननीय सदस्य अब जो कुछ कहें, उसे सभा की कार्यवाही के वृतान्त में शामिल न किया जाये ।

श्री योगेन्द्र शर्मा : **

अध्यक्ष महोदय : माननीय सदस्य कृपया बैठ जायें । एक माननीय सदस्य ने मेरे कक्ष में मेरे साथ इस मामले पर विचार विमर्श किया था । मैंने उन्हें बताया था कि रामगढ़ के राजा के मामले को इस सभा में नहीं उठाया जा सकता । इस मामले पर बिहार की विधान सभा में चर्चा की जा सकती है । इस मामले को यहां उठाने की अनुमति देना एक गलत परम्परा आरम्भ करना होगा, क्योंकि यदि आज इस मामले की अनुमति दी जाती है, तो फिर बाद में मद्रास, बंगाल, पंजाब और अन्य राज्यों के मामलें उठाये जायेंगे । अतः इस मामले को उठाने की अनुमति देना संविधान के विरुद्ध हैं । माननीय सदस्य कृपया मेरी बात को समझने का प्रयत्न करें ।

**कार्यवाही वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया ।
Not recorded.

सभा-पटल पर रखे गये पत्र
PAPERS LAID ON THE TABLE

भारतीय औद्योगिक संस्थान, कानपुर का वार्षिक प्रतिवेदन

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री (डा० वी० के० आर० वी० राव) : मैं भारतीय प्रौद्योगिक संस्थान, कानपुर के 1967-68 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति सभा-पटल पर रखता हूँ। [पुस्तकालय में रखी गई। देखिये संख्या एल० टी० 223/69]

विमान (संशोधन) नियम

पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मंत्री (डा० कर्ण सिंह) : मैं विमान अधिनियम, 1934 की धारा 14-क के अधीन विमान (संशोधन) नियम, 1969 की एक प्रति, तथा एक व्याख्यात्मक टिप्पण, सभा-पटल पर रखता हूं, जो दिनांक 1 फरवरी, 1969 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० 182 में प्रकाशित हुए थे। [पुस्तकालय में रखी गई। देखिये संख्या एल० टी० 234/69]

शस्त्रास्त्र (संशोधन) नियम, पंजाब खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड (पुनर्गठन) आदेश, तथा अखिल भारतीय सेवायें अधिनियम के अधीन अधिसूचनायें

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : मैं निम्नलिखित पत्र सभा-पटल पर रखता हूं :—

(1) शस्त्रास्त्र अधिनियम, 1959 की धारा 44 की उपधारा (3) के अधीन शस्त्रास्त्र (संशोधन) नियम, 1969 की एक प्रति, जो दिनांक 15 फरवरी, 1969 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० 266 में प्रकाशित हुए थे। [पुस्तकालय में रखी गई। देखिये संख्या एल० टी० 235/69]

(2) अन्तर्राज्यीय निगम अधिनियम, 1957 की धारा 4 की उपधारा (5) के अधीन पंजाब खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड (पुनर्गठन) आदेश, 1969 की एक प्रति जो दिनांक 25 जनवरी, 1969 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या एस०ओ० 379 (अंग्रेजी संस्करण) और एस० ओ० 380 (हिन्दी संस्करण) में प्रकाशित हुआ था। [पुस्तकालय में रखी गई। देखिये संख्या एल० टी० 236/69]

(3) अखिल भारतीय सेवाएं अधिनियम, 1951 की धारा 3 की उपधारा (2) के अधीन निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति :—

(एक) भारतीय प्रशासनिक सेवा (भर्ती) संशोधन नियम, 1969 जो दिनांक 15 फरवरी, 1969 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० 257 में प्रकाशित हुए थे।

(दो) भारतीय पुलिस सेवा (भर्ती) संशोधन नियम, 1969 जो दिनांक 15 फरवरी, 1969 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० 258 में प्रकाशित हुए थे। [पुस्तकालय में रखी गई। देखिये संख्या एल० टी० 237/69]

बड़े पत्तन न्यास (बोर्ड की बैठकों में प्रक्रिया) संशोधन नियम, 1969 तथा कलकत्ता पत्तन आयुक्तों के 1966-67 के वार्षिक लेखे तथा उन पर लेखा परीक्षा प्रतिवेदन

संसद-कार्य विभाग और नौवहन तथा परिवहन मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री इकबाल सिंह) : मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं :—

